वर्ष : 30 | अंक :138
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 21 मार्च-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## लोकसभा चुनाव: पहले चरण की अधिसूचना जारी, 19 अप्रैल को होगा मतदान




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** चुनाव आयोग ने बुधवार को पहले चरण के मतदान की अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा।

नामांकन 27 मार्च तक किए जा सकेंगे, जिनकी जांच 28 मार्च को होगी। बिहार के लिए यह तारीखें 28 मार्च और 30 मार्च हैं।अधिसूचना के अनुसार इस चरण में तमिलनाडु की सभी 33, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड, असम और महाराष्ट्र की 5-5, बिहार की 4, पश्चिम बंगाल की 3, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय की सभी 2-2 और छत्तीसगढ़, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर पहले चरण में मतदान होगा।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश की 60 विधानसभा सीटों और सिक्किम की सभी 32 विधानसभा सीटों पर भी इस चरण में मतदान होगा। दोनों राज्यों की विधानसभा के नतीजे 2 जून को आयेंगे। बाकी सभी सीटों के नतीजे चार जून को आयेंगे।इस चरण में अरुणाचल पश्चिम, अरुणाचल पूर्व, काजीरंगा, सोनितपुर, लखीमपुर, डिब्रूगढ़, जोरहाट, औरंगाबाद, गया (एससी), नवादा, जमुई (एससी), बस्तर (एसटी), सीधी, शहडोल (एसटी), जबलपुर, मण्डला (एसटी), बालाघाट, छिन्दवाड़ा, रामटेक (एससी), नागपुर, भन्डारा, गोंदिया, गड़चिरोली, चिमुर (एसटी), चन्द्रपुर, आंतरिक मणिपुर, बाह्य मणिपुर (एसटी), शिलांग (एसटी), तुरा (एसटी), मिजोरम (एसटी), नगालैंड, गंगानगर (एससी), बीकानेर (एससी), चूरू, झुन्झुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर (एससी), करौली, धौलपुर (एससी), दौसा (एसटी), नागौर, सिक्किम, तिरुवल्लुर (एससी), चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई केन्द्रीय, श्रीपेरूम्बुदूर, कांचीपुरम (एससी), अराकोन्नम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, धर्मापुरी, तिरूवन्नामलाई, अरानी, विलुपुरम (एससी), कल्लाकुरिची, सलेम, नामाक्कल, इरोड, तिरूप्पुर, नीलगिरि (एससी), कोयम्बटूर, पोल्लाची, डिण्डीगुल, करूर, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलुर /, कुड्डालोर, चिदम्बरम (एससी), मइलादुथुरई, नागापट्टिनम (एससी), थन्जावुर, शिवगंगा, मदुरई, थेनी, विरुधुनगर, रामानाथपुरम, थूथुक्कुडी, टेनकासी (एससी), तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, त्रिपुरा पश्चिम, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (एससी), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, टिहरी गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा (एससी), नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, कूच बिहार (एससी), अलीपुर द्वारस (एसटी), जलपाईगुड़ी (एससी), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ऊधमपुर, लक्षद्वीप (एसटी), पुडुचेरी सीट के लिए मतदान होगा।


### उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ,(हि.स.)।** देश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव-2024 का बुधवार से प्रारंभ हो गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव की घोषणा के अंतर्गत पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।पश्चिम उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। नामांकन स्थल पर चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ लोकसभा सीटों में सात सामान्य और एक सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे के मध्य होगी। नामांकन के लिए उम्मीदवार रिटर्निंग आफीसर (आरओ-एआरओ) कार्यालय में पांच लोगों के साथ ही प्रवेश की अनुमति है। वहीं आरओ कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में तीन वाहनों को ले जाने की अनुमति होगी।पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च और 30 मार्च को नाम वापसी का है। प्रथम चरण के आठ लोकसभा क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 76.23 लाख पुरूष, 67.14 लाख महिला और 824 तृतीय जेन्डर हैं। इन सभी आठों सीटों पर कुल 7693 मतदान केन्द्र तथा 14842 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

चुनाव में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख निर्धारित की गई है।उत्तर प्रदेश के जिन जनपदों की लोकसभा सीटों पर आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई हैं उन जिलों की सीमाओं पर चेकपोस्ट और पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों को गश्त और सतर्कता बढ़ा दी है।लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पहले चरण में उत्तर प्रदेश की 8 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं। इन जनपद में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत हैं।

## आसाराम को हाई कोर्ट से झटका

### महाराष्ट्र में इलाज की इजाजत नहीं



**जोधपुर,(हि.स.)।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में जोधपुर की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को राजस्थान हाई कोर्ट से एक और झटका लगा है। उसने महाराष्ट्र के पुणे में आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने की अनुमति के लिए याचिका दायर की थी, जिसे राजस्थान हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस संबंध में महाराष्ट्र पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर आसाराम को इलाज के लिए मंजूरी नहीं देने की बात कही थी। इस पर हाई कोर्ट ने कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका जताई और यह भी कहा है कि पुणे से अच्छा इलाज आसाराम को जोधपुर के ही एम्स में मिल सकता है।दरअसल, आसाराम हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक उपचार के लिए कई याचिका लगा चुके हैं लेकिन अभी तक उन्हें कहीं से भी अंतरिम राहत नहीं मिल पाई है। जस्टिस दिनेश मेहता व जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ में आसाराम के उपचार के लिए दायर याचिका पर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान आसाराम ने पुलिस कस्टडी में माधवबाग मल्टी डिसिप्लिनरी कार्डियाक केयर क्लीनिक खोपोली महाराष्ट्र में उपचार की प्रार्थना की थी। इस पर महाराष्ट्र पुलिस व जोधपुर पुलिस कमिश्नर से सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट मांगी गई थी। महाराष्ट्र पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए महाराष्ट्र में उपचार की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। महाराष्ट्र पुलिस की रिपोर्ट को बुधवार को सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल जोशी ने कोर्ट में पेश किया। इस पर कोर्ट ने रिपोर्ट को देखते हुए आसाराम के महाराष्ट्र में उपचार करवाने की प्रार्थना को खारिज कर दिया। इस दौरान आसाराम के अधिवक्ताओं की ओर से कहा गया कि आसाराम आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार करवाना चाहते हैं।

## देश में 45 प्रतिशत से अधिक स्टार्ट-अप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं -प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है।प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आमतौर पर कारोबारी दिमाग सोचता है कि चुनाव नजदीक हैं, जब नई सरकार सत्ता में आएगी तब देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है और उसके बावजूद आपने इतना बड़ा आयोजन किया है। इसका मतलब है कि आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाऊंगा। उन्होंने कहा, मैं यहां भविष्य के उद्यमियों और यूनिकॉर्न को देख रहा हूं।प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना तंज कसा कि स्टार्टअप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ये बहुत ज्यादा होता है और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब देश 2047 के विकसित भारत के रोडमैप पर काम कर रहा है, ऐसे समय में मुझे लगता है कि इस स्टार्टअप महाकुंभ का बहुत महत्व है। बीते दशकों में हमने देखा है कि भारत ने कैसे आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में अपनी छाप छोड़ी है। अब हम भारत में इनोवेशन और स्टार्टअप कल्चर का ट्रेंड लगातार बढ़ता हुआ देख रहे हैं। भारत आज अगर ग्लोबल स्टार्ट-अप स्पेस के लिए नई उम्मीद, नई ताकत के रूप में उभर रहा है तो इसके पीछे एक सोची समझी दृष्टि आ रही है। भारत ने सही समय पर सही निर्णय लिए हैं। सही समय पर स्टार्ट-अप्स को लेकर काम शुरू हुआ।



### राष्ट्रपति ने पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकार किया, रिजिजू को अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली(हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। उनके स्थान पर कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू को उनके मौजूदा पोर्टफोलियो के अलावा, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत, केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पशुपति कुमार पारस का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

## पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय

### पूर्णिया सीट से लड़ सकते हैं लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पूर्व लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। यह लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में कांग्रेस के लिए एक बड़ा सौदा साबित हो सकता है।

संभावना है कि कांग्रेस पप्पू यादव को पूर्णिया सीट से लोकसभा चुनाव में उतार सकती है। फिलहाल उनकी पत्नी रजीत रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं। इस दौरान पवन खेड़ा ने कहा कि %जन अधिकार पार्टी% और पप्पू यादव जी किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पप्पू यादव जी एक कद्दावर नेता हैं। वे आज कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व, नीतियों और दिशा से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। वे %जन अधिकार पार्टी% का भी कांग्रेस में विलय कर रहे हैं। ये विलय साधारण नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक है।इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि मैंने बचपन से ही मोहन प्रकाश जी को संघर्ष करते देखा है और जीवन भर उनका आशीर्वाद मुझे मिलता रहा है। वह तब एक मजबूत आवाज हुआ करते थे और अब वह मेरे लिए एक विचारधारा हैं। हम हमेशा कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस दुनिया में सबसे ज्यादा संघर्ष किया है, खासकर ऐसे समय में जब डिजिटल मीडिया ने सबसे ज्यादा मेहनत पर कब्ज़ा कर लिया है, वह अत्यधिक तापमान में 4000 किमी से अधिक चलेमुझे जो सम्मान मिला है और राहुल और प्रियंका गांधी ने मुझ पर और मेरी पार्टी पर जो विश्वास जताया है, वह मुझे आगे बढ़ने के लिए काफी है। राहुल गांधी ने भारत के 130 करोड़ लोगों की चेतना को जगाया है। इससे पहले पप्पू यादव ने मंगलवार शाम को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पार्टी नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात की थी। कभी पप्पू यादव लालू यादव और उनके परिवार के बेहद करीबी थे। हालांकि, बाद में रिश्तों में बड़ी दरार देखने को मिली। जन अधिकार पार्टी के प्रमुख पप्पू यादव ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और पार्टी नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात पर कहा कि लालू यादव और मेरे बीच राजनीतिक रिश्ता नहीं है, यह पूरी तरह से भावनात्मक रिश्ता है। कल हम सब एक साथ बैठे थे। हमारी कोशिश किसी भी कीमत पर सीमांचल और मिथिलांचल में बीजेपी को रोकने की है। तेजस्वी यादव ने 17 महीने काम किया और विश्वास बनाया, राहुल गांधी ने दिल जीता और लोगों में उम्मीद जगाई।




*दिल्ली शराब घोटाला*

## कोर्ट ने पूछा-पेशी में क्या दिक्कत, केजरीवाल ने बताया गिरफ्तारी का डर; ईडी से मांगा जवाब




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जारी 9 समन के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें कोई फौरी राहत दिए बिना सुनवाई को एक महीने के लिए टाल दिया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि गुरुवार को केजरीवाल जांच एजेंसी के सामने पेश होंगे या नहीं। ईडी ने उन्हें नौवां समन भेजते हुए 21 मार्च को हाजिर होने को कहा है।आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका पर जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की बेंच के सामने सुनवाई हुई। बेंच ने केजरीवाल से पूछा कि उन्हें 9 समन जारी किए गए हैं। वह अब तक पेश क्यों नहीं हुए? पेशी में क्या दिक्कत है? अरविंद केजरीवाल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी की आशंका जाहिर करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल एजेंसी के सामने पेशी के लिए तैयार हैं बशर्ते गिरफ्तार नहीं किए जाने का भरोसा दिया जाए। कोर्ट ने इस मामले में अब ईडी से जवाब मांगते हुए मामले की सुनवाई 22 अप्रैल तक टाल दी है।

## तौकीर रजा को हाई कोर्ट से लगा झटका

### 27 मार्च से पहले सरेंडर करने का आदेश

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** मौलाना तौकीर रजा को हाई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने तौकीर रजा को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही सरेंडर के लिए 27 मार्च की तारीख भी तय कर दी है। यानी 27 मार्च से पहले तौकीर रजा को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करना होगा। हालांकि सरेंडर के बाद जमानत की अर्जी ट्रायल कोर्ट में दाखिल करने की उन्हें छूट हाई कोर्ट की तरफ से दी गई है। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को तौकीर रजा की अर्जी पर कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश भी दिए हैं। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 के दंगे का मास्टरमाइंड बताया था। उनके खिलाफ लगातार दो तारीख से गैर जमानती वारंट जारी हो रहा है। इस बार तौकीर को गिरफ्तार कर पेश करने की जिम्मेदारी कोर्ट ने सीधे एसएसपी सुशील घुले को दी थी। अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में रहने वाले मौलाना तौकीर रजा खान ने उत्तराखंड में मुस्लिमों के मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। वह सख्त लहजे में कहते नजर आए कि हमें किसी भी हरकत पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर न करें। हमने हाथों में चूड़ियां भी नहीं पहनी हैं। हम किसी भी हद तक जाएंगे। उत्तराखंड सरकार का घेराव करने देहरादून तक जाएंगे। मौलाना तौकीर रजा खान ने सरकार से मांग की थी कि हिंदूवादी संगठनों पर नकेल कसनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जैसे संगठन देश हित में काम करने का दावा करते हैं लेकिन उनकी गतिविधियां देश विरोधी हैं। सरकार को इनका इलाज करना चाहिए। उत्तराखंड सरकार की लापरवाही के कारण मकबरे और मस्जिदों को तोड़ा जा रहा है। मुसलमानों को पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। मुसलमानों को भड़काने का काम बीजेपी कर रही है। पहले बीजेपी वाले अपने मंदिरों को तोड़े और उसके बाद वह मजारों को तोड़ने की बात करें।



### प्रधानमंत्री मोदी 21-22 मार्च को भूटान के दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर जोर देने के अनुरूप है।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान के अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ भी बातचीत करेंगे।भारत और भूटान के बीच एक अनोखी और स्थायी भागीदारी है, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध, हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं।

## सांप का जहर मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को किया गिरफ्तार, जांच तेज



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** एल्विश यादव के बाद नोएडा पुलिस ने सांप के जहर मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मामले के सिलसिले में ईश्वर और विनय नाम के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है। मामले में कई और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है। नोएडा पुलिस पूछताछ के लिए कई बड़े नामों को नोटिस दे सकती है। मामले में अब तक सात को गिरफ्तार किया जा चुका है।17 मार्च को, एल्विश को पांच अन्य लोगों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और सभी पर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 120 ए (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप लगाए गए। एल्विश को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।एक रिपोर्ट के अनुसार, एल्विश ने यह भी स्वीकार किया कि वह राहुल (सपेरे) सहित सभी गिरफ्तार आरोपियों से अलग-अलग रेव पार्टियों में मिला था और उनसे परिचित था। हालांकि, उनके माता-पिता ने एक हालिया इंटरव्यू में ऐसी खबरों का खंडन किया है।एल्विश यादव पर नोएडा पुलिस ने 29 एनडीपीएस एक्ट लगाया है.

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में जज जरूरी नहीं

### सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** नरेंद्र मोदी सरकार ने बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं का विरोध किया, जिसमें चुनाव आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। इसमें आरोप लगाया गया कि असमर्थित और हानिकारक बयानों के आधार पर राजनीतिक विवाद पैदा करने की कोशिश की गई। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में दायर एक हलफनामे में, सरकार ने याचिकाकर्ताओं के इस आरोप को खारिज कर दिया कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू को शीर्ष अदालत द्वारा पारित किसी भी आदेश को रोकने के लिए 14 मार्च को %जल्दबाजी% में नियुक्त किया गया था। सरकार ने तर्क दिया कि इतने बड़े पैमाने पर आम चुनाव के कारण एक सीईसी के लिए अकेले अपने कार्यों का निर्वहन करना मानवीय रूप से संभव नहीं होगा।सरकार ने कांग्रेस नेता जया ठाकुर और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा अधिनियम के खिलाफ दायर याचिका के जवाब में दायर किया था। याचिका में कहा गया था कि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कार्यपालिका के हाथों में छोड़ना ÷लोकतंत्र के स्वास्थ्य और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन के लिए हानिकारक होगा। न्यायालय ने निर्देश दिया था कि सीईसी और चुनाव आयुक्तों के पदों पर नियुक्तियाँ प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जानी चाहिए। अपने हलफनामे में, केंद्र ने 2023 अधिनियम का बचाव करते हुए इसे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में अधिक लोकतांत्रिक, सहयोगात्मक और समावेशी अभ्यास बताया। याचिका का विरोध करते हुए सरकार ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का मामला इस %मौलिक भ्रांति% पर आधारित है कि किसी संस्थान की स्वतंत्रता तभी कायम रहती है जब चयन समिति एक विशेष फॉर्मूलेशन की हो।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से की फोन पर बातचीत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने उन्हें रूस के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और रूस के मैत्रीपूर्ण लोगों को शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार दोनों नेता आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में ठोस प्रयास करने पर सहमत हुए।उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न मुद्दों में प्रगति की भी समीक्षा की

## सरकारी दफ्तरों से हटेंगे मोदी-योगी सहित सभी नेताओं की फोटो

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** लोकसभा चुनाव के लिये चुनाव आयोग आचार संहिता का कड़ाई से पालन कर रहा है, जिन अधिकारियों के खिलाफ पक्षपात की शिकायतें आ रही हैं, उन्हें पद से हटाया जा रहा है तो पैसे के लेनदेन पर भी आयोग पूरी नजर रखे है। यहां तक की सरकारी कार्यालय भी इससे नहीं बचे हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक दलों की तैयारियों के साथ साथ चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपनी कमर कस ली है। चुनाव की तारीखों का एलान करते ही चुनाव आयोग एक्शन में आ गया है। जिसके रिजल्ट भी दिखने शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में सरकारी दफ्तरों से नेताओं की फ़ोटो हटाने के भी निर्देश दे दिए गए हैं।चुनाव आयोग ओर से सभी शासकीय कार्यालयों से सभी राजनेताओं की तस्वीर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह फैसला लोकसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आदर्श आचार संहिता के चलते लिया गया है।



हालांकि इस दौरान शासकीय कार्यालयों में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की तस्वीर लगी रह सकती है। इसके अलावा सभी नेताओं की तस्वीर सरकारी दफ्तर से हटने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव को पत्र भेज दिया है। इसके साथ ही यूपी के सभी विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा गया है।

# भाभी से झगड़ा होने पर बुआ ने दो भतीजों की कर दी हत्या

**प्रयागराज।** भाभी से झगड़ा होने पर आक्रोशित होकर महिला ने अपने भाई के दो बेटों को मौत के घाट उतार दिया। महिला मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। उसने दोनों बच्चों के सिर पर पटरे से प्रहार कर दिया। जिससे दोनों लहूलुहान हो गए। अस्पताल में दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना मेजा थानान्तर्गत हरगढ में मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। बच्चों की मौत अस्पताल में देर रात हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय पुत्र शंकर भारतीय गांव हरगढ़ थाना मेजा के हरगढ़ गांव निवासी संजय के दो बच्चों लकी (5) और अभि (3) वर्ष को मौत के घाट उतार दिया गया। भाभी से संजय की बहन पूजा (35) ने घटना को अंजाम दिया। पूजा करीब वर्ष 10 साल से मानसिक रूप से बीमार है। अपनी भाभी पार्वती से झगड़ा होने पर वह आपा खो बैठी और अपने दोनों भतीजों को पटरी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

**परिवार में मचा कोहराम**

परिजन उन्हें लेकर प्रयागराज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर इलाज के दौरान दोनों बच्चों की मौत हो गई। परिजन मृतक बच्चों को लेकर वापस घर आए। बच्चों के पिता संजय मुंबई में मजदूरी करने गया था। जानकारी पाकर वापस घर आ रहे हैं।

डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय का कहना है कि घटना के बाद से ही बुआ फरार चल रही है। वह मानसिक रूप से बीमार बताई जा रही है। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है। मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया।

## पावर ट्रांसफार्मर के कारण बाधित रहेगी आपूर्ति

लोकमित्र ब्यूरो

**फाफामऊ।** शांतिपुरम विद्युत उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफार्मर के कारण विद्युत आपूर्ति तीन घंटे बाधित रहेगी। उक्त जानकारी देते हैं अवर अभियंता अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि वृहस्पतिवार को शांतिपुरम के सभी फीडरो की आपूर्ति दोपहर बाद एक बजे से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी।

## फूलपुर संसदीय सीट

# पटेल मतदाताओं पर टिकी सभी दलों की नजर

### पल्लवी पटेल के नाम की चर्चा से सपा कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह, डॉ आरके वर्मा भी हैं दौड़ में

विद्यासागर

**इस्माइलपुर (प्रयागराज)।** फूलपुर संसदीय सीट समाजवादी पार्टी के खाते में जाने की चर्चा जोरों पर है। उस पर भी पल्लवी पटेल तथा डॉ. आरके वर्मा का नाम आ जाने से समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वहीं पर विपक्षी पार्टी के भाजपा को फूलपुर सीट का जोड़ ही नहीं मिल पा रही है जिससे पटेल बिरादरी में चर्चा का माहौल बना हुआ है।





ज्ञात हो कि अपना दल कमेरावादी पार्टी की लखनऊ में हुई बैठक में फूलपुर से पल्लवी पटेल को लड़ाने का निर्णय हुआ है। लोगों में चर्चा है कि अगर फूलपुर सांसद सीट से पल्लवी पटेल को टिकट मिलता है तो वह सबसे मजबूत प्रत्याशी होंगी। इसके साथ ही अगर डॉक्टर आरके वर्मा या दूधनाथ पटेल को टिकट सपा से टिकट मिला तो वह भी जिताऊ कैंडिडेट हो सकते हैं।

लोगों का मानना है की इन तीनों में से किसी एक के सपा प्रत्याशी बनने से लड़ाई बहुत रोचक हो जाएगी। सोरांव बाजार के आसपास गांव चाय की दुकान पर बैठे हुए ग्रामीण इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि सबसे बढ़िया कैंडिडेट समाजवादी पार्टी के अगर पल्लवी पटेल को टिकट मिलता है तो डंके के चोट पर यह सीट समाजवादी पार्टी के खाते में चली जाएगी। उधर भाजपा को इसका जोड़ मिलना बड़ा मुश्किल हो गया है। क्षेत्र के गांवों में भी इस सीट और प्रत्याशी को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। राजापुर मालवा आदि गांवों और कस्बों के लोगों में चर्चा है कि फूलपुर सीट से सबसे बेहतर प्रत्याशियों में दूधनाथ पटेल, पल्लवी पटेल या डॉक्टर आरके वर्मा हो सकते हैं। अगर इनको टिकट मिलता है तो पटेल बिरादरी, यादव बिरादरी और मुसलमान के साथ ही कुछ अन्य बिरादरियों के सहयोग से फूलपुर सीट पर सपा की स्थिति बहुत ही मजबूत हो जाएगी। कई गांव में यह चर्चा है कि सिराथू विधायक पल्लवी पटेल को अगर समाजवादी पार्टी टिकट देती है तो वह सबसे मजबूत प्रत्याशी होंगी।

उधर, भाजपा की ओर से भी फूलपुर सीट के लिए प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं हो पाई है। गांवों में किसी नाम की चर्चा भी नहीं चल रही है। मगर समाजवादी पार्टी इन तीन नामों में से देखिए किसे प्रत्याशी घोषित करती है। लोगों का कहना है कि समाजवादी पार्टी जितना जल्दी प्रत्याशी घोषित करेगी उतना ही फायदे में रहेगी। फूलपुर सीट पर यह भी चर्चा जोरों पर चल रही है कि भाजपा और सपा, दोनों ही पटेल को टिकट देना चाह रही हैं, क्योंकि पटेल बहुल क्षेत्र होने के कारण दोनों ही पार्टियों की उन पर नजर है। इसीलिए किसी भी पार्टी ने अभी तक टिकट क्लियर नहीं किया है। लगता है कि बसपा भी इन पार्टियों के प्रत्याशी देखने के बाद ही इस सीट से अपना उम्मीदवार घोषित करेगी। फूलपुर में जिससे मुकाबला ही समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच ही दिखाई दे रहा है। हर गांव हर गली में यही चर्चा है कि अभी के जो हालात हैं उससे यही लगता है कि भारतीय जनता पार्टी को हराने में समाजवादी पार्टी ही सक्षम है। अगर दूधनाथ पटेल, पल्लवी पटेल या डॉक्टर आरके वर्मा को टिकट मिलता है तो भारतीय जनता पार्टी को फूलपुर सीट को बचाने में नाकों चने चबाने पड़ेंगे।

# हुलासगंज का गुप्ता परिवार स्वास्थ्य विभाग का बना दीवाना

नवल किशोर मिश्र

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** किसी भी इंसान को काम करने की यदि लगन लग जाय तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। तभी तो होलागढ़ के हुलासगंज का एक गुप्ता परिवार इन दिनों स्वास्थ्य विभाग का दीवाना सा बन गया है। हुलासगंज के एक ही गुप्ता परिवार में बीस लोग स्वास्थ्य विभाग से जुड़े हैं।

यही नहीं दर्जनों वाह्य लोगों को काम धंधा और नौकरी पर भी लगाया है। परिवार के नाम हुलासगंज में एक पंजीकृत क्लीनिक भी संचालित है जिसका चहुओर नाम है।

बता दें कि यह गुप्ता परिवार स्वास्थ्य विभाग का सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी डाक्टर हीरा लाल गुप्ता का है।

जिनके बड़े भाई संगम लाल गुप्ता वर्तमान समय में बतौर एडीएम हैं। पांच भाई और तीन बहन के इस परिवार में बीस लोग स्वास्थ्य सेवा से जुड़कर सेवा दे रहे हैं।

इसमें स्वयं डाक्टर हीरा लाल गुप्ता गांव में ही एक क्लीनिक का संचालन करते हैं।बेटा डाक्टर अरुण कुमार गुप्ता बीड़ीएस चिकित्सा अधिकारी,बेटी डाक्टर महिमा एमबीबीएस चिकित्सा

**बीस सदस्य स्वास्थ्य सेवा से जुड़े, दर्जनों वाह्य को काम धंधा से जोड़ा**

अधिकारी,बेटा डाक्टर सुरेंद्र गुप्ता एमबीबीएस,बेटी प्रतिभा गुप्ता हेल्थ ब्यूटीशियन,प्रतिमा गुप्ता नर्स,प्यारे लाल गुप्ता फिजियोथेरेपिस्ट,राम लाली स्वास्थ्य पर्यवेक्षक,निशी स्टाफ नर्स,अंशु गुप्ता नर्स,सविता गुप्ता आशा वर्कर,सौरभ गुप्ता लैब टेक्नीशियन,गौरव फार्मसिष्ट,सौरभ की पत्नी स्टाफ नर्स ,डाक्टर संगम एमबीबीएस,डाक्टर मुस्कान शिक्षार्थी एमबीबीएस,धनंजय लैब टेक्नीशियन,अरविंद गुप्ता शिक्षार्थी एमबीबीएस,सौम्या गुप्ता स्टाफ नर्स के पद पर काम कर रही हैं।इसके साथ ही इलाके में तीन मेडिकल स्टोर भी संचालित है।बताया गया कि इस परिवार में आशा वर्कर से लेकर डिप्टी सीएमओ तक हैं।

क्षेत्र में यह गुप्ता परिवार जीवन में कुछ कर गुजरने की प्रेरणा ही नहीं देता बल्कि इंसान में यदि अंदर से ललक हो तो कामयाबी उसे अवश्य मिलती है की सीख भी देती है।

# विद्यार्थियों को 'हिंदी भाषा में रोजगार' पर केंद्रित प्रशिक्षण देगा राजभाषा अनुभाग-प्रो. शुक्ला

### राजभाषा अनुभाग,इलाहाबाद विश्वविद्यालय की तिमाही बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** कोई भी संस्थान शिक्षक, कार्मिक और विद्यार्थियों से बनता है। राजभाषा अनुभाग राजभाषा हिंदी के प्रचार- प्रसार के क्रम में अधिकारियों/कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य लगातार कर रहा है। आज हिंदी भाषा में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं किंतु इसमें मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन की आवश्यकता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय का राजभाषा अनुभाग अपने विद्यार्थियों के लिए %हिंदी भाषा में रोजगार की संभावनाएँ% विषय पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम नए सत्र से आयोजित करेगा। ये बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर नरेंद्र कुमार शुक्ला ने बतौर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के रूप में गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 23-24 की चतुर्थ तिमाही की बैठक मैं कहूं।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समन्वयक प्रोफेसर संतोष भदौरिया स्वागत वक्तव्य के साथ पिछले एक



वर्ष में राजभाषा अनुभाग द्वारा किए गए कार्यो से समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अवगत कराया तथा नैक टीम के प्रस्तावित निरीक्षण के दृष्टिगत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के बोर्ड आदि पूर्ण रूप से द्विभाषी और एकरूपता में करने के साथ राजभाषा अनुभाग के प्रयास की चर्चा की । उन्होंने राजभाषा की गृह पत्रिका 'संकल्पना' का पांचवा अंक जो 'महिला सशक्तिकरण' पर केंद्रित है, उसके स्वरूप, विषयवस्तु आदि पर विस्तार से बात की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति द्वारा किए गए प्रशासनिक एवं अकादमिक उन्नयन के कार्यो को इस अंक में सम्मिलित किया जाएगा और इलाहाबाद विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किये हैं और कर रही हैं उनकी उपलब्धियों को इस अंक में शामिल किया जाएगा।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने कहा कि हमें अपने शिक्षकों, अधिकारियों व कार्मिकों और विशेष कर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित करते रहना चाहिए।

वित्त वर्ष 23-24 की चतुर्थ तिमाही की बैठक की कार्यसूची हिंदी अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने प्रस्तुत की। जिसमे मुख्यतः कार्यशालाओं का आयोजन, कार्मिको एवं छात्र- छात्राओं हेतु राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में प्लेसमेंट कार्यालय के सहयोग से कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श कार्यक्रम का आयोजन; राजभाषा गृह पत्रिका ÷संकल्पना÷ के छठे अंक के प्रकाशन हेतु अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करना शामिल रहा। पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि के उपरान्त बिंदुवार विभिन्न मुद्दों पर उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपना-अपना परामर्श दिया।

कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अनुभाग के हिंदी अनुवादक हरिओम कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य डॉ. दीनानाथ मौर्य ने किया। इस बैठक में समिति सदस्य प्रो. शबनम हमीद, प्रो.जया कपूर, डॉ शेफाली नंदन, डॉ. रतन कुमारी वर्मा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. शक्ति शर्मा, डॉ गायत्री सिंह, डॉ विनम्र सेन सिंह, सुधाकर मिश्र, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रभात मिश्र आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## कृदय और सिद्धार्थ ने सेंट जोसेफ को जिताया



**प्रयागराज।** कृदय दुबे के शतक (103 रन नाबाद, 62 गेंद, 20 चौके और सिद्धार्थ अग्रवाल की उम्दा गेंदबाजी (2.3-0-06-4) के दम पर सेंट जोसेफ कॉलेज ने शिवपुर क्लब को 114 रन से हराकर अंडर-12 सद्भावना सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में सेंट जोसेफ कॉलेज ने 25 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन (कृदय दुबे 103 नाबाद, युग, अंकुश और रुद्र प्रताप एक-एक विकेट) बनाकर शिवपुर क्लब को 19.4 ओवर में 84 रन (सिद्धांत 16, वैभव 14, सिद्धार्थ अग्रवाल 4/06, अर्णव गुप्ता 2/04, शिवांश 2/24) पर समेट दिया। कृदय दुबे को रेलवे के क्रिकेटर प्रशांत खरे ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

# चकबंदी आयुक्त के आदेश का भी नही हो रहा है अनुपालन

### ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश, 22 मार्च को जिलाधिकारी से मिलकर करेगें न्याय की मांग




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** आज ग्राम गडौर, फुलपुर, प्रयागराज में अखिल भारतीय किसान महासभा के तत्वावधान में चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखते हुए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से ग्राम गडौर में जारी चकबंदी में चकबंदी अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से हो रहें भ्र्ष्टाचार से पीड़ित किसानों ने बैठक की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए अ भा किसान महासभा, जिला संयोजक प्रयागराज कॉम सुभाष पटेल ने कहा कि ग्राम गडौर में चकबंदी कर रहे अधिकारी कर्मचारी इस तरह भ्रष्टाचार में डूब गए हैं कि चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा पत्रांक 1224/ह्यश्ष दिनांक 8 जनवरी 2024 को दिए गए आदेश और जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा पत्रांक 409/एस टी-एलआर दिनांक 29 फरवरी 2024 दिए गए आदेश को भी नही मान रहे हैं, और असंवैधानिक तरीकों से गरीब ग्रामीण किसानों शोषण जारी किए हुए हैं।

ग्रामीण किसान कई बार एसडीएम फुलपुर सहित उच्च अधिकारियों से मिलकर अपनी पीड़ा कह चूके है, फुलपुर तहसील में अब तक अड़तालीस शिकायतें हो चुकी है लेकिन सुनवाई नही हो रही है,ग्रामीणों में बहुत गुस्सा और नाराजगी है।

ग्रामवासियों ने आज सामुहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल 22 मार्च को शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से जिलाधिकारी प्रयागराज से मिलकर न्याय की मांग करेगा।

बैठक में मुख्य रूप से प्रसिद्ध मजदूर नेता ऑल इंडिया सेंट्रल कॉउन्सिल ऑफ़ ट्रेंड यूनियंस ÷ऐक्टू÷, राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी, गडौर चकबंदी भूप्रबंध समिति अध्यक्ष व गडौर ग्राम प्रधान हुबलाल, अभयराज यादव, सोनू सरोज, रमेश यादव, मौजीलाल पटेल, फूलचंद पाल, सुभास भारती, रामअचल पटेल, राजबहादुर पाल, संतलाल यादव, भानुप्रताप, सूर्यप्रकाश पटेल, श्यामलाल, रामजीत इत्यादि लोग शामिल रहे थे।

# आदि शंकराचार्य को प्रच्छन्न बौद्ध नहीं कहना चाहिए- प्रो तिवारी

### जगत तारन महिला महाविद्यालय जगद्गुरु आदि शंकराचार्य व्याख्यानमाला का आयोजन



**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय द्वारा आज भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अनुदान से जगद्गुरु आदि शंकराचार्य व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने अतिथियों और वक्ताओं का स्वागत किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो.ओम प्रकाश पांडेय (पूर्व अध्यक्ष संस्कृत विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय) ने आचार्य शंकर के जीवन के अनेक अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला। प्रो. पांडेय ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता में आचार्य शंकर के योगदान का विस्तृत वर्णन किया। विशिष्ट वक्ता प्रो. जटाशंकर तिवारी, पूर्व अध्यक्ष दर्शन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अद्वैत वेदांत के शास्त्रीय पक्षों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शंकराचार्य को प्रच्छन्न बौद्ध नहीं कहना चाहिए, अपितु नागार्जुन को प्रच्छन्न वेदान्ती कहना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो पी के साहू, पूर्व कुलपति इलाहाबाद विश्वविद्यालय आचार्य शंकर के शिक्षा दर्शन की बात वक्ताओ के बीच साझा की। भारतीय भाषा समिति के चेयरमैन प्रो चमूकृष्ण शास्त्री तथा श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य भारती तीर्थ महास्वामी का शुभ संदेश वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। डॉ. संत प्रकाश तिवारी ने शंकराचार्य व्याख्यानमाला के स्वरूप और प्रयोजन को स्पष्ट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने की। कार्यक्रम का कुशल संयोजन और संचालन डॉ. प्रमा द्विवेदी (संस्कृत विभाग जगत तारन महिला महाविद्यालय) ने किया। अतिथियों का परिचय डॉ. प्रचेतस शास्त्री एवं डॉ. अनुराग पाण्डेय ने दिया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के आचार्य, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्रों, युवाओं की अनदेखी, भाजपा को करेगी सत्ता से दूर- अजय यादव सम्राट



**प्रयागराज।** समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, छात्र नेता अजय सम्राट ने सपा कार्यालय में युवाओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार को छात्रों, युवाओं, बेरोजगारों की अनदेखी सत्ता से दूर करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने देश के युवाओं के साथ धोखा किया है। हर साल दो करोड़ सरकारी नौकरी का वादा सबसे बड़ा झूठ निकला। भर्ती की परीक्षाओं के पर्चे आउट हो जा रहे हैं अपनी समस्याओं को लेकर संघर्ष, आंदोलन करने वालों को जेल भेजा जा रहा है।उत्पीड़न किया जा रहा है। आगामी आम चुनाव में देश भर के युवा इसका बदला भाजपा को सत्ता से दूर करके लेंगे।प्रदेश सचिव डॉ प्रेम चंद्र कुशवाहा, मो. एरम रब्बानी, संदीप बिन्द एडवोकेट ने कहा की इण्डिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को पूरी एकजुटता के साथ गठबंधन की नीतियों को लेकर जनता के बीच बने रहना है। इस मौके पर नव मनोनीत पदाधिकारियों सपा छात्र सभामहानगर इकाई के उपाध्यक्ष सूरज पाल, महसचिव संदीप कटका, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार को माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।संचालन राम मूरत यादव नाटे चौधरी ने किया।बैठक में अजय यादव सम्राट, डॉ प्रेम चंद कुशवाहा, आर. एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, नाटे चौधरी,संदीप बिन्द एडवोकेट, श्रेयांश, रंजीत कुमार, राजकुमार, अनिल केशरी, विपिन कुशवाहा, आसुतोष मौर्य, गौरव,मोईद, सुरेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


# महंगाई के साथ ही लोग नकली मावा से परेशान



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़/इस्माइलपुर (प्रयागराज)।** होली के त्योहार पर लोग जहां महंगे गैस सिलेंडर, सब्जी, आलू और सरसों के तेल आदि से परेशान हैं। होली जैसे पर्व पर लोग नकली मावा से अधिक परेशान हैं। इलाके में प्रशासन का कोई दबाव नहीं दिख रहा है।बता दें कि सोरांव, गदियानी, हरखपुर, बेलखरिया के पूरा, होलागढ़, दहियावा, कल्याणपुर, पटेलनगर आदि इलाकों में व्यापारी महंगा और नकली मावा बेच रहे हैं। कुछ व्यापारी जहां पावडर से मावा बना रहे हैं वहीं लोगों को दिखाने के लिए सबसे नीचे और ऊपर अच्छा मावा रखते हैं तथा बीच में नकली मावा रख कर बेंच रहे हैं। यही नहीं दिन प्रतिदिन मावा का रेट भी बढाते जा रहे हैं। बुधवार को मावा 220 रूपए प्रति किग्राम बेंचा गया।जानकारों की मानें तो नकली मावा से बनी मिठाई और गुझिया खाने से सबसे अधिक बच्चों का स्वास्थ्य खराब होता है। ऐसे में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि महंगा और नकली मावा बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## दौलत हुसैन कॉलेज को मिली जीत



**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज में शिवपुर क्लब को पांच विकेट से हराकर अंडर-14 सद्भावना क्रिकेट सीरीज में पूरे अंक प्राप्त किये।

दौलत हुसैन मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में शिवपुर क्लब की टीम ने 17.3 ओवर में 93 रन (प्रिंस केसरी 28, प्रतीक 16, अजान 3/16, अनंत वैभव 3/21, मोहम्मद अली जफर 2/11) बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 11.5 ओवर में पांच विकेट पर 94 रन (उमर तबरेज 26, सूफियान सिद्दीकी 19, मोहम्मद हमदान 18, नमन व लक्ष्य एक-एक विकेट) बना लिए।

# भाजपा मीडिया प्रभारियों को चुनाव तक करनी होगी 10 गुना ज्यादा मेहनत- के के शर्मा

### गल्ली से लेकर दिल्ली तक अब केवल बहस इतनी है की क्या एनडीए चार सौ पार होगी या नहीं -प्रेम शुक्ला राष्ट्रीय प्रवक्ता

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** चुनाव का विगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारियों को चुनाव तक 10 गुना ज्यादा मेहनत कर पूर्णकालिक कार्यकर्ता बतौर सरकार और संगठन की बातें आमजन तक पहुंचाने का प्रयास पूरे आत्मविश्वास के साथ करना होंगा। जो आपको जिम्मेदारी मिली है वह महत्वपूर्ण है। देश मे 18 करोड़ कार्यकर्ताओं है। 750 लगभग जिले है उन 750 जिलों मे एक महत्वपूर्ण जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी आपके कंधे पर पार्टी ने पूरे विश्वास के साथ दिया है। उसे समर्पित होकर निभाना होगा। मोदी-योगी सरकार के लाभ से देश प्रदेश जिले गली मुहल्ले का कोई परिवार लाभ से वंचित नहीं है। बस योजनाओं का स्मरण कराने से आपका लक्ष्य एनडीए को 400 पार पहुंचाने में मददगार बनेगा। यह बड़ी




बात नहीं है। जनता का मूड़ भाजपा के पक्ष में है। उक्त बातें काशी क्षेत्र कार्यालय वाराणसी मे जिला मीडिया प्रभारी, जिला सह-मीडिया प्रभारी व लोकसभा मीडिया प्रभारी को सम्बोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के.शर्मा ने कही और मीडिया प्रभारियों को अपने कर्तव्यों को निभाने का महामंत्र देकर प्रशिक्षित किया।

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा गली से लेकर दिल्ली तक अब केवल बहस इतनी है की क्या एनडीए चार सौ पार होगी या नहीं बाक़ी सभी को पता है भाजपा की सरकार बनना तय है मोदी ने 2014 मे कहा 272 प्लस हमने 282 सीटें जीतीं,2019 मे तीन सौ पार का नारा दिया 303 सीटें जीती 2024 मे चार सौ का लक्ष्य है तो चार सौ पार का लक्ष्य संकल्प के साथ पूरा करना है। अध्यक्षता काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने करते हुए कहा जिला मीडिया प्रभारी जितना समझ पैदा कर लेता है उतना सफल होता है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि स्वागत काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने करते हुए अभी तक के जिला मीडिया प्रभारी के कार्यों से पदाधिकारियों को अवगत कराया। प्रदेश प्रवक्ता डॉ.समीर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अशोक पाण्डेय, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राय आदि का मार्गदर्शन मीडिया प्रभारियों को प्राप्त हुआ संचालन काशी क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर ने किया।

कार्यशाला में प्रयागराज यमुनापार के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, गंगापार मीडिया प्रभारी बृजेश त्रिपाठी, विवेक मिश्रा, सह-मीडिया प्रभारी आरके शर्मा, प्रदीप कुमार मिश्र,विजय सिंह, शिवशंकर शुक्ला, उमेश तिवारी आदि यमुनापार, महानगर, गंगापार, इलाहाबाद, फूलपुर लोकसभा के मीडिया प्रभारी सह-मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

# दंपती को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात गिरफ्तार

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज में विवाहिता की मौत के बाद आक्रोशित मायके वालों द्वारा सास-ससुर समेत चार लोगों को घर में बंद कर जिंदा जलाने के मामले में सात लोगों को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद नैनी केंद्रीय कारागार में सभी को निरुद्ध कर दिया गया। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए दर्जनभर लोगों को हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया जिन लोगों की भूमिका सामने आई उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

ज्ञात हो कि मुट्ठीगंज के सत्तीचौरा मोड़ के पास सोमवार की देर रात घर के भीतर चार लोगों को बंद कर आग लगा दी गई थी। इसमें टिंबर व्यवसायी राजेंद्र केशरवानी (65) व उनकी पत्नी शोभा देवी (60) जिंदा जल गए। बेटी शिवानी (24) और भयाहू लवली (30) भी झुलस गईं। लवली को एसआरएन अस्पताल में भर्ती

**तीन लोगों की हुई थी मौत**

कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर व्यवसायी की बहू के मायके पक्ष के 10 नामजद समेत 82 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में पुलिस ने 12 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। पिता-पुत्र सरदारी लाल और उसके बेटे अंशू समेत मायके पक्ष के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

शिवानी की तहरीर पर उसकी भाभी के मायके पक्ष के 10 लोगों को नामजद करने के अलावा 72 अज्ञात पर भी केस दर्ज कर लिया गया। आरोप है कि खुदकुशी की जानकारी मिलने पर भाभी के पिता-भाई व अन्य हमलावर आए और सभी को पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्हें घर के भीतर बंद कर आग लगा दी। इसमें उसके माता-पिता की मौत हो गई। एसीपी अतरसुइया पुष्कर वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया गया है। आरोपी पिता-पुत्र समेत 12 लोग हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है।

इससे पहले टिंबर व्यवसायी की बहू की खुदकुशी के मामले में भी केस दर्ज किया गया। पिता सरदारी लाल की तहरीर पर ससुराल पक्ष के 10 लोगों पर दहेज हत्या समेत अन्य आरोपों में एफआईआर लिखी गई। तहरीर में आरोप लगाया गया कि 20 लाख रुपये और बड़े मकान की मांग पूरी न होने पर घर की दूसरी मंजिल पर उनकी बेटी को फांसी लगाकर मार दिया गया।

# चोरी के तीन वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह व उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव मय महिला हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित भारती, ममता, करूणा निवासीगण कलमना मार्केट थाना कलमना नागपुर महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 3000 रूपए नगद बरामद किया गया।

## पांच वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक राम स्वरूप मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी दशरथ निवासी तेवारा थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक राम स्वरुप मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रंजित उर्फरंजे निवासी निजामपुर पुरैनी थाना पूरामुफ्ती को गिरफ्तार किया गया। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उपनिरीक्षक मनीष कुमार पाल मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी फूलचन्द्र लोधी निवासी असाढ़ा थाना प0 शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मुसब्बर अली, इम्तियाज अली निवासी नादेमई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नौ आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड़ 2170 रुपये तथा जामातलाशी से 870 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ।

## अवैध शराब के साथ आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा राम भजन सरोज निवासी रक्सवारा थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा साहब लाल निवासी अंसारगंज निवासी कस्बा व थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक मिश्री लाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वीरेन्द्र कुमार निषाद निवासी नई बस्ती अफ्जलपुर सातों थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक समरजीत वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा कल्लू पासी निवासी अफ्जलपुर सातों थाना कड़ाधाम जनपद कौशाम्बी को 09 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा राकेश निषाद उर्फ गोरे लाल निवासी औधन थाना पिपरी को 10लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा ज्ञान चन्द्र निवासी तिल्हापुर मोड़ थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक नीरज कुमार उपाध्याय मय हमराह पुलिस बल द्वारा कल्लू सरोज निवासी सिंधिया थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को 17 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक मो0 जमीर मय हमराह पुलिस बल द्वारा देशराज निवासी बरेवा थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 146 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में
(थाना सराय अकिल से 01, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 02) कुल 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# गौरैया संरक्षण के प्रति कार्य करने वालों को मिला प्रोत्साहन

## डायट में आयोजित हुए कार्यक्रम में गौरैया संरक्षण पर हुई गोष्ठी




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** कभी घर के आंगन और छत की मुंडेर पर अपनी सुरीली और मधुर चहचहाहट की आवाज से मन को लुभाने वाली गौरैया विलुप्त हो रही है। जिनके संरक्षण के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसके प्रभाव से धीरे धीरे गौरैया संरक्षण के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है और अब गौरैया पहले के अपेक्षा कुछ दिखने लगी है। जनपद कौशांबी के नेवादा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पेरई में कार्यरत शिक्षक हरिओम सिंह बर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन से शिक्षकों व अन्य लोगों को जोड़ते हुए प्रदेश स्तर पर गौरैया व पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रहे है। बुधवार को उन्होंने डायट प्राचार्य भारती त्रिपाठी के मार्गदर्शन में डायट सभागार में चल रहे डिजिटल लिट्रेसी प्रशिक्षण में एक कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उन शिक्षकों को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जो गौरैया संरक्षण के लिए अपना योगदान दे रहे और उसके लिए संकल्पित है। गौरैया और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले एआरपी अतुल प्रकाश, रामकृष्ण, शिक्षक रणविजय निषाद, दीप नारायण मिश्र, भास्कर मिश्र, नेहा शर्मा, कमलेश कुमार को सम्मानित किया। इसके साथ ही डायट प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं को गौरैया घोषला भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा की आइए गौरैया दिवस की भावना को पूरे साल अनवरत जारी रखते हुए अपने दैनिक जीवन में छोटे छोटे बदलावों को अपनाकर, संरक्षण प्रयासों का समर्थन करके जागरूकता बढ़ाकर हम यह सुनिश्चित कर सकते है की गौरैया की चहचहाहट हमारे गांव और शहर में गूंजती रहे और आने वाली पीढ़ियों के लिए खुशियां लाती रहे। डायट प्राचार्य ने कहा की हमारे पारिस्थितिक तंत्र में इन पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिसके लिए बहुत से लोग बक्से का घोंसला आदि बनाकर घरों में टांग रहे है। ऐसे कार्य के लिए सभी को प्रेरणा लेते हुए संरक्षण की बढ़ावा दे सकते है। डायट प्रवक्ता सुरेश चंद्र, निधि शुक्ला, संदीप तिवारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रणविजय निषाद ने किया।

# 13 दिवसीय सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान मंझनपुर कौशांबी में चल रहे 13 दिवसीय सॉफ्ट टायज बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया जिसका प्रमाण पत्र वितरण हेतु बतौर मुख्य अतिथि सुखराज बंधु उपायुक्त स्वतःरोजगार द्वारा समापन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु अनेक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक जितेन्द्र कुमार चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराने हेतु अस्वस्थ किया। आर सेटी निदेशक श्रवण कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर संकाय आशुतोष त्रिपाठी, कार्यालय सहायक आशुतोष केसरवानी, राजकुमार, व दिनेश कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थी नेहा कुशवाहा, शोभा कुशवाहा, सीमा कुमारी, नंदनी ,शाक्षी कुमारी ,रीता देवी आदि ने संस्थान,और ट्रेनर खुशबू श्रीवास्तव को धन्यवाद दिया और आगे स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के लिए तत्पर है।

# पश्चिम शरीरा थाना अन्तर्गत हुई हत्या की घटना का हुआ सफल अनावरण

## आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 14 मार्च, 2024 को थाना पश्चिम शरीरा अन्तर्गत ग्राम देवरी में मृतक राम सूरत यादव की हत्या की सूचना प्राप्त हुयी थी, जिस पर मृतक की पत्नी के तहरीर के आधार पर थाना पश्चिम शरीरा पर हरिश्चन्द्र यादव आदि पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा टीमों का गठन कर घटना की गहनता से विवेचना करते हुये सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन व विवेचना से प्रकाश मे आये आरोपी धर्मेन्द्र यादव निवासी ग्राम देवरी थाना प0 शरीरा जनपद कौशाम्बीको ग्राम भगवतपुर में स्थित बालू डंप के पीछे महुआ की बाग से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आला कत्ल फावड़ा (फरसा) व पत्थर बरामद कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गये कपड़े व 01 अदद एण्ड्रॉयड मोबाइल भी अभियुक्त के कब्जे से बरामद




किया गया। पूछताछ का विवरण आरोपी धर्मेन्द्र यादव द्वारा पूछताछ में बताया गया उसके पिता स्व0 रामसूरत (मृतक) को ननिहाल ग्राम भेलखा थाना मंझनपुर में 20 बिस्वा जमीन पट्टे की मिली थी, जिसे उसके पिता (मृतक) द्वारा सुरेन्द्र मिश्रा व शेबू नाम के व्यक्तियों को 500000 (पॉच लाख)रूपए में 15 सितम्बर, 2022 को रजिस्टर्ड इकरारनामा कर दिया गया था। वर्तमान में उक्त जमीन की कीमत 40-50 लाख रू0 के लगभग है। आरोपी धर्मेन्द्र यादव अपने पिता द्वारा किये गये इकरारनामा को निरस्त करने के लिये दबाव बना रहा था परन्तु पिता द्वारा ऐसा करने से इनकार कर दिया गया तथा अभियुक्त की पत्नी के गर्भ में 02 माह का बच्चा था और आरोपी को अपनी पत्नी पर भी शक था कि पत्नी का अवैध सम्बन्ध है और यह बच्चा अभियुक्त का नहीं है क्योकि पत्नी से विवाद होने पर पिता (मृतक) पत्नी का ही पक्ष लेते थे। उपरोक्त दोनो कारणों से आरोपी अपने पिता से काफी नाराज था और तनाव में रहने लगा था तथा नशा आदि करने लगा था। इन्ही कारणों से अभियुक्त ने अपने पिता को जान से मारने के लिये तरह-तरह के तरीकों के बारे में सोचने लगा था और योजना के तहत 13 मार्च, 2024 को अपने गेहुँ के खेत में सिंचाई करते समय मौका पाकर अपने खेत के नजदीक मात्र 100 मीटर दूरी पर स्थित डेरा पर सोये हुये अपने पिता पर फावड़ा (फरसा) से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया एवं एक छोटे पत्थर से मार-मार कर चेहरेको कुरूप कर दिया था जिससे सनसनी खबर बने कि किसान की जघन्य हत्या हो गयी और मुझे कुछ सरकारी आर्थिक सहायत प्राप्त हो जायेगी और मेरी भेलखा वाली जमीन का इकरारनामा निरस्त हो जायेगा। आरोपी के मोबाइल को चेक किया गया तो यूट्यूब की सर्च हिस्ट्री में पत्नी के प्रेमी को कैसे मारा जाये, सायनाइड से कितनी जल्दी किसी की मौत हो जाती है, दहेज हत्या से कैसे बचा जाये में आदि पाया गया। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा घटना का अनावरण करने वाली टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25,000 रूपए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# एसपी के निर्देश पर महिला बीट आरक्षियों ने बालिकाओं व महिलाओं को किया जागरूक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों की महिला बीट आरक्षियों द्वारा भ्रमण कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं सम्बन्धित अपराधियों के बारे में तत्काल थाना पुलिस एवं महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

# व्यक्तियों की क्षमताओं से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** दिल्ली की राष्ट्रीय संस्था ऑल इंडिया कनफेडरेशन आफ द ब्लाइंड और डी.ए.वी.डेनमार्क के सहयोग से दृष्टिबाधित व्यक्तियों की क्षमताओं से संबंधित कार्यशाला का आयोजन सुभाषनी उत्सव वाटिका कुंडा प्रतापगढ़ में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप जिलाधिकारी भरत राम कुंडा प्रतापगढ़ ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कियास इसके बाद आए हुए अतिथियों का परियोजना अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने माल्यार्पण करके स्वागत कियास स्वागत के पश्चात परियोजना अधिकारी ने आए हुए अतिथियों को बैठक के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा की सरकारी अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय के लिए इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन किया जाता हैस इसके पश्चात उप जिलाधिकारी भरत राम ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए बोले संस्था के लोग समाज के ऐसे वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहे हैं जिनको इसकी नितांत आवश्यकता है मैं अपने स्तर से संस्था को। उसके कार्यों में सहायता देता रहूंगा तत्पश्चात ए.आई.सी.बी. दिल्ली की सचिव मंजुला रथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया की संस्था हमेशा आप सब के उत्थान के लिए हमेशा तैयार रहेगी साथ ही महिलाओं को घरेलू कार्य के नुस्खे भी बताए इसके उपरान्त ए.आई.सी.बी. के प्रोजेक्ट मैनेजर सुधांशु शुक्ला ने सी.बी.आर. कार्यक्रम के बारे में संक्षेप में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के फील्ड वर्कर्स दृष्टिहीनों का क्षेत्र में जाकर चुनाव करते हैं तथा उनको प्रशिक्षण देकर उनके पुनर्वास के लिए संस्था द्वारा 15000 सीड मनी के रूप में दिया जाता है जिससे कि वह कोई व्यवसाय करके अपने पैरों पर खड़ा हो सके तथा आर्थिक रूप से संपन्न हो सकें। इसके बाद ए.डी.ओ. यशवंत सिंह ने अपने संबोधन में कहा की ब्लॉक स्तर पर हम इस परियोजना के कार्यों को अपना सहयोग प्रदान करते रहेंगे. कार्य क्रम को संबोधित करने वाले लोगों में मुकेश प्रियदर्शी शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक, इंस्पेक्टर संजय सिंह, विजय शुक्ला ए. डी. ओ.पंचायत, डॉ0 हिमानी जायसवाल, ज्ञानेंद्र सोनकर पंचायत सचिव, आनंद कुमार मिश्र आदि लोगों ने संबोधित किया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथिगणों को गौरी सेन द्वारा लिखित तथा एआईसीबी द्वारा प्रकाशित पुस्तक भेंट की गई। कार्यशाला में 58 दृष्टिहीन अपने 45 परिजनों के साथ उपस्थित रहे।

# सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर होगी कार्रवाई- बृजेश करवरिया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** रमजान, ईद उल फित्र और होली के पर्व को देखते हुए लोधौर चौकी पुलिस ने कमर कस ली है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर बुधवार को लोधौर चौकी में इंसपेक्टर ने सम्भ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक के दौरान चौकी प्रभारी अतुल रंजन तिवारी ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस ने अभी से ही शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। यदि कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने का काम करें। चौकी प्रभारी ने आपसी सौहार्द के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील करते हुए कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप लोग अपने गाँव व क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता न फैलने दें और किसी भी तरह की अफवाहों पर भी ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी किसी भी तरह की ऐसी पोस्ट जिससे माहौल खराब हो जाए उसको करने से मना किया। इस मौके पर क्षेत्र के ग्राम प्रधान वरूण पान्डेय, राज सिंह, जगदीश सोनी, श्याम बाबू, प्रमोद पान्डेय, शमीम् अहमद, रामनरेश यादव आदि मौजूद रहे।

# कौशाम्बी में उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के नारायणी वाटिका गेस्ट हाउस में पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन ने प्रथम स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें लखनऊ कानपुर प्रयागराज, फतेहपुर, वाराणसी सहित कई जनपदों से पूर्व सैनिकों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य धर्म राज तिवारी काशी क्षेत्र के रहें।

ज्ञात हो कि दूर दराज से आए हुए सभी सैनिकों को तिरंगा पट्टी माल्यार्पण कर व अंग वस्त्र एवं संगठन का मोमेंटो दे कर सम्मानित किए गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने सभी को संगठन के साथ एक जुट रह कर पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिए काम करने का सभी से आग्रह कियास प्रथम स्थापना दिवस पर कई वीर नारियों को भी सम्मानित किया स प्रथम स्थापना दिवस पर प्रयागराज के अंकुर हॉस्पिटल एवं नारायण स्वरूप ने अपनी स्टाल लगा कर कई पूर्व सैनिकों की जांच करते हुए फ्री इलाज कियास मंचासिन सभी लोगो ने अपनी अपनी बात सैनिकों के हित में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजमेर बहादुर सिंह



ने सभी को धन्यवाद दिया। अंकुर हॉस्पिटल के डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव ने कौशाम्बी में अपना एक पैनल लगाने के लिए मंच के माध्यम से ऐलान किया। पूर्वी छेत्र अध्यक्ष एके द्विवेदी ने कहा कि सैनिक देश के लिए लड़ता है लेकिन जब सैनिक के घर परिवार जमीन जायदाद के मामले आते हैं तो प्रशासन उनकी मदद नही करता ऐसे में हम सब को संगठित रह कर अपने हक अधिकार के लिए लड़ना है और पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों को संगठन के माध्यम से प्राथमिकता पर शासन प्रशासन तक पहुंचना और निस्तारण करवाना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में तमाम पूर्व सैनिकों ने अपनी अपनी बात रखते हुए कौशाम्बी जिले में सैनिक अस्पताल व कैंटीन बनाने की मांग उठाई गई। जिस पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने इस बात को केंद्र सरकार तक पहुंचाने का सभी को आश्वासन दिया। इस दौरान मंझनपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक लाल बहादुर महेंद्र सिंह मनोज कुमार एबी सिंह धर्म राज तिवारी, महेश मिश्रा, आरबी पांडे, एके द्विवेदी, मनोज कुमार तोमर, संजीव कुमार चौरसिया, अजय राज तिवारी, हरी शंकर सिंह चौहान, केपी चौहान, राम शिव हरे महेश मिश्रा, शारदा प्रसाद वर्मा, जय नारायण मिश्रा सहित वीर नारियां एवम सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# जन शिक्षण संस्थान की प्रबंध कारिणी समिति बीओएम की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशाम्बी की प्रबंध कारिणी समिति की बैठक संस्थान मुख्यालय पर आयोजित की गई। प्रबंध कारिणी समिति की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष देशराज जायसवाल ने सभी प्रबंध कारिणी समिति के सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा निदेशक राजकुमार पांडे को आज्ञा दी कि कार्यवाही प्रारंभ करें संस्थान निदेशक राजकुमार पांडे ने सभी सम्मानित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रस्ताव संख्या 1 से लेकर 5 तक तथा समस्त कार्यवृत्ति सभी सम्मानित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक समस्त किए गए कार्यों के बारे में चर्चा किये निदेशक ने सभी सम्मानित सदस्यों को बताएं कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक 1800 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष 1800 प्रशिक्षार्थियों का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है तथा संस्थान द्वारा 52 एक्टिविटीज भी की गई है बैठक में श्री के के राम प्रधानाचार्य राजकीय आई टी आई सिराथू जितेंद्र कुमार चौधरी लीड बैंक अधिकारी बीओबी अजय पाल सिंह सोमवंशी प्रधानाचार्य राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज संदीप कुमार सहायक प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र प्रमोद गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर कल्पना त्रिपाठी, सहायक अध्यापक कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी दीपक मौर्य, जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मंझनपुर विजय शंकर मौर्य, सदस्य जन शिक्षण संस्थान कौशाम्बी तथा प्रबंध कारिणी समिति के 13 सम्मानित सदस्य बैठक में प्रतिभाग किये।

# मतगणना केन्द्र व मतदान परिसर में कोई भी व्यक्ति नही करेगा धूम्रपान- अपर जिला मजिस्ट्रेट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में 06 जून 2024 तक धारा-144 लागू हैं। कोई भी राजनैतिक व्यक्ति सरकारी मशीनरी का प्रयोग चुनाव के लिए नही करेंगा।

कोई भी व्यक्ति चुनाव सम्बन्धी कार्य में सरकारी गाड़ी का प्रयोग किसी भी दशा में नही करेंगा। कोई भी उम्मीदवार बिना रिटर्निंग आफिसर की पूर्वानुमति के चुनाव प्रचार में कोई गाड़ी नहीं चला सकेंगा, उम्मीदवार चुनाव प्रचार के दौरान भी अपने साथ तीन गाड़ियों से ज्यादा नही चला सकेगा एवं प्रत्येक गाड़ी में ड्राइवर के अलावा तीन व्यक्ति से अधिक नही चल सकेंगे।

.कोई भी राजनैतिक पार्टी दूसरी पार्टी का न ही पोस्टर, बैनर आदि नष्ट करेंगे और न ही हटाएंगे। मतदान के दिन कोई भी व्यक्तिध्राजनैतिक दल का कोई कार्यकर्ता मतदान केन्द्र की परिधि से 200 मीटर की दूरी के अन्दर सक्षम अधिकारी के बिना पूर्वानुमति के मतदाता सहायता बूथ स्थापित नही करेंगा,सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के उपरान्त भी मतदान सहायता बूथ पर एक टेबल व दो कुर्सी से अधिक नही रख सकेगा एवं बूथ पर एक तीन फिट लम्बा व साढे चार फिट चौड़ा बैनर जिस पर केवल उम्मीदवार का नाम चुनाव चिन्ह व पार्टी का नाम अंकित होगा के अतिरिक्त कोई बैनर नही लगा सकेंगा। बूथ पर छाया के लिए जितने मे दो कुर्सियों में बैठे व्यक्ति को मौसम से बचाया जा सकें,से अधिक कपड़ा नही लगा सकेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि कोई भी व्यक्ति मतदाता सहायता बूथ पर मत डालने के बाद एकत्रित नही होगा तथा बूथ पर मतदाता के पहचान के लिए जारी पर्ची आयोग के निर्देशानुसार होगी,जिसमें उम्मीदवार का चुनाव चिन्ह व पार्टी का नाम नही होगा। मतदान केन्द्र के अन्दर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियोंध्अधिकारियांध्मतदाताओं तथा उम्मीदवारों को छोड़कर अन्य कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा।

# खाद्य सचल दल ने निरीक्षण के दौरान 75 किग्रा0 दूषित खोया को कराया नष्ट

## खाद्य सचल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 07 नमूने संग्रहित कर विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेश के अनुपालन में आगामी होली पर्व पर मिलावटी खाद्य/पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर खाद्य पदार्थ खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाईयाँ, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट की रोक थाम हेतु प्रभारी प्रवर्तन कार्यवाही हेतु भण्डार/विक्रय को प्रतिबन्धित करने, आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित 07 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप न होने के संदेह पर 07 खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजी। खाद्य सचल दल द्वारा कृष्णा दूध डेयरी (प्रो0-सतीश यादव पुत्र छेदी लाल यादव ) विक्रम चौराह, बेगम वार्ड स्थित दूध डेयरी से भैंस का दूध का नमूना, अभय दूध डेयरी (प्रो0-अभय यादव) सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित दूध डेयरी से गाय के दूध का नमूना, अशोक यादव पुत्र राजकिशोर यादव अफीम कोठी सगरा दूध विक्रेता से गाय के दूध का नमूना संग्रहित, माधव दूध डेयरी (प्रो0-अनुराग यादव पुत्र धर्मराज यादव ) सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित दूध डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना, इसराज अली पुत्र शौकत अली सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना एवं 20 कि0ग्रा0 दूषित खोया कीमत रूपये 6000 नष्ट कराया गया। इसी प्रकार अरूण गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता आमापुर बेर्रा रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया एवं 30 किग्रा0 दूषित खोया कीमत रूपये 9000 नष्ट कराया गया। हरिशंकर यादव पुत्र राम लाल यादव सुल्तानपुर तहसील रानीगंज स्थित खोये की भठ्ठी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया एवं 25 किग्रा0 दूषित खोया कीमत रू0 7500 नष्ट कराया गया। खाद्य सचलदल में संजय कुमार तिवारी, संतोष कुमार दुबे, अंजनी कुमार मिश्र, विवेक कुमार तिवारी, ऋचा पाण्डेय खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। टीम द्वारा समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थो को ढक कर रखनें, दुकान में साफ-सफाई रखनें, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ बेचनें, बिना लाइसेंस/पंजीकरण के खाद्य कारोबार संचालित नहीं करनें के कडे निर्देश दिये गये। मौके पर उपस्थित आमजनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया।

# नि:शुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु 28 मार्च तक आवेदन जमा करें

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन 28 मार्च 2024 तक जमा कर सकते है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 30 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतागपढ़ के प्रांगण में होगा। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (दिनांक 01.04.2024) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगी यथा रेलवे, बैकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह-ग, समीक्षा अधिकारी, बी0एड0, पी0ई0टी0, टी0ई0टी0 इत्यादि की तैयारी करायी जायेगी। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम दिनांक 28 मार्च तक मा कर सकते है। वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय की सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

## अलग अलग मुकदमों के तीन वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस ने अलग अलग मुकदमो मे वांछित चल रहे तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेश कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर अपहरण, दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे सराय चौबाहिन निवासी मुकेश पटेल पुत्र नन्हें लाल पटेल को बुधवार सुबह उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं दरोगा कबीरदास ने हत्या के प्रयास के मुकदमे मे वांछित जलेशरगंज निवासी आजाद राईन पुत्र सब्बीर को उसके घर से गिरफ्तार किया। वहीं उदयपुर थाना के दरोगा कैलाश यादव ने वारण्टी राजेन्द्र यादव पुत्र सूबेदार यादव निवासी समगढ़ा को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों वांछितो को बुधवार को जेल भेज दिया।

## वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही खूब उड़े रंग-गुलाल बच्चों ने स्कूल में छुट्टी होने से पहले जमकर खेली होली



**कुंडा प्रतापगढ़।** बुधवार को वार्षिक परीक्षा समाप्त होते ही एम एम डी पब्लिक स्कूल कोटिला अख्तियारी ग्राम मे रंगोत्सव का त्योहार होली बच्चों ने धूमधाम के साथ मनाया । शिक्षकों ने छात्रों को होली के त्योहार और जीवन में रंगों के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य शुभांक्षा जोशी उप प्रधानाचार्य विपिन यादव हिंदी प्रवक्ता अमित पाण्डेय अजय शुक्ला ( भूतपूर्व सैनिक शिक्षक ) वीरेंद्र सरोज ( खेल शिक्षक ) आर के श्रीवास्तव ( संस्कृत प्रवक्ता ) आशुतोष मिश्र ( गणित शिक्षक ) और सोशल मीडिया प्रभारी अनुज ओझा सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे। विद्यालय में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं के साथ जमकर होली खेली। रासायनिक रंगों से बच्चों को दूर रहने के लिए कहा गया। छात्रों ने विद्यालय में खूब रंग गुलाल उड़ाया। प्रधानाचार्य शुभांक्षा जोशी का कहना है कि भारतीय शिक्षा का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत को वर्तमान पीढ़ी में स्थानांतरित करने के साथ सुरक्षित करना है। अंत में छात्रों ने अबीर गुलाल लगाकर अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया और आगे बढ़ते रहने का वादा किया। विद्यालय के रंगोत्सव कार्यकर्म की शुरूरत कक्षा 12 के छात्र प्रिया यादव और अजीत प्रजापति द्वारा की गई।

## जिला मजिस्ट्रेट ने शस्त्र जमा कराये जाने व न जमा कराये जाने के सम्बन्ध में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्टेऊट संजीव रंजन ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र अनुज्ञाप्तिधारियों के शस्त्र जमा कराये जाने अथवा न कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में आर्म्स एक्ट 1959 तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत आग्नेयास्त्र जमा कराने की कार्यवाही की जाये। राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र के निर्दिष्ट निर्देशों के समादर में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की जाती है। स्क्रीनिंग कमेटी में अपर जिला मजिस्टेऊट (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को नामित किया गया है। गठित स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा शस्त्र जमा कराये जाने अथवा न जमा कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा।

# सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के मेधावियों ने लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के एक स्कूल के मेधावियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित होकर परचम लहराया है। प्रवेश परीक्षा में चयनित मेधावियो को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। लालगंज नगर स्थित चिल्डेऊन पैराडाइज स्कूल के पांच छात्रो ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की। मेधावियो की सफलता से परिजन व विद्यालय परिवार गदगद है। विद्यालय में सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्र अभिनव रजक, प्रियांशु राय, आयुष कुमार, शिवांश कुमार व अनुकृति सिंह को समारोहपूर्वक माल्यार्पण कर सफलता पर शुभकामनाएं दिया। विद्यालय के प्रबन्धक विकास मिश्र ने सफल मेधावियो को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र ने कहा कि विद्यालय के पांच छात्रों का सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में चयनित होना शिक्षकों की कड़ी मेहनत के साथ ही मेधावियों के भी ईमानदारी से किये गये परिश्रम का परिणाम है। वही समारोह मे मौजूद अभिवावको ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण की सराहना किया। कार्यक्रम का आयोजन उप प्रधानाचार्य भरतभूषण ओझा तथा संचालन राकेश कुमार वर्मा ने किया। सैनिक प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने वाले मुख्य शिक्षक जनक शुक्ल ने भी छात्रों की सफलता पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस मौके पर प्रतिभा शुक्ल, सरिता पाण्डेय, संजीव पाण्डेय, राजेन्द्र मिश्र, अनूप पाण्डेय, प्रभात शुक्ल आदि रहे।

## श्रीराम कथा श्रवण करने से संवर जाता है इहलोक व परलोक- स्वामी प्रणवपुरी जी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानस संत सम्मेलन समिति रामगढ़ रैला के संयोजन मे भगवान् श्रीराम की कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथाव्यास स्वामी प्रणवपुरी जी महराज ने कहा कि श्रीराम कथा कलियुग मे मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा है। श्रीराम कथा का श्रवण करने से मानव का इहलोक ही नहीं परलोक भी संवर जाता है। उन्होने बताया कि राम कथा परिवार के सभी प्रकार के सम्बन्धों के साथ ही ईष्ट मित्र, शुभेच्छुओं से मर्यादित आचरण की सीख देता है। कथाव्यास स्वामी प्रणवपुरी महराज ने कहा कि श्रीराम कथा मर्यादित जीवन के साथ सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। कई जन्मों के सत्कर्मो के परिणामस्वरूप मानवतन की प्राप्ति होती है। ऐसे में प्रत्येक मनुष्य को राम कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान बीच बीच में श्रीराम नाम संकीर्तन व स्वामी प्रणवपुरी के भगवान श्रीराम से जुड़े भजनों से पाण्डाल और भक्तिमय हो उठा दिखा। कथा के दौरान आचार्य राजेश मिश्र, स्वामी जितेन्द्र तिवारी, गुडडन ओझा, प्रधान बृजेश सिंह, प्रीतेन्द्र ओझा, अनिल मिश्र, मोनू तिवारी, प्रेमचंद्र ओझा, बब्बू ओझा आदि ने श्रीराम कथा का रसपान किया।

# अंतरिम मतदाता सूची पर चुनाव समिति की लगी मुहर, बाइस को होगा प्रकाशन

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर परिसर में चुनावी गहमागहमी हुई तेज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ चुनाव समिति की बैठक में बुधवार को वर्तमान तथा नए सत्र के अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची में लिए जाने को लेकर मंथन किया गया। इसके तहत समिति ने सभी नए अधिवक्ताओं के आवेदनों पर विचार करते हुए आगामी बाइस मार्च को अंतरिम मतदाता सूची प्रकाशित किये जाने का निर्णय लिया है। समिति की बैठक को लेकर कार्यालय के बाहर अधिवक्ताओं में गहमागहमी का भी माहौल घंटो देखा गया। समिति ने सर्वसम्मत से तहसील तथा दीवानी परिसर मे नियमित वकालत न करने वाले बाहरी सदस्यो के नाम की छंटनी पर भी अपनी मुहर लगायी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि अंतरिम सूची पर आपत्ति का अवसर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि होली बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरान्त चुनाव कार्यक्रमों की विधिवत घोषणा भी की जाएगी। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने संघ के चुनाव को लेकर चुनाव समिति से आदर्श आचार संहिता के भी बिंदुओ पर रूपरेखा प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये। इस बीच चुनाव समिति ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए संघ के चुनाव को लेकर परिसर मे भीड़ के मददेनजर प्रशासन से भी शांति व्यवस्था के बाबत सहयोग की रूपरेखा पर भी विचारविमर्श किया। संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया।

बैठक में राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, बेनीलाल शुक्ल, शिवाकांत उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह अगई, रामलगन यादव मौजूद रहे। समिति के प्रवक्ता विकास मिश्र ने बताया कि दूसरे चरण में नामांकन से लेकर मतदान तक की प्रक्रिया को लेकर चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। वही तहसील तथा दीवानी परिसर मे संघ के चुनाव को लेकर संभावित उम्मीदवारों को भी बुधवार को खासा सक्रिय देखा गया।

## ट्रक की चपेट में आने से राजस्वकर्मी गंभीर, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में राजस्वकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रामा सेण्टर लालगंज से चिकित्सकों ने उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया। उन्नाव जिले के धमनी खेड़ा निवासी पचपन वर्षीय विष्णु कुमार मिश्र पुत्र विश्वनाथ मिश्र तहसील लालगंज में राजस्व संग्रह अमीन के पद पर तैनात हैं। उनका कार्य क्षेत्र दर्रा है। विष्णु कुमार बुधवार दोपहर करीब एक बजे तहसील से अपनी बाइक से रानीगंज कैथौला की ओर जा रहे थे। रास्ते मे रायपुर स्थित पेट्रोल पम्प के समीप ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उन्हे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर लालगंज भेजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने राजस्वकर्मी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गरीबों के हक में घालमेल सरकारी दावे फेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**दिलीपपुर-** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राशन वितरण में पारदर्शिता बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है जिसके तहत मार्च माह से ई-पॉस मशीन से लिंक इलेक्ट्रिक बेइंग मशीन से राशन का वितरण किया जा रहा है जिसमे कार्डधारक के अंगूठा लगाते ही ई कांटा में पूरा विवरण पंहुच जायेगा यूनिट के हिसाब से पूरा राशन देने के बाद ही ई-पॉस मशीन से वितरण की डिटेल्स की पावती निकलेगी जिसकी जानकारी एसएमएस के माध्यम से कार्डधारक को प्राप्त हो जायेगी। जिसकी फीडिंग मशीनों के जरिए शासन स्तर तक पहुंचेगी । सरकार दावा कर रही है की सार्वजनिक वितरण प्रणाली की नई व्यवस्था से घटतौली कालाबाजारी पर लगाम लग सकेगी और फर्जी कार्डधारकों को चिन्हित किया जा सकेगा लेकिन राशन वितरण की नई व्यवस्था में घटतौली के खेल का कोटेदारों ने नायाब तरीका खोज निकाला है



।कोटेदारों ने यूनिट के हिसाब से अलग अलग पैकेट बना रखा है जब कोई कार्डधारक ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाता है तो उसकी यूनिट के हिसाब से बनाए गए पैकेट को इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर रखकर तौल दिया जाता है मशीन में पुष्टि होने पर पर्ची निकल जाती है इसके बाद कोटेदार कार्डधारकों को पुराने कांटे पर तौलकर राशन दे देता है या अगले दिन बुलाता है इस तरह गरीबों की आंख में धूल झोंककर गरीबों के साथ मनमानी की जा रही है । रानीगंज तहसील के लच्छीपुर रसोईयां रतनमई बशीरपुर सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने इसकी शिकायत पूर्ति निरीक्षक रानीगंज सुधीर सरोज से फोन द्वारा की है उन्होंने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है

# कच्ची शराब के साथ सात आरोपी गिरफ्तार मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लीलापुर-प्रतापगढ़।** 140 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ धराए सात आरोपी पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज। थाना कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक मृत्युंजय पाण्डेय 20 मार्च को मय हमराह निकले देखभाल क्षेत्र भ्रमण को मुखबिर खास से मिली सूचना पर कोतवाली थाना देहात क्षेत्र के भुवाल पुर किला निवासी चंदु मुसहर पुत्र चौंधी को 10लीटर कच्ची शराब को बेचने के लिए लेकर जा एटीएल ग्राउंड के पास से गिरफ्तार किया और थाने पर लें आए उक्त बारामदगी के संबंध में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया इसी क्रम में थाना कोतवाली देहात के उपनिरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह उन्नीस मार्च को मय हमराह निकले देखभाल क्षेत्र भ्रमण को मुखबिर खास से मिली सूचना पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के नरिया गांव निवासी राजू सरोज पुत्र रामलाल को बीस लीटर कच्ची शराब बेचने के लिए लेकर जा रहे नरिया तिराहे से गिरफ्तार किया गया और थाने पर लें आए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि तीस लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और आवश्यक कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में थाना लीलापुर के उपनिरीक्षक राजानाती बीस मार्च को मय हमराह निकले देखभाल क्षेत्र भ्रमण को मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाना क्षेत्र हण्डौर गांव निवासिनी मनका पत्नी मथुरा सरोज को उनके घर से 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया और थाने पर लें आए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक किशन सिंह बीस मार्च को मय हमराह निकले देखभाल क्षेत्र भ्रमण को मुखबिर खास से मिली सूचना पर स्थानीय थाना क्षेत्र के हण्डौर गांव निवासिनी शीला देवी पत्नी गोरे लाल को 25 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया और थाने लें आए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। इसी क्रम में स्थानीय थाना के उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह बीस मार्च को मय हमराह निकले देखभाल क्षेत्र भ्रमण को मुखबिर खास से मिली सूचना पर हण्डौर बलदियान गांव निवासी सुजीत वर्मा पुत्र ओमप्रकाश वर्मा को उनके घर से 20 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया और थाने लाकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीन आरोपियों को कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया है और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है

## युवक की मौत पर अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जेसीबी की टक्कर से घायल होने से युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात जेसीबी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के हरमापुर गांव की संगीता वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसके पति अमरजीत वर्मा अपनी बाइक से घर आ रहे थे। रास्ते मे अज्ञात जेसीबी चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल उनके पति अमरजीत को सांगीपुर सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## गैट परीक्षा में शिवम ने लहराया परचम, संपूर्ण भारत में हासिल की 515वीं रैंक



**प्रतापगढ़।** रानीगंज क्षेत्र में अपने नाना नानी के घर दुर्गा गंज बाजार में रहकर पढ़ाई कर रहे शिवम मौर्य ने गैट परीक्षा में 515वीं रैंक हासिल करते हुए अपने जिले एवम परिजनों का नाम रोशन किया है। कोहंडा स्थित अजब नारायण इंटर कॉलेज से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिवम मौर्य ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी कानपुर से कंप्यूटर साइंस में बीटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अपने नाना केदारनाथ मौर्य एवं नानी के साथ साथ रहते हुए मामा अरुण मौर्य और मामी रिचा मौर्या के संरक्षण में पढ़ाई करते हुए शिवम ने अपने परिवार का नाम रोशन किया है। शिवम मौर्य के पिता अरविंद कुमार मौर्य एवं मां उमा मौर्य प्रयागराज में रहते हैं। शिवम मौर्य के सफल होने पर परिजनों के साथ सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने शुभकामना देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# आदर्श आचार संहिता के शत् प्रतिशत अनुपालन कराया जाये-जिला निर्वाचन अधिकारी

## जिलाधिकारी ने आगामी पर्वो व लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ की बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में आगामी होली त्योहार व लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निर्वाचन सम्बन्धी वल्नरेबिल्टी मैपिंग व क्रिटिकल रूटचार्ट की समीक्षा में जिलाधिकारी ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की रिपोर्ट को देखा तो पाया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व सीओ के द्वारा वास्तविक रिपोर्ट नही दी गयी है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये, नही तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जोयगी, उन्होने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि आज सायंकाल तक रिपोर्ट उपलब्ध करायें। उन्होने निर्देशित किया कि एफ0एस0टी0 टीम द्वारा क्षेत्रों में गहनता से चेकिंग की जाये, कोई भी नकदी व प्रलोभन की सामग्री क्षेत्रों में न बटने पाये इस पर कड़ी निगरानी रखी जाये, अन्यथा की स्थिति लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाये। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में आदर्श आचार संहिता का शत् प्रतिशत अनुपालन कराया जाये। उपजिलाधिकारियों और सीओ को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही समस्त कार्यवाहियॉ की जाये।

जिलाधिकारी ने आगामी होली पर्व के सम्बन्ध में पीस कमेटी के बैठक की जानकारी ली तो सीओ द्वारा बताया गया कि पीस कमेटी की बैठक करा ली गयी है। उन्होने कहा कि होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन करा लिया जाये जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो। होली पर्व को जनपद में शान्तिपूर्वक मनाये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि होली पर्व के दिन क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाये रखे जिससे किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त सीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व गौरैया दिवस

# गौरैया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विश्व गौरैया दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। गौरैया हमारे जीवन और दिनचर्या में बेहद करीब रही है , छत, आंगन और घरों में चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते बड़े हुआ करते थे। अब स्थिति बदल गई है। गौरैया के अस्तित्व पर छाए संकट के बादलों ने इसकी संख्या काफी कम कर दी है और कहीं-कहीं तो अब यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। श्विश्व गौरैया दिवसश् पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था।एक-दो दशक पहले हमारे घर-आंगन में फुद्कने वाली गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। इस नन्हें से परिंदे को बचाने के लिए ही प्रत्येक 20 मार्च को श्विश्व गौरैया दिवसश् के रूप में मनाते आ रहे हैं, ताकि लोग इस नन्हीं-सी चिड़िया के संरक्षण के प्रति जागरूक हो सकें। भारत में गौरैया की संख्या लगातार घटती ही जा रही है। कुछ वर्षों पहले आसानी से दिख जाने वाला यह पक्षी अब तेजी से विलुप्त हो रहा है। गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी ये पक्षी नहीं मिलते । पहले लोग गौरैया के घोंसलों को अपने घर की मिट्टी की दीवारों के दरारों में, बसों और रेलवे स्टेशन की छतों में देखा करते थे। लोग घर के आंगन में धान, सावां, ज्वार और बाजरों के गुच्छे लटकाते थे , जिसके कारण बहुत अधिक गौरैया घरों में आती थीं। छप्पर के बांस के छिद्रों में उन्हें घोंसला बनाने में आसानी होती थी। गौरैया मनुष्य के साथ सैकड़ो वर्षो से रह रही थी लेकिन अब कुछ दशकों से गौरैया शहरी इलाकों में दुर्लभ पक्षी बन गई। उनकी आबादी में भारी गिरावट आई है। हालांकि, गांवों के लोग अभी भी गौरैया के चीं- चीं की आवाजों को सुन और महसूस कर रहे हैं, परंतु शहरी इलाकों में समस्या कुछ ज्यादा ही गंभीर है। हमारी आधुनिक जीवन शैली गौरैया को सामान्य रूप से रहने के लिए बाधा बन गई। पेड़ों की अन्धाधुन्ध कटाई, खेतों में कृषि रसायनों का अधिकाधिक प्रयोग, टेलीफोन टावरों से निकलने वाली तरंगें, घरों में सीसे की खिड़कियाँ इनके जीवन के लिए प्रतिकूल हैं। साथ ही साथ, जहां कंक्रीट की संरचनाओं के बने घरों की दीवारें घोंसले को बनाने में बाधक हैं वहीं घर, गाँव की गलियों का पक्का होना भी इनके जीवन के लिए घातक है, क्योंकि ये स्वस्थ रहने के लिए धूल व स्नान करना पसंद करती हैं जो नहीं मिल पा रहा है। गौरैया को वापस अपने घर आने के लिए घर के छतों, आँगन, खिड़कियों और छज्जों पर दाना और पानी जरूर रखें।बाजार से कृत्रिम घोंसले लाकर रख सकते हैं।पहले की भांति घरों में धान, बाजरा इत्यादि की बालियां फिर से लटकाना शुरू कर दें।गौरैया के घोसला बनाने में मदद करें।

यदि घर में कहीं घोसला बना रही हैं तो उन्हें न बिगाड़े।कोशिश करें कि घर में कार्टून, खोखले बाँस के टुकड़े या मिट्टी की छोटी-छोटी बेकार मटकियों में छेद करके टांग दें।गर्मियों में पीने के लिए पानी की उचित व्यवस्था करें।सबके अंदर यह सामाजिक चेतना बढ़ाएं।इसे सामूहिक प्रयास के रूप में बदलें तभी इसकी सूरत बदल सकती है।

### सौरई में शिक्षक सम्पत्ति ने पाल रखी है गौरैया

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खण्ड कड़ा के सौरई बुजुर्ग गांव निवासी शिक्षक अजय साहू ने आज भी अपने घर मे गौरैया के लिए घोसला बना रखा है जिसमे दर्जनों गौरैया संरक्षण प्राप्त कर रही है वही शिक्षिका शशि देवी प्रतिदिन गौरैया को दाना पानी देकर बराबर देखभाल करती है। शिक्षक अजय साहू का कहना है की गौरैया के संरक्षण के लिए लगभग 15 वर्षो से मुहिम चलाकर मिट्टी व लकड़ी के दो तीन हजार के करीब दो सौ के करीब घोंसला बनवाकर वितरण किया गया है जिससे गौरैया को संरक्षण मिले।

# खाद्य विभाग का होटलों में छापा

## रसोई गैस का कमर्शियल उपयोग करने वाले सिलेंडर किए जब्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद के कई होटलों व मिष्ठान की दुकानों में रसोई गैस का कमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। खाद्य विभाग ने बुधवार को होटलों व मिष्ठान की दुकानों में छापेमारी कर रसोई गैस सिलेंडर बरामद किया है। होली पर्व को लेकर बुधवार को जिला पूर्ति अधिकारी अमित कुमार तिवारी की मौजूदगी में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक ने मंझनपुर क्षेत्र में रेस्टोरेंट , होटल व मिष्ठान की दुकानों में घरेलू सिलेंडर के रोक लगाने के लिए निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियो ने मंझनपुर में शिवा स्वीट्स हाउस , चांदनी रेस्टोरेंट आदि में निरीक्षण कर कमर्शियल सिलेंडर के उपयोग करते देख जांच पड़ताल कर दस्तावेज आदि के बाद संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सिलेंडर जब्त किए गए। इसी तरह नगर पंचायत सिराथू एवं जी टी रोड में स्थित रायल रेस्टोरेंट , नंदू स्वीट हाउस , श्याम स्वीट हाउस , कंगन होटल का निरीक्षण किया गया जहां कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग पाया गया मौके से उपयोग किए जा रहे कमर्शियल सिलेंडर के दस्तावेज की जांच कर संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए सिलेंडरों के अभिलेख मांगे गए। डीएसओ की इस कार्यवाही से संचालकों में हड़कंप का माहौल व्याप्त रहा। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मधुरिमा सिंह , पूर्ति निरीक्षक राम कुंवर आर्य , प्रवीण कुमार सिंह , शत्रुघ्न सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# फ्लाइंग स्कायड टीम ने सैनी में वाहनों की जांच पड़ताल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लाइंग स्क्वायड टीम पूरी तरह से एक्शन में आ गई है। लखनऊ व प्रतापगढ़ जनपद से होकर कौशांबी जनपद को गुजरने वाले वाहनों पर यह टीम नजर रख रही है। इसी बीच बुधवार की शाम फ्लाइंग स्क्वायड टीम के प्रभारी अजय सिंह व उपनिरीक्षक आनंद स्वरूप प्रजापति ने सैनी कस्बे में जांच अभियान चलाया। इस दौरान सैनी कस्बे से होकर गुजरने वाली वाहनों की तलाशी ली गई। एफएसटी टीम के प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर फ्लाइंग स्क्वायड टीम ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कस्बे से होकर गुजरने वाले सभी वाहनों की तलाशी लिया गया। इस दौरान लग्जरी वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि अब प्रतिदिन फ्लाइंग स्क्वायड की टीम जांच अभियान चलाएगी। यह अभियान मतदान संपन्न होने तक जारी रहेगा।

# कोल्ड स्टोर में फर्जी डेयरी का चल रहा था काला कारोबार

## प्रशासन ने छापा मारकर की कार्यवाही





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक कोल्ड स्टोर में फर्जी तरीके से चल रहे एक डेयरी पर तहसील प्रशासन के साथ पुलिस और खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जहा तीन बोतल दूध के नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेजा गया है।

बताया जाता है की सिराथू तहसील क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में स्थित हीरा कोल्ड स्टोर में चल रहे दूध डेयरी में बुधवार को एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह व सैनी कोतवाली प्रभारी जयचंद्र शर्मा के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी किया। टीम ने गहन जांच पड़ताल के बाद तीन बोतल दूध के सेंपल परीक्षण के लिए भेजवाया ।इस दौरान डेयरी संचालक और कर्मचारी भाग निकले और मौके पर हड़कंप का माहौल व्याप्त रहा । इस बाबत प्रयागराज मंडल के सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा संजय कुमार पांडेय ने बताया की लखनऊ से विभाग की सूचना पर त्रिलोकपुर में स्थित हीरा कोल्ड स्टोर में छापा मारा गया है , इससे पहले 18 अक्तूबर 2022 में अभिषेक दूध डेयरी में छापामार कार्यवाही में जुर्माना हुआ था। बगल में चल रही राघव दूध डेयरी 28 फरवरी को बंद हो चुकी है , छापेमारी के दौरान दुर्गा इंटर प्राइजेज दूध डेयरी ने छापा मारा गया

जहां तीन बोतल सेंपल लिए गए जिसको जांच के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। टीम में एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह , प्रयागराज मंडल के सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा संजय कुमार पांडेय , मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार , प्रयागराज मंडल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार यादव , खाद्य सुरक्षा अधिकारी रत्नेश सिंह , नरेश तिवारी , खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिराथू शहाबुद्दीन , चायल से नितिन कुमार , मंझनपुर से डा भरत मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद रही।

# कड़ा कुबरी घाट पर आयोजित हुआ होली स्नेह मिलन समारोह एवं कर्ण संवाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** बुधवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के कुबरी घाट पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी के द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से होली स्नेह मिलन एवं कर्ण संवाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इस कार्यक्रम में मुख्य कथा वाचकध्लेखक के रूप में शिव प्रकाश साहित्य पहुंचे और उन्होंने इस कार्यक्रम में आये हुए श्रोताओं को कर्ण संवाद सुनाया जिसमें उन्होंने लोगों की जमकर तालियां बटोरी और साथ ही कर्ण संवाद के विभिन्न पक्षों पर कथा सुनाई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के अध्यक्ष रागिनी केसरवानी पहुंची जहां पर राष्ट्रीय कला मंच कौशांबी काशी प्रांत की अध्यक्ष रीता पांडेय ने अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी, पंडा समाज अध्यक्ष उदय पाण्डेय, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जिला संयोजक शिवबाबू चौधरी, तहसील संयोजक रवि पटेल, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक रीचा पांडेय, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी,अंजनी पांडेय,कल्लू पंडा आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा शाही ईदगाह विवाद के मुख्य पक्षकार को फोन पर मिली धमकी

## सैनी कोतवाली पुलिस केस दर्ज कार्यवाही में जुटी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा-शाही ईदगाह विवाद के मुख्य पक्षकार को मोबाइल पर धमकी भरी काल आई है। धमकी देने वाले शख्स ने खुद को आतंकी संगठन का एजेंट बताते हुए आशुतोष पांडेय को धमकी देते हुए कहा कि अगर तीन दिन में केस वापस नही लिया तो तुम्हे बम से उड़ा देंगे।

आशुतोष पांडेय के मुताबिक धमकी देने वाले ने देश विरोधी नारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी अभद्र टिप्पणी की है। पक्षकार आशुतोष पांडेय के मोबाइल फोन पर धमकी भरी काल उस वक्त आई जब वह मंगलवार की देर रात इलाहाबाद हाईकोर्ट पैरवी के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह कौशाम्बी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में पहुंचे उन्हें फोन पर धमकी मिली। जिसके बाद हिंदू पक्ष के मुख्य वादी आशुतोष पांडेय सीधे सैनी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। सैनी थाने में इस मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने धमकी देने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 504, 507 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आशुतोष पांडेय 20 मार्च को मथुरा से केस की पैरवी के लिए प्रयागराज जा रहे थे।दिल्ली से प्रयागराज जाते समय सैनी कोतवाली के समीप उन्हें फोन पर बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

धमकी भरी कॉल पाकिस्तान के नंबर से आई थी। धमकी देने वाले ने खुद को पीएफआई संगठन का एजेंट बताया है। उसने फोन पर देश के प्रधानमंत्री और हिंदू देवी देवताओं को भी गालियां दी है। बताया जाता है की आशुतोष पांडेय श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा के अध्यक्ष हैं। आशुतोष पांडेय ने श्री कृष्ण जन्मभूमि में वाद संख्या चार वर्ष 2023 में दाखिल किया है। इससे पहले भी आशुतोष पांडेय को कई बार फोन पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

जिस संबंध में उन्होंने मथुरा, प्रयागराज और फतेहपुर में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले में क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया की बीती रात 12:10 बजे आशुतोष पांडेय द्वारा सैनी थाने में धमकी दिए जाने के संबंध में तहरीर दी गई है। मामले में केस दर्ज कर मोबाइल नंबर को ट्रेस किया जा रहा है। आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

# पड़ोसी कुनबे ने दरवाजा लगाने के विरोध में महिलाओं को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के काजू गांव की रंजना पत्नी लालबहादुर के अनुसार मंगलवार की सुबह पड़ोसी दबंग उसके सेहन की तरफ दरवाजा लगा रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने महिला के साथ गाली-गलौच कर उसको डण्डों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंची उसकी देवरानी कामता और भतीजी संजना को भी पीटा। पिटाई से तीनों को काफी चोटें आई। लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया।घायल महिलाओं थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाने के बाद पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# मनौरी में महिला सशक्तिकरण के लिए विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मनौरी, कौशाम्बी।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं से सम्बंधित कानून विषय पर चायल के महमूदपुर मनौरी बाजार में बुधवार को जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल जज हेमेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों व कानून के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया।

सिविल जज हेमेंद्र सिंह ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए बनाए कानून व शिकायतों के निवारण के लिए न्याय वितरण प्रणाली से अवगत कराया। संविधान में महिलाओं को प्रदान किए मूल अधिकारों, संवैधानिक उपायों, पारिवारिक कानूनों, फौजदारी एवं दीवानी कानूनों, श्रम कानूनों, महिलाओं बंदियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस गोष्ठी का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकार, उनके लिए सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओ एवं योजनाओं, स्त्री रोग एवं मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरुक करना था।

तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम ने अनैतिक अत्याचार की शिकार महिलाओं या जिनसे बेगार कराया जाता है, अनपेक्षित अभाव, बहुविनाश, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकंप, औद्योगिक विनाश की दशाओं के अधीन सताए हुए लोगों को शासन से चल रही लाभकारी योजनाएं दुर्घटना बीमा, मुआवजा दिलाने जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए भी जागरुक किया। घरेलू हिंसा, दहेज हत्या से संबंधित मामलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्राधिकरण में स्थापित मध्यस्थता केंद्र से आपसी सुलह समझौता से समाप्त किया जा सकता है। इस मौके पर दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# दबंगों ने पुराने विवाद में युवक को पीटकर किया लहूलुहान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के शिवाला मार्केट बम्हरौली में मंगलवार की रात दबंगों ने पुराने विवाद में मस्जिद से घर लौट रहे एक युवक को जमकर पीट दिया। पिटाई से वह लहूलुहान हो गया। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी बेगम बाजार क्षेत्र के शिवाला मार्केट बम्हरौली निवासी वकार अहमद पुत्र लल्ला किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके भाई आतिफके अनुसार गांव का एक परिवार उनके परिजनों से रंजिश रखता है। मंगलवार की रात उसका छोटा भाई वकार अहमद तरावीह की नमाज अता कर मस्जिद से घर लौट रहा था।इसी दौरान शिवाला मार्केट के समीप चार दबंगों ने पुराने विवाद को लेकर उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से वह लहूलुहान हो गया।लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने भाई के साथ थाने जाकर दबंगों के खिलाफ मामले की तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# जीव में अभिमान आता है तो भगवान उनसे दूर हो जाता है- अनुराग शरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू कस्बे में स्थित लक्ष्मी गेस्ट हाऊस में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए अयोध्या धाम से पधारे राष्ट्रीय बालसंत अनुराग शरण जी महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा है रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए महाराज जी ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतहः ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा के दौरान अनुराग शरण जी महराज ने भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्य यजमान हरिमोहन वर्मा , उर्मिला वर्मा सहित श्रोतागण मौजूद रहे ।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने नामित बाल कल्याण अधिकारी प्रभारी के साथ समीक्षा की बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में आयोजित एसजेपीयू तथा एएचटीयू की (पाक्सो एक्ट बालकों का देखरेख और संरक्षण अधिनियम) के सम्बन्ध में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समस्त थानों एवं विभिन्न शाखाओं में नामित बाल कल्याण अधिकारी प्रभारी के साथ समीक्षा की बैठक की गयी।

# श्रीमद्भागवत कथा के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के अंतर्गत वार्ड नं एक तिलकनगर में हो रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।सात दिवसीय आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया।प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा से लेकर प्रतिदिन होने वाली कथा में पूरा पंडाल परिसर भक्ति रस में डूबा रहा।कथा व्यास अखिलेश जी महाराज के द्वारा 11 मार्च से 18मार्च तक विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनायी गयी।बुधवार को कथा के समापन के अवसर महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमे आसपास के क्षेत्र के हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अरुण केशरवानी, लखनलाल अग्रहरि , राजू अग्रहरि, लीला देवी , शिवशंकर केशरवानी, श्रीनाथ अग्रहरि, अनूप अग्रहरि , नीलू अग्रहरि, ओम महराज, अशोक पाण्डेय, बृजेश अग्रहरि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है?कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक 'विशिष्ट शक्ति' से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है।उन्होंने कहा- 'यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है।' मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन-सा अभियान चलाया है?इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता।बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म-निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन-सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

# यूपी में ओबीसी वोटरों पर पकड़ किसी भी दल को बना देती है नंबर वन पार्टी



**अजय कुमार,लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) हमेशा बड़ा सियासी वोट बैंक रहा है। ओबीसी में तमाम जातियां आती हैं,जिनके बारे में कहा जाता है कि यूपी में इनकी आबादी करीब पचास फीसदी है। ओबीसी वोटर समय-समय पर अपना सियासी स्वभाव बदलता रहता है। यह वर्ग कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी तक का मजबूत वोट बैंक रहा है। आज के सियासी माहौल की बात की जाये तो पिछले करीब एक दशक से ओबीसी समाज की एक-दो जातियों को छोड़कर इस वर्ग की अधिकांश जातियों के वोटरों का झुकाव भारतीय जनता पार्टी की तरफ दिखाई दे रहा है। इसी के चलते यूपी में बीजेपी लगातार मजबूती हासिल कर रही है। यह बात समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं को बिल्कुल भी रास नहीं आ रही है।इसी लिए चाहें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी हों या फिर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव लगातार लगातार ओबीसी वोटरों पर डोरे डालने में लगे हैं।इन दोनों दलों द्वारा जातीय जनगणना की मांग भी इसी के लिये की जा रही है,ताकि वह इन वोटरों को अपनी तरफ आकर्षित कर सकें। इसी तरह से राहुल गांधी बार-बार यह बताने से नहीं चूकते हैं कि प्रशासनिक स्तर पर ओबीसी अधिकारियों की नुमाइंदगी कितनी कम है।राहुल गांधी तो हर जगह जातीय विद्वेष फैलाने में लगे हैं।

बहरहाल, आज जिस लाईन पर राहुल गांधी चल रहे हैं उसे उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव ने लगभग चार दशक पहले ही भांप लिया था।इसी लाइन पर बढ़ते हुए मुलायम ने सियासत के फार्मूले को पलट दिया था। आज भी उनकी पार्टी पुरानी लीक पर चलते हुए प्रासंगिक बनी हुई हैं,जिसकी काट के लिये ही भाजपा ने बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न व हरियाणा में ओबीसी के नायब सिंह सैनी को सीएम बना बताया है।यादवों बिरादरी को खुश करने के लिये मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जहां तक मुलायम सिंह यादव को सम्मान देने का सवाल है, तो बीजेपी एक तीर से दो निशाने साधना चाहती है। एक ओर वह बचे-खुचे अन्य पिछड़े वर्गों को अपनी ओर मिलाने में लगी है, तो दूसरी ओर यूपी में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को एक ऐसी स्थिति में डाल देना चाहती है कि वह बीजेपी सरकार के कार्यों की प्रशंसा करने पर विवश हो जाए. हालांकि, इससे पहले भी बीजेपी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं का सम्मान करके और कांग्रेस पार्टी से जुड़े महापुरुषों का सम्मान करके उन पर अधिकार जताने की कोशिश कर चुकी है.

वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार कहते हैं,'मुलायम सिंह को सम्मान देकर भाजपा ने यादवों को अपने पाले में लाने की कोशिश की है। मुलायम सिंह यादव लंबे समय तक पिछड़ी जातियों के सर्वमान्य नेता रहे थे। अखिलेश यादव की वह स्थिति नहीं है. बीजेपी ने इससे बड़ा संदेश देने का काम किया है. सबसे बड़ी बात यह भी है कि कैसे अखिलेश यादव को धर्म संकट में डाला जाए। चुनाव से पहले बीजेपी अक्सर ऐसा करती है कि संदेश भी चला जाए और भ्रम भी बना रहे. इस एक कदम से उसके दोनों मकसद सिद्ध हो गए।

बात यहीं तक सीमित नहीं है इससे आगे बढ़ते हुए बीजेपी मध्य प्रदेश में डा. मोहन यादव को सीएम बनाकर उत्तर प्रदेश के ओबीसी वर्ग को लुभाने के प्रयास में है।प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एक बड़ा मतदाता वर्ग है। सपा जैसी समाजवादी पार्टियों के साथ आगे बढ़ रही कांग्रेस लगभग दो वर्ष से सामाजिक न्याय के मुद्दे को उछाल कर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही है। विपक्ष के संयुक्त अभियान का अघोषित नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी देशभर में घूम-घूमकर आबादी के अनुरूप सत्ता में सबकी हिस्सेदारी का नारा लगा रहे हैं तो इसकी वजह है कि ओबीसी के बड़े वोटबैंक पर विपक्ष की नजर है।

उधर,विपक्ष की ओबीसी काट के लिये चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले बीजेपी ने हरियाणा में मनोहर लाल के बदले ओबीसी समुदाय के नायब सिंह सैनी को सरकार की कमान देकर साफ संकेत दे दिया है कि उसके तरकश में तीरों की कमी नहीं है। मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव पहले से ही बिहार व उत्तर प्रदेश के ओबीसी वर्ग को लीक बदलने को प्रोत्साहित कर रहे है।मगर राजनैतिक पंडितों को लगता है कि कांग्रेस ने देर से इस लीक पर कदम रखा है। आजादी के वक्त ही यदि वह राजनीतिक करवट का अंदाजा लगा लेती तो आज शायद उसका ऐसा हाल नहीं होता। गर्दिश में जी रही अन्य जातियों की पहचान के लिए काका कालेलकर की अध्यक्षता में आयोग बनाया गया था। आयोग ने 1955 में रिपोर्ट भी सौंप दी थी, लेकिन इसे तहखाने में डालकर छोड़ दिया गया। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चाहता तो सिफारिशों को लागू कर वोट में तब्दील कर सकता था। दूसरी पहल, 1977 में कांग्रेस के विरोध में बनी जनता सरकार ने बीपी मंडल की अध्यक्षता में आयोग बनाकर की। आयोग ने 1980 में रिपोर्ट सौंपी, किंतु कांग्रेस की इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की सरकारों ने उसे भी फाइलों में दबा दिया। तीसरी पहल, बनी वीपी सिंह की सरकार ने 1990 में मंडल आयोग की उन सिफारिशों को लागू कर की, जो दशकभर से किसी उद्धारक का इंतजार कर रही थी। कांग्रेस फिर चूक गई। यहां तक कि प्रतिपक्ष के नेता के रूप में राजीव गांधी ने सदन में इसका विरोध किया।

बहरहाल, केंद्र में नरेन्द्र मोदी को शीर्ष तक पहुंचाने में ओबीसी की बड़ी भूमिका है। राज्यों में मुलायम सिंह यादव, लालू प्रसाद एवं नीतीश कुमार की राजनीति भी ओबीसी की फैक्ट्री से ही निकली। आज भी कई राज्यों में राजनीतिक दलों का भविष्य ओबीसी वोटरों के मूड पर निर्भर करता है। यह तब है जबकि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई आंकड़ा नहीं है, जो बता सके कि किस वर्ग ने किस दल को वोट किया, किंतु लोकनीति सीएसडीएस का सर्वे बताता है कि 2009 से कांग्रेस का ओबीसी वोट घट रहा एवं भाजपा का बढ़ रहा। 2009 में भाजपा को सिर्फ 22 प्रतिशत ओबीसी वोट मिला था, जो 2014 में बढ़कर 41 प्रतिशत और 2019 में 48 प्रतिशत हो गया।

## कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है।मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल-फल सके। उन्होंने कहा- 'भारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है।'सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की।सुब्रह्मण्यम ने इसे ÷पूर्णतः रहस्यमय÷ बताया। कहा- ÷ईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया।÷ कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री का यह सार्वजनिक बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। दरअसल, आर्थिक आंकड़ों की बात करें, तो ऐसी बहुत सी अन्य विसंगतियां सामने हैं।सचमुच यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आंकड़ों के साथ खिलवाड़ या हेरफेर जरिए ऐसी धारणाएं बनाई गई हैं, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं है। स्पष्टतः ऐसी धारणाओं के जरिए आबादी के एक हिस्से को कुछ समय तक के लिए भटकाए रखा जा सकता है, लेकिन उनके जरिए आम जन की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता। समाधान निकालने की पहली शर्त सच को स्वीकार करना है।




**मेष राशि:** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे उसे भलीभांति तय वक्त पर पूरा करके दिखाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपको उम्मीद भरी नजरों से देखा जाएगा। आपकी काबिलियत का जूनियर भी अनुसरण करने की कोशिश करेंगे। इस दौरान आप किसी भी तरह की जल्दबाजी ना करें। आपको संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलने के योग बनें है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत बनेगी। धन कमाने के कई मौके मिलेंगे। जिनसे आपको काफी धन लाभ होगा। आपके व्यापार में अच्छी प्रगति के योग हैं आज काम की वजह से आपकी व्यस्तता ज्यादा रहेगी। परिवार के लिए समय निकाल पाने में मुश्किलें आएंगी। इससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार आएगा। आपके रुके हुए सभी कार्य पूरे होने लगेंगे। सही और गलत का भेद करके ही कोई निर्णय लें। इसका आपको कार्यक्षेत्र में फायदा मिलेगा। आज कहीं दोस्तों के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। आपका मन आज धार्मिक कार्यों में भी लगेगा। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी जिससे आपको बहुत खुशी होगी।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आपको रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। करियर और व्यापार के लिहाज से आज का दिन शुभ रहने वाला है। आप कार्यस्थल पर अपने किसी सीनियर्स के साथ आज वाद विवाद से बचें। काम में थोड़ी बाधाएं आएंगी लेकिन आप अपनी समझदारी ठीक कर लेंगे। अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आपकी पहचान बनेगी। आपके जिद्दी स्वभाव के कारण कुछ मुश्किलें खड़ी हो सकती है।

**सिंह राशि :** आपके लिए आज का दिन खास रहेगा। आप किसी के साथ साझेदारी में कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। आपको महत्वपूर्ण लाभ होगा। धैर्य रखने से रुके हुए कार्यों को पूरा करेंगे। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। घर में बड़े-बुजुर्ग की सेहत अच्छी रहेगी। धार्मिक गतिविधियों में आप बहुत एक्टिव रहेंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आएंगे। जो लोग गवर्नमेंट सेक्टर में नौकरी के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्हें सफल होने के योग हैं। लेकिन आज आप किसी विवाद से बचने की कोशिश करें।

**कन्या राशि :** आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी योग्यता से अपने परिवार का नाम रोशन करेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। आप धैर्य के साथ पढ़ाई करेंगें, जिससे आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। जो लोग किसी बड़े सरकारी पद की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हैं, अपनी मेहनत के दम चयनित हो सकते हैं। आपको किए गए किसी निवेश से अच्छा धन लाभ होगा।

**तुला राशि:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपके विचारों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। आप सभी चुनौतियों को दर किनार कर तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। व्यापार में उत्तम लाभ के योग बनेंगे। आज आपके खर्चों पर नियंत्रण बना रहेगा। साथ ही अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज आप खुद के विश्वास के दम पर बहुत कुछ कर पाएंगे घर में कोई बड़ा उत्सव होगा इसे पारिवारिक माहौल धार्मिक और शांतिपूर्ण रहेगा, मन में आज कुछ नया सीखने की इच्छा जगेगी, जिससे आप कुछ नया पढ़ने का विचार बना सकते हैं इससे ना केवल आपको खुशी मिलेगी बल्कि आपका ज्ञान भी बढ़ेगा कुछ नए महत्वपूर्ण लोगों से आज आपकी मुलाकात होगी। जिनसे मिलकर आपको काफी अच्छा महसूस होगा और आगे तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आपको संतान पक्ष से सुखद समाचार मिलेंगे।

**धनु राशि :** आपके लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में विशेष सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ इंज्वॉय करेंगे। यदि आप साझेदारी में कोई व्यापार कर रहे हैं तो थोड़े उतार-चढ़ाव की स्थिति बनेगी। उच्च कोटि के व्यावसायिक निर्णय भविष्य में लाभकारी सिद्ध होंगे। स्टॉक ब्रोकर का काम करने का आज अच्छा फायदा हो सकता है। आप कहीं की यात्रा कर सकते हैं। इससे आपको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। अन्य स्रोतों से आमदनी बढ़ने की संभावना है। कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवार की राय लेना कारगर साबित होगी।

**मकर राशि :** आपके लिए आज का दिन रोज से अच्छा रहेगा। आपके पारिवारिक जीवन में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। घर के सदस्यों में आपसी सौहार्द बना रहेगा। इस दौरान आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं उन्हें प्रमोशन के चांस मिलेंगे। आप कोई व्यापारिक निर्णय लेंगे। जिससे आपको आर्थिक स्थिति में काफी सुधार देखने को मिलेगा। सोच समझकर कोई भी निवेश करें वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। नियमित प्राणायाम का अभ्यास करें।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आपके घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। जिसमें आप अपने सभी सगे संबंधियों से मिलेंगे। आपको खुशी मिलेगी और रिश्तों में मजबूती आएगी। लेकिन आप काम को लेकर दबाव महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं अच्छे परिणाम लेकर आएंगी। किन्ही कारणों से आज आप आलस्य महसूस करेंगे।

**मीन राशि :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आप अपने मनपसंद कार्यक्षेत्र में अपनी काबिलियत से बेहतर परफॉर्म करेंगे। आपको बहुत अच्छी सफलता मिलेगी। आमदनी बढ़ेगी और आपके बैंक बैलेंस में भी ग्रोथ होगी। आपको कार्यक्षेत्र में सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई नया व्यापार शुरू करने का प्लान करेंगे। इससे आपको काफी लाभ हो सकता है। अध्यात्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## मौसम आया रंग का

मौसम आया रंग का, देखा रंग हजार ।
पीला - पीला खेत है, अरु बासंती नार ।
अंबर नीला हो गया, श्याम हुई है शाम ।
धानी चुनरी ओढ़कर, धरा बिखेरे भाम ।।
महके फूल पलाश के, रंग लपेटे लाल ।
संग हवा खुशबू लिए, आती है हर साल ।।
गोरी व्याकुल द्वार से, देख रही है राह ।
साजन मुझको रंग दे, मन में भरा उछाह ।।
नैना तरसे रात दिन, दिल धड़के हर शाम ।
पिया मिलन की आस में, झूल रहा है चाम ।।
इस होली में रंग दूँ , साजन तेरे गाल ।
मुझको रँगना प्रेम से, फिर बन जाना ढाल ।।

**ज्ञानन्द चौबे ज्ञान**
**झारखंड**



## कुछ तो बदल रहा है

कुछ तो है जो बदल सा रहा है,
घरोंदे में छिपा पंछी पंख फैला तो रहा है,
पता था मुझको,
तू मन के शब्दों को मोती में पिरो तो रहा है,
हर मोती पर लिखा नाम मेरा तूने,
क्या सच तू समझ पा रहा है,
क्यूँ
शब्दों का मोल बढ़ा रहा है,
सोने की कलम से,
चांदनी को कागज़ पर उतार तो रहा है,
फकत शब्दों में लिपटा,
मेरा दुप्पटा महक सा रहा है,
कुछ तो है जो बदल सा रहा है,
क्यूँ
यादों की स्याही से,
किताबों के लिखे पन्ने मिटा रहा है,
समझती हूँ तेरी उत्सुकताओं को,
पुरानी चाबियों से,
नए बक्सों के तालों को खोल तो रहा है,
दुरुस्त है,
किसी और की स्याही से,
किसी और की किताबों से,
मेरे नए बक्सों को भर तो रहा है ,
सच कुछ तो है जो बदल सा रहा है,
सच , कुछ तो है जो बदल सा रहा है
।।।

**रंजीता जोशी तुलसी**



स्वीकार करने की हिम्मत और
सुधार करने की नियत हो तो
इंसान "कुछ भी" कर सकता है।

## मेरा अपना वो गांव

बहुत याद आता है मेरा अपना वो गांव
वो महुआ की डाली और अमवा की छांव।
घर के पीछे था एक आम का बाग
उसके पीछे बहती थी नदिया की धार।
हरियाली तो ऐसे जैसे कश्मीर की घाटी
याद आता है मुझको वो लेपा और माटी।
घर में दादा जी का बड़ा ही डर था
उनके रहते मेरा मुश्किल सफर था।
खेलना तो दूर बाहर आने से सकुचाता
उनको देखते ही पलंग के नीचे घुस जाता।
वो प्यारा स्कूल और उसकी कहानी
बहुत याद आती है मेरी अपनी जिंदगानी।
अम्मा के हाथों की मक्खन-मलाई
मट्ठे की सोंधक और दूध की मिठाई ।
स्कूल जाना और कक्षा में सोना
कैसे भूलुंगा मैं वो सपना सलोना।
आती थी आफ़त जो शाम को था पढ़ना
दादा जी का लप्पड़ मेरी पीठ पे पड़ना।
दोस्तों के संग की हंसी और लड़ाई
नहीं भूली जाती है तब की मिताई।
सुबह-सुबह दादा जी सबको जगाते
आंख मूंद कर वो प्रार्थना कराते।
जानें कौन-कौन सा श्लोक रटाते।
अब तो भूल गए पर तब थे सुनाते।
कितना बताऊं मैं बचपन सुहाना
कितना दिखाऊं मैं तब का जमाना।
पेड़ों पे झूला और खेतों में हल
बड़ा याद आता है बारिश का पल।
बागों में कोयल बोले तो ऐसे
कानों में रस कोई घोले हो जैसे।
गोरू का चरना चरवाहों चलना
झरती थी बूंदें जैसे कोई झरना।
बाजरे की रोटी और आम का अचार
छाता था मौसम में जब ठंड का गुबार।
तृणों पे ओस जैसे नाक की नथिया
जा रहीं हैं ससुराल जैसे कई सखियां।
आमों के पेड़ों पर बौरों का लगना
तो समझो कि आ गई हैं गर्मी बहना।




कुछ मत पूछो इनकी कहानी
हर घर में होता था शरबत और पानी।
सबकुछ बीता आया नया जमाना
शहर पढ़ने आया मैं गांव का दीवाना।
राहें हैं मुश्किल, मुश्किल सफर है
चलना है दुर्लभ ये कैसी डगर है।
सड़कें हैं पक्की रौशनी बड़ी है
पर हर पग पे जैसे एक मुसीबत खड़ी है।
कभी रिजल्ट की चिंता कभी पास होने का डर
जानें कहां छूट गया वो प्यारा सफ़र।
कुछ दिन रहकर ही मैं ऊबा हूं ऐसे
दो-चार सौ बरस हो गए हों जैसे।
राम करें पूरी हो मेरी पढ़ाई
लौट चलूं घर को ये करता दुहाई।
महुआ की डाली और अमवा की छांव
फिर से मिल जाए मुझे मेरा अपना वो गांव।

**प्रभंजन त्रिपाठी**
**सिकंदरा, प्रयागराज**

## दो गज जमीन

अपनी मातृभूमि जीने और मरने का है शुभ स्थान।
धर्म कर्म, से मानव जाति का होता है कल्याण।
महल या झोपड़ी की जरूरत है,सर छुपाने के लिए।
दो गज जमीन की जरूरत है काया दफनाने के लिए।
अमीर,गरीब का अनगिनत,गज जमीन सब बेकार है।
मृत शव जलने के लिए,दो गज जमीन का दरकार है।
वही दो गज जमीन के लिए मालिकाना निभाना है।
मरने पर शेर छटाक भी,वसुंधरा संग में नहीं जाना है।
हे मनूज जगह जमीन के लिए भाई से ना तकरार कर।
श्मशान में तेरे लिए,दो गज,रब दिए हैं इन्तजार कर।
श्मशान में बैठे हैं,महादानी शिव शंकर बनकर अमीन।
तेरे लिए सुरक्षित किए हैं श्मशान में,दो गज जमीन।
धैर्य धर,अपने माता-पिता,श्री गुरु का सेवा कर।
आंख बंद होते सब छूटेगा, कुछ नहीं जाएगा लेकर।
जिंदगी अनमोल है सखा,कल किसी ने नहीं है देखा।
चार दिन की जिन्दनी है,सको तो पढ़ले भाग्य का रेखा।
धरा में बाबा बड़ा ना भाय,सबसे बड़ा है,धर्म कमाय।
हे सखा तब क्यों *दो गज जमीन* के लिए,प्राण गंवाय
मरने के बाद,हरी बांस से बांधेगा टूट खाट मुंज डोरी।
कोई देखेगा नहीं,हंसा निकल जाएगा चुपके चोरी।

**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**



## हमजोली

तन फगुआ मन आंच सखी रे,
कैसे खेलूँ होली?
पीहर छूटा पी की खातिर,
मुंह से कुछ न बोली।
फेरे लेकर, फेर लिया मन,
करके आंख मिचोली।
परदेशी का मन नहि पसिजै,
सखियाँ करें ठिठोली।
कूक रही कोइलिया रह-रह,
डंक मारती बोली।
मह-मह महक रही अमराई,
सूनी मेरी झोली।
गुझिया, पूरी और कचौरी,
गजक,रसभरी गोली।
तरह- तरह मिष्ठान्न बने घर,
फिर भी तरसे भोली।
सबके प्रियवर घर को आए,
मेरी सूनी खोली।
अबीर,गुलाल, खेलें मिलकर,
मैं कोने में होली।
अब भी कुछ नहि बिगड़ा प्रियतम,
आ जाओ हमजोली।
मिलजुलकर हम खेलें फगुआ,
मलें अंग पर रोली।

**अनुपम चतुर्वेदी**
**सन्त कबीरनगर, उ0प्र0**




उस पछतावे के साथ मत जागिये,
जिसे आप कल पूरा नहीं कर सके,
बल्कि उस संकल्प के साथ जागिये,
जिसे आपको आज पूरा करना है।

# यूं ही एक विचार

आज यूं ही बैठे बैठे खयाल आ गया !
क्या दौर था वो भी...
जब परिवार सही मायने में संयुक्त परिवार हुआ करते थे।
शिक्षा, समझ का अभाव कहिए या मेडिकल सुविधाओं का अभाव।
मुझे आज ये लिखते हुए बिल्कुल भी शर्मिंदिगी
महसूस नहीं हो रही है,और हो भी क्यों जो सच है वो सच्चाई है।
÷÷÷ मेरे पापा लोग छे भाई, दो बहनें थीं ।
कुल मिलाकर आठ लोग।
मेरी मां अकेली बहन और चार भाई,कुल पांच लोग,
उसके बाद हम चार बहनें तीन भाई, सात लोग ।
अब जरा ये सोचिए हमारा खानदान कितना बड़ा ....
न ना विशाल कहना सही रहेगा , विशाल होगा।
होगा क्या.....है ...आज हमारे घर में छोटा सा भी कोई आयोजन होता है ,तो लगता है शादी जैसा कोई बड़ा आयोजन है ।
बाहर वालों को बुलाने की जरुरत ही नहीं पड़ती।
वैसे सिर्फ़ हमारे घर में ही नही बल्कि लगभग हर दुसरे घर में, या गांव में इतने ही लोग हुआ करते थे ।
चाचा ,ताऊ ,बुआ ,मामा ,मौसी ... ओहो ... रिश्तों की भरमार.. कितना प्यार कितना स्नेह,.. कितना अपनापन
मां बाप ने यदि बच्चे को डांट दिया तो बुआ,या चाचा ने स्नेह कर लिया..।
,÷भरा पूरा घर ....!
उसे कहते थे सही मायने में संयुक्त परिवार,
कितने सुंदर थे ये सब रिश्ते ।
कितना अपनापन था , सब मिल जुल कर रहते थे।
जब तक परिवार में सब बच्चो की शादी नही हो जाती थीं ,
तब तक कोई अपना परिवार को लेकर अलग रहने की सोचता भी नहीं था,
सब मिलजुल कर साथ में रहते थे, किसी को किसी से कोई गिला शिकवा नहीं होता था , यदि होता भी था तो भी चुपचाप ही
रहते थे जब तक मां बाप अपनी सभी जिम्मेदारियों से मुक्त नही हो जाते थे सब साथ निभाते थे..
वैसे जिम्मेदारियां कोई खास ज्यादा बड़ी नही थी पढ़ने पढ़ाने से कोई खास ज्यादा मतलब नहीं होता था,
पढ़ाते सबको थे सरकारी स्कूल हुआ करते थे, जिसने पढ़ लिया ठीक , जिसे पढ़ाई पसन्द नहीं वो भी ठीक, और समय से सबकी शादी विवाह करके अपना बोझ कम कर लेते थे।
खैर ये तो रहा माता पिता का दौर और परिवार की गरिमा।
फिर आया हमारा दौर हम दो हमारे दो ज्यादा न सही एक मामा एक मौसी, एक चाचा एक बुआ
सबको नसीब हो ही गए, इन रिश्तों की भी लाज बच गई।
और समझ भी आया की जनसंख्या नियंत्रण बहुत ज़रूरी है।
बच्चो की अच्छी शिक्षा अच्छा पालन पोषण भी बहुत ज़रूरी है।
लेकिन अब हमारे बच्चो का दौर शुरू होने जा रहा है,
और देख रही हूं ..
हम दो हमारा एक का प्रचलन चल पड़ा है।
कई लोग सिर्फ एक बच्चे में संतुष्ट हैं,
उस बच्चे के लिए भी समय नहीं है,
एक ही बच्चा है और मां बाप को उससे ही कई सारी अपेक्षाएं भी होंगी..
उस बच्चे के सर पर कितना बोझ होगा या तो लायक ही बनेगा या नालायक ही ...
और भविष्य में चाचा मामा मौसी बुआ सब किताबी बातें, होकर रह जाएंगी है न....????
यूं ही एक विचार..... !

**किरन भण्डारी**
**कालाढुंगी नैनीताल उत्तराखंड**



# पत्रकार महासंघ तहसील इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

## एसडीएम ने अध्यक्ष पन्नालाल व महामंत्री अजय यादव समेत कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की कुंडा तहसील इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी शरण मिश्रा संगम, उपाध्यक्ष सौरभ वैश्य, शाहबाज खान उपेंद्र तिवारी, महामंत्री अजय यादव सचिव मोहम्मद जफ़र सिद्दीकी, संगठन सचिव रामबरन, संयुक्त सचिव रोहित पांडे, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, आय-व्यय निरीक्षक धीरज धुरिया मीडिया प्रभारी गौरव मिश्रा, जिला प्रतिनिधि उमाशंकर व सत्य प्रकाश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य इजहार अहमद शेख अरशद खान शाश्वत शुक्ला प्रवीण कुमार मिश्रा शाद आजम, अजमत अली अजय ओझा सुहैल अहमद रवि मोदनवाल व मनमोहन सरदार को मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी भरत राम जी ने मां सरस्वती का माल्यार्पण करते हुए पद की शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाते हुए मुख्य अतिथि भरत राम जी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार व पत्रकारिता समाज सेवा व जनहित के लिए होना चाहिए, क्योंकि यह एक मिशन है। समाज की हर घटनाओं को निष्पक्ष और निर्भीक होकर ईमानदारी से लेखन करने वाला ही सच्चा पत्रकार है। पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है। आजकल व्हाट्सपिया पत्रकारों की बाढ़ आ गई है।

इससे सच्ची पत्रकारिता प्रभावित हो रही है।भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक विशिष्ट अतिथि डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार व कलमकार को किसी के दबाव में न आकर निष्पक्ष लेखन का कार्य करना चाहिए। पत्रकारों के हितों का संघर्ष करने करने वाला भारतवर्ष का सबसे बड़ा व विश्वसनीय पत्रकार संगठन भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जो आज हिंदी भाषी 18 प्रदेशों में कार्यरत हैं। जल्द ही दक्षिण भारत में भी विस्तारित होगा। आगामी 15 जुलाई के बाद महासंघ के गठन का 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती वर्ष मनाया जाएगा। कुंडा तहसील इकाई की तरफ से मुख्य अतिथि भरत राम जी, विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक अजीत कुमार सिंह, राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर राजीव त्रिपाठी, नगर पंचायत मानिकपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल डिंपू भैया, रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ला, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव को अंग वस्त्रम के साथ सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन संयोजक,चुनाव अधिकारी डॉ विजय यादव ने नए पुराने पत्रकार साथियों को चला व टिप्स देते हुए कहा कि पत्रकारिता के पवित्र पेशे का ईमानदारी व निष्पक्ष भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। पीत पत्रकारिता से बचे तथा पत्रकारिता को कलंकित करने वालों से दूरी बनाते हुए पत्रकारिता के मापदंडों पर खरे उतरेंगे तभी आप अच्छा और सच्चा मुकाम हासिल कर पाएंगे। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अंत में सभी के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, पवन प्रभात समाचार पत्र के संपादक पवन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, संरक्षक अब्दुल हाशिम, सौरभ चतुर्वेदी, अनिल त्रिपाठी, रामभरोस मिश्रा, सतीश कुमार शर्मा डॉक्टर सुशील पटेल, राकेश जायसवाल, महेश धुरिया रामसिंह यादव बसंत कुमार श्रीवास्तव रूपेंद्र शुक्ला, राहुल कुमार, रवींद्र दुबे, रामबरन, दीपक गुप्ता समेत अन्य पत्रकार अधिवक्ता व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेल संपत्ति के चोरों से अफसरों का चोली दामन का रिश्ता

## लाखों की संपत्ति पर साफ कर चुके हैं हाथ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन की संपत्ति की चोरी में यहां के शातिर चोरों के तार रेलवे के कर्मचारियों से जुड़े हैं। यूं कह लीजिए अरसे से दोनो के बीच चोली दामन का रिश्ता चला आ रहा है। यह बात सोलह आने सही है। क्योंकि अगर चोरी की घटनाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि पिछले करीब दो दशक में करीब आधा दर्जन चोरी की बड़ी घटनाएं हुई हैं। जिसमें लाखों की संपत्ति का हेरफेर हुआ। पकड़े जाने गए खुलासा भी हुआ। जिसमें रेल कर्मचारियों और चोरों की दोस्ती का पर्दाफाश हुआ है। बदनामी का दाग लिए लोगो मुंह छिपाए फिरते रहे। जिसमें सफेदपोश भी रहे। हालांकि इसके बाद भी संपत्तियों की चोरी के मामले नहीं रुके।

### केस एक

एक दशक पहले रेल संपत्ति बेचने के लिए चोरों के साथ हाथ मिलाने वाले आरपीएफ के तत्कालीन इंस्पेक्टर को इसकी सजा मिल चुकी है। जीआरपी के एसओ यूपी सिंह ने रेल संपत्ति के साथ कबाड़ी की शक्ल में गिरफ्तार चोर से पूछताछ की तो उसने इंस्पेक्टर का नाम उजागिर किया था।

### केस दो

रेल संपत्ति की चोरी के मामले में पुलिस के हत्थे सबूत के साथ चढ़े एक कार्य निरीक्षक ने हाई कोर्ट से स्टे मिलने के बाद कथित रूप से अपने क्वार्टर में ही खुदकुशी कर ली थी।

### केस तीन

तीन साल पहले रेल संपत्ति की चोरी में पकड़े गए एक खंड अभियंता और चोर की दोस्ती उजागिर हो चुकी है। चोर कबाड़ी ने बयान दिया था कि अभियंता ने ही उसे लोहे से भरी मैजिक को ठिकाने लगाने को कहा था।

### घर लाद ले जाते हैं संपत्ति

कर्मचारी ट्रांसफर और रिटायर होने पर क्वार्टर में लगा लोहा चोरी से घर ले जाने से नहीं चूकता है। ऐसे कई मामले सामने आए जिसमें जानकारी होने पर आरपीएफ को उनके घर जाकर खबर लेनी पड़ी।

# शस्त्र जमा न कराये जाने के सम्बन्ध में स्क्रीनिंग कमेटी गठित

**प्रतापगढ़।** जिला मजिस्टेऊट संजीव रंजन ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान जनपद प्रतापगढ़ के शस्त्र अनुज्ञासिधारियों के शस्त्र जमा कराये जाने अथवा न कराये जाने के परिप्रेक्ष्य में आर्म्स एक्ट 1959 तथा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत आग्नेयास्त्र जमा कराने की कार्यवाही की जाये। राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र के निर्दिष्ट निर्देशों के समादर में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की जाती है। स्क्रीनिंग कमेटी में अपर जिला मजिस्टेऊट (वि0/रा0), अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) व ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को नामित किया गया है। गठित स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा शस्त्र जमा कराये जाने अथवा न जमा कराये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा।

# मतदाताओं को धमकाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** लोकसभा 2024 का घोषणा होते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। बूथों पर मूलभूत सुविधाओं और मतदाताओं को डराने धमकाने वालों के लिए अफसर जानकारी ले रहे हैं। मंगलवार को मुख्य राजस्व अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम संजय राय महेशगंज थाना क्षेत्र के संवेदनशील बूथों का दौरा किया ।इस दौरान उन्होंने बूथों पर मतदाताओं को बुलाकर डराने और धमकाने के बारे में जानकारी ली।ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें चुनाव में कोई परेशानी नहीं है। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने ऐधा खास, झींगुर मालाधर छत्ता,फतूहाबाद,बहोरिकपुर आदि बूथों पर पहुंचे और मूलभूत सुविधायों को देखने के साथी आम ग्रामीणों से बुलाकर मतदान में होने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी लिया।उन्होंने लोगों को निष्पक्ष तरीके से मतदान देने का निर्देश दिया ।इस दौरान महेशगंज थानाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब बरामद किया है।दिनांक 19.03.2024 को जनपद के थाना कोतवाली नगर से उ0नि0 श्री सुमित सिंह मय हमराह' द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के चिलबिला रेलवे फाटक के पास से 'जय प्रकाश पुत्र श्यामलाल नि0ग्राम अष्ठभुजा नगर पूरे इश्वरनाथ थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़' को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर 'मु0अ0सं0 133,2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग' पंजीकृत किया गया है।दिनांक 19.03.2024 को जनपद के 'थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 श्री सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह' द्वारा देखभाल क्षेत्र,चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के नरिया तिराहा के पास से 'राजू सरोज पुत्र रामलाल सरोज नि0ग्राम नरिया थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।' उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर 'मु0अ0सं0 86,2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग' पंजीकृत किया गया है।दिनांक 19.03.2024 को जनपद के 'थाना कोतवाली देहात से उ0नि0 श्री मृत्युंजय पाण्डेय मय हमराह' द्वारा देखभाल क्षेत्रध्चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के एटीएल ग्राउण्ड के पास से 'चन्दु मुसहर पुत्र स्व0 चौंधी नि0ग्राम भुवालपुर किला थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।' उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर 'मु0अ0सं0 87,2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग' पंजीकृत किया गया है।जनपद के 'थाना लालगंज के उ0नि0 श्री दीपक कुमार यादव' हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान एसटी नं0- 399,19 मु0अ0स0-176,18 धारा 135 विधुत अधिनियम थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारण्टी 'अभियुक्त श्रीपाल वर्मा पुत्र स्व0 झुरई वर्मा निवासी ग्राम अमावा गऊघाट सरैया थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़' को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### अपहरण,दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने अपहरण एवं दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।'पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल' के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 20.03.2024 को 'थाना लालगंज से उ0नि0 श्री राजेश कुमार यादव मय हमराह' द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 'थाना लालगंज के मु0अ0सं0 69,24 धारा 363, 366, 323, 504, 506, 376(2)एन भादवि व धारा 3,4 पाक्सो एक्ट' में वांछित अभियुक्त 'मुकेश कुमार पटेल पुत्र नन्हे लाल पटेल नि0ग्राम सराय चौबाहिन थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ' को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# सीडीओ ने विधालयों का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से संबंधित कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु स्थल चयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा द्वारा राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ तथा संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया गया।.निरीक्षण के समय कक्षों की धारण क्षमता,विद्युत व्यवस्था,प्रोजेक्टर आदि की व्यवस्था के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई।. इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद,प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक,प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज प्रतापगढ़ कुलश्रेष्ठ तिवारी,प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मो अनीस,प्रधानाचार्य संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ फादर आनंद केवी जॉन आदि उपस्थित रहे।

# वन विभाग प्रतापगढ़ द्वारा मनाया गया विश्व गौरैया दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सामाजिक वानिकी वन एंव वन्यजीव प्रभाग के कार्यालय प्रतापगढ़ में प्रभागीय निदेशक श्री जगदम्बिका प्रसाद श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजन किया गया उनके द्वारा गौरैया दिवस पर विस्तार से चर्चा कि गयी उप प्रभागीय वनाधिकारी और सदर एवं रानीगंज रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी श्री अनूप कनौजिया द्वारा गौरैया के महत्व और उनकी जन जागरूकता के लिए ग्रामीण स्तर और विद्यालय में प्रचार प्रसार माध्यम से जागरूक किया जाना चाहिए और साथ ही सदर रेंज में भी गौरैया दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर लक्ष्मीकांत त्रिवेदी (जे.आर. एफ) द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिला परियोजना आधिकारी शिवम यादव जिला गंगा समिति प्रतापगढ द्वारा सर्वप्रथम बताया गया कि मोबाइल युग आने से तीस साल पहले शहर के घर घर में लोगों को सुबह ची ची की मीठी आवाज के साथ खुशनुमा हो जाया करती थी। आज आवासीय ह्रास आनाज में कीटनाशकों के इस्तेमाल आहार की कमी और मोबाइल फोन तथा मोबाइल टावरों से निकालने वाली सूक्ष्म तरंगे गौरैया अस्तित्व के लिए खतरा बन गई है। गौरैया हमारी फसलों को भी कीड़ो से बचाती है गौरैया वापस बुलाने के लिए घर की छत पर दाना पानी रखें और घर के आस-पास पेड़ पौधों लगाए क्योंकि यही हमारी गौरैया का प्राकृतिक परिवेश है। गौरैया को बचाने के लिए हम सभी मार्केट में बने आर्टीफिशियल घोसलें भी ला कर घर की छत पर रख सकते है इसी क्रम में डॉक्टर लक्ष्मीकांत त्रिवेदी जी द्वारा बताया गया कि गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके लिए अलावा धर्म शास्त्र के मुताबिक गौरैया हमारे छत पर आना शुभ हो सकता है जानकार मानते है कि चिड़िया शान्त और सदभावना का संदेश ले कर आती है। कार्यक्रम का सफल आयोजन होने पर सभी का सदर रेंज के उप क्षेत्रीय वनाधिकारी के0पी0 यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में कमलेश कुमार, राना राव पाल अरविन्द कुमार, विशाल सिंह, पवन सिंह, मो0 माजिद सिद्दीकी, अभिषेक सिंह, सलीम अंसारी, रेखा सिंह, राजेश्रवरी सिंह, भोला दत्त पाण्डेय, महेन्द्र मौर्या, हनुमान प्रसाद, अवध बिहारी, विपिन रावत, सुनील चैहान, अजीत कुमार, प्रियंका यादव, और अन्य लोग उपस्थित रहें ।

# बढ़ते प्रदूषण से गौरैया का अस्तित्व खतरे में-रवि प्रकाश मिश्र

## पर्यावरण सेना द्वारा लोगों को बांटा घोंसला



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आज विश्व गौरैया दिवस पर पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता ब्लॉक के विश्वनाथगंज में हरियाली को बढ़ाएंगे,गौरैया बचाएंगे।इस अवसर पर्यावरण सैनिक रवि प्रकाश मिश्र ने कहा कि घटती हरियाली और बढ़ते प्रदूषण से गौरैया का अस्तित्व खतरे में है।हमें हर हाल में हरियाली को बढ़ाने के साथ ही प्रदूषण को नियंत्रित करना होगा। गौरैया स्वस्थ पर्यावरण का परिचायक है।हमें मानव धर्म निभाते हुए अपने घरों की छतों पर नन्ही मेहमान गौरैया के लिए दना-पानी रखते हुए खेती में कीट नाशकों के प्रयोग से बचना होगा।पर्यावरण सेना द्वारा सभी को गौरैया की रक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प दिलाया।इस मौके पर नमन कुमार तिवारी,दिलीप यादव,धनंजय तिवारी,अरविंद कुमार सिंह,राम सजीवन पटेल,शंकर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# पशु चिकित्सालय बिहार में संसाधनों का घोर अभाव

## महिला पशु चिकित्सक को हो रही दिक्कत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़** विकासखंड बिहार के परिसर में मौजूद पशु चिकित्सालय भवन की दयनीय स्थिति को लेकर महिला पशु चिकित्सा अधिकारी बिहार ने लिखित तौर पर प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी बिहार और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष को दिया। यह खंड विकास अधिकारी व क्षेत्र पंचायत सदस्य को संबोधित प्रार्थना पत्र बीते 2 मार्च को दिया गया, जिसमें की उपरोक्त सक्षम अधिकारी व अध्यक्ष के द्वारा अभी तक मामले में संज्ञान नही लिया गया। जब पत्रकार द्वारा इस सम्बंध में खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी सोनकर से जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि क्षेत्र पंचायत की बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा और ब्लॉक में कोई ऐसा मद नही हैं, जिससे पशु चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं की मरम्मत का कार्य कराया जाए । बता दें कि विकास खंड बिहार परिसर के अंदर मौजूद पशु चिकित्सालय में शौचालय की



दयनीय दशा और नल की दयनीय दशा और फर्स की दयनीय दशा की लिखित शिकायत पशु चिकित्सा अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बिहार से लिखित तौर पर की है। अब जब कि भारत सरकार और सूबे की योगी सरकार का स्वच्छ भारत मिशन के साथ साथ हर घर शौचालय को मिशन के रूप में क्रियान्वित कर रही है। वहीं दूसरी ओर पशु चिकित्सालय का शौचालय की स्थिति जर्जर है जिसमें कोई पानी की टंकी नही हैं, दरवाजे टूटे हैं, पीने के लिए पानी भी नही हैं,नल भी खराब हैं,और शौचालय नहीं होने से और पेयजल की व्यवस्था न होने से महिला अधिकारी को घोर कठिनाई हो रही है। ज्ञात हो कि जब सरकारी संपत्ति के कायाकल्प के लिए अधिकारियों में इतनी उदासीनता दिखाई पड़ रही है,तो ऐसी स्तिथि में आम जनमानस का राम ही रखवाला है।

# ट्रक की टक्कर से युवक घायल स्वरूप रानी में चल रहा इलाज

**पट्टी,प्रतापगढ़।** घर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी भेजा। जहां से गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । वहां से भी घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए स्वरूप रानी रेफर किया गया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव निवासी रमेश चौरसिया सोमवार रात 9.30 बाइक से घर जा रहा था जालपा नहर पर उसे अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे सैफाबाद चौकी चार्ज घायल को इलाज के लिए सीएचसी पट्टी भिजवाए। जहां से उसकी गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रात में उसे बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।


## आवश्यकता है

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लोकमित्र को जनपद प्रतापगढ़ की सभी तहसीलों, ब्लॉक मुख्यालयों और प्रमुख बाजारों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। समाचारों की समझ रखने वाले युवा और उत्साही लोग समाचार पत्र के विवेकनगर (प्रतापगढ़) स्थित कार्यालय में या नीचे दिए गए फोन नंबरों पर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते हैं।

9839665450
7007509037


# श्रीहरि का स्वरूप है, श्रीमद्भागवत-विमलकृष्ण शास्त्री

## सांगीपुर इलाके के देऊम पूरब में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही भीड़



लोकमित्र ब्यूरो

**घुइसरनाथ धाम प्रतापगढ़-** श्रीमद्भागवत प्रभु श्रीहरि का स्वरूप है।भागवत श्रवण करने के साथ ही आत्म बोध जरुरी है,जब तक बोध नही होता तब तक कथा श्रवण का पुण्य भी अधूरा रहता है।यह उद्गार सांगीपुर इलाके के पूरे भवानदीन देऊम पूरब में आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास विमलकृष्ण शास्त्री जी महराज ने व्यक्त किया। उन्होंने श्रीकृष्ण-रूक्मणी विवाह समेत विविध प्रसंगों की सारगर्भित कथा कहते हुए कहा कि जिस प्रकार निष्काम पूजन का विधान है ,उसी प्रकार भागवत श्रवण बिना किसी आकांक्षा से करना चाहिए।पं बृजबिहारी मिश्र के संयोजन में हो रही भागवत कथा में उपस्थित जनसमुदाय संगीतमयी भजनों पर मंत्रमुग्ध दिखा। उन्होंने कहा भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से मानव को जीवन जीने की कला का मंत्र दिया है।कथा व्यास ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, ऊधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सरस वर्णन किया। उन्होंने कहा जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। इस दौरान श्रीकृष्ण और रूक्मिणी के विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। श्रीमद्भागवत कथा में व्यवस्थापक की भूमिका निभा रहे मार्कंडेय मिश्र ने सभी के प्रति आभार जताया।आयोजक की तरफ से कथा व्यास ने समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को अंगवस्त्रम प्रदान कर सारस्वत सम्मान से विभूषित किया,वहीं समाजसेवी आचार्य बृजबिहारी मिश्र,धनंजय मिश्र,राजू पयासी आदि ने कथा व्यास एवं आचार्यो को अंगवस्त्रम आदि प्रदान कर सम्मानित किया।इस मौके पर पं कैलाशपति मिश्र, बद्रीनाथ मिश्र, विद्याभूषण मिश्र, साहित्यकार अंजनी अमोघ, व्यापार मंडल घुइसरनाथ के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, राजकुमार मिश्र,डा सर्वेश मिश्र,अशोक मिश्र, अखिलेश पति मिश्र, कमलाकांत मिश्र,मुरलीधर मिश्र, राजनाथ मिश्र,दीपक मिश्र, रामदेव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जिले की पंद्रह ब्लाकों की सीएचसी में भर्ती मरीजों को मिलेगा फ्री भोजन

**प्रतापगढ़।** जिले की पन्द्रह ब्लाकों के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रसूताओं के अलावा भर्ती अन्य मरीजों को भी निशुल्क भोजन मिलेगा। सीएमओ ने बुधवार को इससे संबंधित निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिए हैं। इससे अब अन्य मरीजों को खाने की दिक्कत नहीं होगी।दरअसल, जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी प्रसूताओं को ही फ्री भोजन देने की सुविधा थी। बाकी को नहीं। हालांकि जिले की दो ब्लाकों के अंतर्गत संचालित सीएचसी पर प्रसूताओं के साथ भर्ती अन्य मरीजों को भी फ्री भोजन दिया जा रहा था। बाकी ब्लाकों जैसे पट्टी, बाबा बेलखरनाथ समेत अन्य ब्लाकों की सीएचसी में भर्ती अन्य मरीजों को फिलहाल अभी तक फ्री भोजन की सुविधा नहीं थी। अब वहां पर भी मरीजों को भोजन देने का निर्देश ऊपर से आ गया है। इस बारे में सीएमओ डाक्टर जीएम शुक्ला ने बताया है कि जिले की बाकी पन्द्रह ब्लाकों के अंतर्गत संचालित सीएचसी में भर्ती अन्य मरीजों को भी फ्री भोजन देने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ।** पं.सुखराज रघुनाथी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी महाविद्यालय रंजीतपुर चिलबिला प्रतापगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन के दिन आज स्वयं सेवकों द्वारा नित्य क्रिया के पश्चात मां सरस्वती की वंदना आर लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापगढ़ के सदर विधायक माननीय श्री राजेंद्र मौर्य जी की गरिमामय उपस्थिति रही।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलन के साथ हुई।इसके पश्चात प्राचार्य डॉ. शेषमणि मिश्र ने माल्यार्पण करके मुख्य अतिथि का सम्मान किया ।तत्पश्चात छात्राओं के द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि विधायक जी ने शिविरार्थियों को संबोधन के द्वारा उत्साहित किया और समाज एवं देश सेवा हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम मेंछात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रमाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह व महेंद्र मिश्र ने विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत किया तथा स्वयं सेवकों के उज्जवल भविष्य की शुभ कामना दी। महाविद्यालय के प्रबंधक इं.चंद्रकांत त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।तथा शिविर के माध्यम से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि श्री दिनेश सिंह के साथ महाविद्यालय के सहायक आचार्य गण डॉ.रघुराज तिवारी, डॉ.उमेश तिवारी,श्री अवधेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह-श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़-** अष्टभुजा नगर में अमरपाल चतुर्वेदी के यहाँ चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का हुआ। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक पंडित बृजराज शास्त्री जी महाराज ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भवसागर पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी



जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथावाचक ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश हैं।संगीतकारों एवं कलाकारों ने सुंदर भजनों एवं झांकियों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य यजमान अमर पाल चतुर्वेदी, माधुरी चतुर्वेदी, दुलरमती चतुर्वेदी व मोहन पाल चतुर्वेदी, तीर्थपाल चतुर्वेदी,के0पी0 चतुर्वेदी, धीरेंद्र चतुर्वेदी, पंकज चतुर्वेदी, प्रवीण चतुर्वेदी जिलाध्यक्ष जनसत्ता दल छ0प्र0,ऋषिका, कृषिका, देवांश, विवान सहित चतुर्वेदी परिवार द्वारा भागवत जी का पूजन कर कथाव्यास का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर जु0ब0ए0अध्यक्ष रोहित शुक्ला, श्री राम कथा समिति के अध्यक्ष सदाशिव पाण्डेय, सरयू प्रसाद मिश्रा,विनोद मिश्रा, मनोज दुबे, रामेंद्र मिश्रा, प्रदीप द्विवेदी, जनमेजय सिंह,संतोष द्विवेदी जिला महासचिव जनसत्ता दल, उमेश मिश्रा,राज मिश्रा, अमरपति त्रिपाठी,कपिल तिवारी, रविन्द्र रावत, धीरेंद्र पाठक,रमेश शुक्ला, ऋषिराज सिंह जिला प्रवक्ता जनसत्ता दल, अशीष रावत,सहित बड़ी संख्या में माताएं, बहनें व भारी संख्या में अष्टभुजा नगर चकवनतोड़ वाशी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अपहरण,दुष्कर्म के आरोप में कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश सुमित पंवार ने अजीत थाना पट्टी को अपहरण , दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास तथा 15000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की। वादी मुकदमा के अनुसार 16 अगस्त 2014 को 5¬00 बजे उसकी पुत्री जो बीए द्वितीय ईयर की छात्रा थी घर से बाहर शौच के लिए गई थी कि वहां पहले से ही घात लगाए अजीत, इंद्रजीत उर्फ शिवनारायण व अयोध्या जबरन दुराचार करने की नीयत से उसका अपहरण करके ले गए। 18 अगस्त 2014 को गांव वालों के सहयोग से अपनी पुत्री पीडिता को अजीत के घर से निकलवाया तब उसने रो-रो कर बताया कि अजीत ने उसे तीन दिन तक अपने घर रखा और उसकी इच्छा के विरुद्ध बलात्कार

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर - घर जाकर बनाये 362 नए वोटर

## वोटर हेल्पलाइन एप से बनाये गए मतदाता, मतदान के प्रति किया जागरुक

## टोली में शामिल कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़-** पीबीपीजी कालेज सिटी में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अंतिम दिन बुधवार को स्वयंसेवकों ने घर - घर जाकर वोटर हेल्पलाइन एप से 362 नए वोटर बनाये। मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एनएसएस की चार इकाइयों के स्वयंसेवकों को 10 टोलियों में बांटा गया। कार्यक्रमाधिकारी डा. नीरज



त्रिपाठी,डा.कुलदीप सिंह, अजय प्रताप सिंह,डा.प्रणव ओझा की निगरानी में स्वयंसेवकों ने वोटर हेल्पलाइन एप से 362 नए वोटर बनाये। प्रतापगढ़ सिटी,सुखपाल नगर सिटी में रैली निकाल कर मतदान के प्रति जागरूक किया।

प्राचार्य ने जागरूकता टोली में शामिल कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। द्वितीय सत्र में मुख्य नियंता डा.राजीव कुमार सिंह,डा.भूपाल सिंह,डा.जितेंद्र सैनी ने स्वयंसेवकों के दायित्व को बताया। अंतिम सत्र में संकल्प संकल्प सेवा संस्थान के इंद्र कुमार और उनकी टीम मानसिक स्वास्थ्य और तंबाकू निषेध के प्रति जागरूक किया। संचालन रवि प्रकाश सिंह ने किया। प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह,रश्मि सिंह, डा.श्रद्धा श्रीवास्तव,डा.निहारिका श्रीवास्तव,डा.देवेश कुमार सिंह, डा.शिव प्रताप सिंह,नीरज पांडेय, राकेश सिंह,सुनीत कुमार सिंह,सूरज पाल आदि मौजूद रहे

# अपहरण,बलात्कार तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/ एफटीसी प्रथम मनोज कुमार ने अपहरण,बलात्कार तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषी पाते हुए हौसला प्रसाद थाना कौहडौर को सात वर्ष के कारावास और बाइस हज़ार रूपया अर्थदण्ड से दंडित किया । वादी मुकदमा के अनुसार 01 अप्रैल 2012 को समय 4¬00 बजे उसकी बहन को गांव के हौसला प्रसाद बर्मा, मेवालाल तथा वकील अहमद एक राय होकर भाग ले गए ।रात दस बजे उसको यह पता चला कि तीनों लोग उसकी बहन को लेकर बाहर जा चुके हैं वादी मुकदमा जब आरोपीगण के घर पूछने गया तो उसके घर वालों ने उसे भद्दी -भद्दी गलियां दी तथा जान से मारने की धमकी दी। अभियोजन की ओर से छह गवाहों के जरिए 12 प्रदशौ को साबित कराया गया। पुलिस वालों ने विवेचना के उपरांत मात्र हौसला प्रसाद के नाम आरोप पत्र प्रेषित किया। शेष दोनों का नाम निकाल दिया । न्यायालय ने यह भी आदेश किया कि शेष आरोपी मेवालाल, व वकील अहमद को अलग से तलब किया जाए ।राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी देवेंद्र गुप्ता ने की।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 रोल नम्बर 1591421 का प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है।

साहिल सरोज
पुत्र पप्पू सरोज
पता-सूर्यगढ़ प्रतापगढ़
7348605527

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाईस्कूल वर्ष 2015 रोल नम्बर 3128156 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

मंजी कुमार
सुत राजबिन्दु राम
पता-बौखा राजमलपुर गाजीपुर
233304
मो0 7348605527

## स्कूल जा रहे छात्र की रास्ते में घेर कर पिटाई

**पट्टी।** स्कूल से पढ़कर घर जा रहे छात्र को रास्ते में घेर कर कुछ लोगों ने जमकर मारा पीटा। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे गुलाल निवासी संतोष पांडे का 17 वर्षीय बेटा अभिनव पांडे पट्टी कस्बे के भारत सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। बुधवार को वह स्कूल आया हुआ था। जहां से वह अपनी बाइक से एक मित्र के साथ घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में बेलसंडी गेट के समीप पहले से असलहा से लैश हो कर घात लगाए बैठे लोग उसे रोक लिए। उसे मारने पीटने लगे उधर से गुजर रहे राहगीरों ने बीच बचाव किया तो उसकी जान बची। मारपीट में अभिनव को काफी चोटे आई हैं। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी कैमरे में भी मारपीट की घटना कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंक पत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 1221424730 वास्तव में कहीं खो गया है।

हर्षिता उपाध्याय
पुत्र प्रेम कुमार उपाध्याय
ग्राम सोनपुरा प्रतापगढ़

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक 1781464 सन 2018, इंटर मीडियट अंक पत्र प्रमाण पत्र अनुक्रमांक1302632 सन 2020 वास्तव में कहीं खो गया है।

मो, जियाउल हक
माता सादिया बानो
पिता का नाम तजम्मुल हुसैन
निवासी बालीपुर पोस्ट पूरे गोसाई
जिला प्रतापगढ़

# दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न के आरोपी को कठोर कारावास


लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़-** अपर सत्र न्यायाधीश/ एफटीसी सुमित पंवार ने दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाते हुए योगेश कुमार यादव उर्फ अवनीश कुमार निवासी छानापार थाना फतनपुर को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा 6000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की। वादी मुकदमा सुखराज यादव के अनुसार उसने अपनी बेटी किरण देवी की शादी 2 मई 2016 को फतनपुर थाना में स्थित छानापार के निवासी जटाशंकर यादव के बेटे योगेश यादव के साथ की शादी में अपनी क्षमता व हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया लेकिन जब उसकी बेटी ससुराल विदा होकर गई तो 2 महीने बाद से ही उसके घर वाले शादी में कम दहेज लाने तथा मोटरसाइकिल न पाने के कारण उसको प्रताड़ित करने लगे आए दिन उसको कम दहेज के कारण गाली गुप्ता देते थे दहेज के लिए मारा पीटा करते थे प्रताड़ित करते थे जब तक वह ससुराल में रही तब तक उसके पति ,जेठ, जेठानी, देवर ,व सास उसके ऊपर तरह-तरह के अत्याचार करते थे यह बात वह अपनी मां और मामी को बताया करती थी। 3 जून 2017 दिन शनिवार को 9¬00 बजे उसकी बेटी ने फोन से अपनी मां को रोते हुए बताया कि उसे मारा पीटा है और प्रताड़ित कर रहे हैं दूसरे दिन उसे को यह जानकारी हुई कि उसकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने कम दहेज व दहेज में मोटरसाइकिल न पाने के कारण मारा पीटा जिससे उसकी मृत्यु हो गई न्यायालय ने विवेचना के उपरांत योगेश कुमार यादव के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया।

## एस एसटी के मामले में मारपीट के आरोपी को कारावास

**प्रतापगढ़।** विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट हरविंदर सिंह ने अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप में दोषी पाते हुए अमरनाथ निवासी सड़वा खास थाना जठेवारा को 5 वर्ष के कारावास तथा 7500रुपए अर्थ दंड से दंडित किया तथा इसी मुकदमे में अन्य आरोपी टीडी पटेल उर्फ चंद्र प्रताप निवासी सड़वा खास को अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति अधिनियम में दोषी पाते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास तथा रूपये 5000 अर्थदण्ड से दंडित किया। वादी मुकदमा रामखेलावन सुत नरेश चमार निवासी सड़वा खास थाना जठेवारा के अनुसार गांव के रामनरेश वर्मा, अमरनाथ दिनांक 18 नवंबर 2008 को सुबह 7¬30 करीब लकड़ी के विवाद को लेकर व जमीन के भी विवाद को लेकर वादी से गाली गुप्ता करते हुए वादी से आकर भिड गए और उसके ऊपर जानलेवा हमले किए तो बीच बचाव करने आया वादी का लड़का सोनू व केसरी आई तो उसे भी कुल्हाड़ी से मारपीट जिससे उसे चोटो आए तथा टीडी पटेल सुत राम आधार पटेल जान से मारने के लिए ललकारने लगे कहे चमार साल तुम्हें और मारेंगे उपरोक्त लोग सरहद किस्म के हैं आए दिन प्रार्थी को अकेला समझकर परेशान करते रहते हैं और जमीन आदि पर कब्जा किए हुए हैं दौरान मुकदमा आरोपी रामनरेश वर्मा की मृत्यु हो गई। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुरेश बहादुर सिंह ने की।

# राजा भैया ने जनसमस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के लिए दिया निर्देश




लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसमस्याओं को लेकर राजभवन बेंती में दूर दराज से आए हुए लोगों का बुधवार को जनता दरबार में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने जन समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को सुनने के बाद क्षेत्र के बाघराय में अल्ट्रासाउंड सेंटर उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के बाद मंडल भौसौ व उपराष्ट्री गांव में शोक संवेदना जताने के बाद विहार क्षेत्र में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व सांसद एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार बाबागंज के विधायक विनोद सरोज, प्रतिदिन हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख बिहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, सुमित तिवारी फूलमती, सूरज मिश्रा धमुहन, पूर्व प्रधान अन्नू सिंह माघी, प्रधान अजय सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी विक्कू सिंह बाघराय, क्षीरसागर तिवारी,गोटू मोदी डेरवा,प्रमुख रामचंद्र सरोज, अन्नू सिंह टिकरिया शाश्वत शुक्ला राज, आजाद सिंह परसी पुर, सत्येन्द्र सिंह,रिंशू सिंह, पूर्व प्रमुख बिहार अनुभव यादव, संजीव सिंह समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तर मध्य रेलवे

### ''नोटिस''

श्री नृगराज सिंह पुत्र श्री प्रभाकर सिंह, पदनाम-ट्रैकमेन्टेनर-IV, गैंग नं. 61/इकदिल, अधीन-सी0सै0इंजी0/पी0वे0/इटावा, जो कि दिनाँक **06.08.2023** से लगातार अपनी ड्यूटी से अनाधिकृत अनुपस्थित चल रहा है, जिसके सापेक्ष में कर्मचारी को मानक फार्म संख्या 5, दिनाँक **07.11.2023** को जारी किया गया एवम जाँच हेतु श्री पी0के0 मण्डल-सी0सै0इंजी0/पी0वे0/स्पेशल/ फफूँद को जाँच अधिकारी नामित किया गया था, जाँच रिपोर्ट में यह दर्शाया गया है कि उक्त कर्मचारी जाँच कार्यवाही की किसी भी तिथि में उपस्थित नहीं हुए ना ही किसी प्रकार की सूचना से इस कार्यालय को अवगत कराया है।

अतः आपको एक सप्ताह का अवसर प्रदान किया जा रहा है कि आप इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें एवं स्पष्टीकरण दें अन्यथा रेल प्रशासन द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति/बरखास्तगी की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**कर्मचारी का स्थाई पता :-**
**ग्राम + पोस्ट-अलवारा, थाना-महवा घाट तहसील-मनझनपुर, जिला-कौशाम्बी, (उत्तर प्रदेश) पिन-212214**

**सहायक मण्डल अभियन्ता**
**उत्तर मध्य रेलवे,**
**इटावा**

**506/24 (ADM)**

@CPRONCR North central railways @ cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

## साहित्यिक योगदान के लिए साहित्यकार का हुआ सम्मान



**सगरासुन्दरपुर।** साहित्यिक क्षेत्र मे बेहतर कार्य के लिए साहित्यकार एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सच्चिदानन्द त्रिपाठी को पूर्व प्रधानाध्यापक दयाशंकर गिरि ने कटरा छत्रधारी, दूल्हेपुर स्थित उनके आवास पर दैनन्दिनी भेंट की एवं उनके द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यो की सराहना की । उन्होंने कहा कि डॉ. साहब ने विकास संघर्ष समिति के माध्यम से समाज के हर तबके के लोगों को निःशुल्क यथासंभव मदद किया और उनके सुख-दुःख में सदैव उनके साथ खड़े रहे, जिसकी चहुंओर चर्चा हो रही है ।

लोगों के अधिकार की लड़ाई में उन्हें न्याय दिलाने में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. अरुण कुमार रत्नाकर, राजा मौर्य, अनिल कुमार, समाजसेवी राजेन्द्र त्रिपाठी, मिठाई लाल आदि उपस्थित रहे ।

## सड़क दुर्घटना में घायल दुकान संचालक की स्वरूप रानी में हुई मौत घर पर मचा कोहराम

**पट्टी।** चाय पान की दुकान बंद करके घर जा रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसे इलाज के लिए स्वरूप रानी में भर्ती कराया गया था। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो घर पर कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के सारडीह निवासी रमेश चौरसिया पुत्र शिव शंकर चौरसिया सैफाबाद बाजार में चाय पान की दुकान चलाता था। सोमवार की रात 9¬30 बजे दुकान बंद करके घर जा रहा था। जालपा नहर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले जाया गया। वहां से उसे स्वरूप रानी रेफर कर दिया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। बुधवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंची तो घर पर कोहराम मच गया। रमेश चौरसिया के ऋषभ 8 वर्ष आदित्य 5 वर्ष दो पूत्र है। पत्नी सुनीता देवी मां दुर्गावती देवी पिता शिव शंकर के साथ दोनो बेटो का रो-रोकर बुरा हाल है संवेदना जताने के लिए नात रिश्तेदार पहुंचे हुए हैं । इस संबंध में सैफाबाद चौकी इंचार्ज सुनील राय से बात की गई तो उन्होंने कहा किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहे हैं। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बीच सड़क पर गिरा हाई वोल्टेज जर्जर घंटो लग रहा जाम

**पट्टी।** पट्टी से चांदा को जाने वाली सड़क के बीचो-बीच हाई वोल्टेज बिजली का जर्जर तार गिर गया। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण घंटों आवा गमन बाधित रहा। सप्लाई बंद होने के बाद आवा गमन चालू हो सका। पट्टी तहसील क्षेत्र के पट्टी चांदा मार्ग पर आमापुर मोड़ के समीप बुधवार को दिन में करीब 1 बजे अचानक हाई वोल्टेज का जर्जर तार सड़क के बीचो-बीच टूट कर गिर गया। जिस समय तार गिरा संजोग ही रहा कि कोई उसकी चपेट नहीं आया। बिजली के करंट की चपेट में कोई आ जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। फिलहाल तारों में करंट प्रवाहित होने के कारण दोनों तरफ गाड़ियों की कतार लग गई। घटना की जानकारी विद्युत विभाग को दी गई। विद्युत कर्मी जब सप्लाई बंद करके सड़क से तार को हटाया तब जाकर यातायात बहाल हो सका।

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश प्रतापगढ़ (उ0प्र0)

**क्रमांक : निविदा/लेखा/2023–2024** **दिनांक 18.03.2024**

दीवानी न्यायालय प्रतापगढ़ (उ0प्र0) में वाहन चालक, चतुर्थ श्रेणी के कुल 65 कर्मचारीयों (महिला+पुरुष) को शासनादेश संख्या 1651/18.02.2012, 47 (एस0पी0)/10 दिनांकित 24.12.2012 के अनुसार ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन वर्दी दिया जाना है जिनका विस्तृत विवरण निम्नवत है–

**ग्रीष्मकालीन+शीतकालीन वर्दी के लिए**

| क्र0 सं0 | कर्मचारी | लिंग | वर्दी जो दिया जाना है | कर्मचारी की संख्या | वर्दी की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ श्रेणी | पुरूष | शर्ट (टेरीकॉट) | 58 | 4 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट (टेरीकॉट) | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| 2 | चतुर्थ श्रेणी | महिला | साडी नेवी ब्लू टेरीकॉट | 4 | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ब्लाउज ब्लू टेरीकॉट | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पेटीकोट सूती नेवी ब्लू | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | लांग कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| 3 | वाहन चालक | पुरूष | शर्ट (टेरीकॉट) | 03 | 4 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट (टेरीकॉट) | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्टी ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | जूता मय मोजा | | 1 जोडी प्रति कर्मचारी |
| | | | छाता | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |

उक्त सारणी में अंकित वर्दियों के आपूर्ति हेतु शासनादेश सं0 1651/18–02–12–47 (एस0पी0)/10 लघु उद्योग अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 24.12.2012 के प्रकाश में आपूर्ति हेतु मोहरबन्द निविदायें मय मनुना आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म/विक्रेता द्वारा निविदा की शर्ते व नियम किसी भी कार्यदिवस में पुर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे के मध्य नजारत अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें दिनांक 21.03.2024 तक समय 4 बजे तक मोहरबन्द निविदायें मय नमुना प्राप्त की जायेगी तथा 22.03.2024 को क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी जिसमे निविदार्थी उपस्थिति हो सकते है।

जनपद न्यायाधीश को किसी भी निविदा को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

**(हरविन्दर सिंह)**
**विशेष न्यायाधीश (एस0सी0एस0टी0ऐक्ट)/**
**अध्यक्ष क्रय समिति**
**जनपद न्यायालय प्रतापगढ़**

# प्रबन्ध प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु 28 मार्च तक आवेदन जमा करें

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में निःशुल्क एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन 28 मार्च 2024 तक जमा कर सकते है।

प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 30 मार्च 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतागपढ़ के प्रांगण में होगा। प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में अंग्रेजी एक विषय सहित इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, छूट नियमानुसार (दिनांक 01.04.2024) होनी चाहिये। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य गणित व तर्कशक्ति आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा विभिन्न चयन आयोगों द्वारा आयोजित एक दिवसीय प्रतियोगी यथा रेलवे, बैकिंग, कर्मचारी चयन आयोग, समूह-ग, समीक्षा अधिकारी, बी0एड0, पी0ई0टी0, टी0ई0टी0 इत्यादि की तैयारी करायी जायेगी। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित फोटो कापी एवं एक फोटो के साथ विलम्बतम दिनांक 28 मार्च तक मा कर सकते है।

वर्ग के विकलांग अभ्यर्थियों को 3 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा एवं नियमानुसार आयु में छूट प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र का प्रारूप जिला सेवायोजन कार्यालय की सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने शुरू की चुनाव को लेकर तैयारियां

**पट्टी।** सेक्टर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार मिश्रा राज्य कर अधिकारी बुधवार को पट्टी कोतवाली आए। जहां पर वह चुनाव को लेकर तैयारी करते हुए दिखे। उन्होंने बताया वह क्षेत्र भ्रमण के साथ पट्टी कोतवाली में भी पहुंच कर उन्हें जिस क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। उसे क्षेत्र में पूर्व में किन-किन बूथों पर विवाद हुआ था। कहां पर होने की संभावना है, आदि की जांच करने के लिए वह कोतवाली आए हैं। जिससे संबंधित डाटा वह एकत्र किया ।जिन क्षेत्रों की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निरीक्षण भी करने के लिए वह गए हुए थे।

## आनलाइन पद्धति से नामांकन करने हेतु अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आनलाइन पद्धति से नामांकन करने हेतु अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। आनलाइन नामांकन हेतु वेब लिंक उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी जो आनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते है वे उपरोक्त लिंक के माध्यम से नामांकन पत्र की प्रविष्टि कर सकते है एवं उसका प्रिन्ट निकालकर प्रारूप-1 में रिटर्निंग आफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते है। इसी प्रकार शपथ पत्र भी उपरोक्त लिंक के माध्यम से आनलाइन कर सकते हैं एवं प्रिन्ट आउट को नोटराइजेशन के पश्चात् रिटर्निंग आफिसर के समक्ष दाखित कर सकते है। आनलाइन पद्धति से नामांकन भरने के उपरान्त जमानत धनराशि को भी आनलाइन जमा करने का प्रावधान किया गया है। इस हेतु नामांकन पत्र सफलतापूर्वक सबमिट करने के पश्चात् जमानत धनराशि जमा करने हेतु विकल्प ''पे'' लिंक दर्शित होगा जिस पर क्लिक करते हुये आनलाइन पेमेन्ट किया जा सकता है। अभ्यर्थी उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अन्तर्गत नकद रूप में टेऊजरी चालान के माध्यम से जमानत धनराशि जमा कर सकते है।

## एनडीपीएस एक्ट के दोषी को सश्रम कारावास

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए सुखराम पटेल निवासी लाला बाजार त्रिलोचनपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को 1 वर्ष के सश्रम कारावास तथा रुपए 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया।अर्थ दंड न अदा करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा ।

## करंट के चपेट मे मासूम की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़।**संग्रामगढ़ के नेवादा कला गांव निवासी बबलू पटेल मजदूरी का काम करता है। बुधवार की दोपहर करीबी 11¬00 बजे उसका डेढ़ वर्षीय बेटा आर्यन पटेल खेलते समय इनवर्टर करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह झुलस गया। स्वजन उसे आननद-फानन सीएचसी कुंडा लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में मातम छा गया। स्वजन शव लेकर घर चले गए।

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदाता करें सत प्रतिशत मतदान-संजीव मौर्य

## एमएलकेपीजी कॉलेज के एनएसएस छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली







**बलरामपुर।** एम एल के पी जी कॉलेज अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना का रंजीतपुर में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।

बुधवार को प्रथम सत्र में मतदाता जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्य,कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक व स्वीप नोडल गोविन्द राम,स्वीप कोऑर्डिनेटर व नोडल अधिकारी एन एस एस डॉ राजीव रंजन ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली एन एस एस के मुख्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ आलोक शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह, डॉ रमेश शुक्ल व डॉ जितेन्द्र भट्ट की अगुवाई में ग्राम रंजीतपुर के अलग अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान से होने वाले महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि सीडीओ संजीव मौर्य ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए।

उन्होंने मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए एन एस एस के स्वयंसेवकों-स्वयंसेविकाओं का आह्वान किया कि आप लोग आगे बढ़कर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान ने सभी को बराबरी का अधिकार दिया है और हम सभी को इस अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट को विकास की ओर ले जाने के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए।

स्वीप नोडल डीआईओएस गोविंदराम ने सभी 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं से वोटर बनने की अपील की ओर उन्हें ऑनलाइन वोटर बनने के लिए प्रेरित किया। स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव रंजन ने कहा कि वोट हम सबको बराबर बनाता है

यह एक ऐसी चीज़ है जो जाति, धर्म या वर्ग के बीच भेदभाव नहीं करती। हम सब देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मतदान करने का अवसर कभी न चूकें क्योंकि यह हमारे देश के लिए हमारा योगदान है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए मुख्य कार्यक्रम अधिकारी एन एस एस डॉ आलोक शुक्ल ने सभी का स्वागत किया।

द्वितीय सत्र में मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन कर स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं के विचार आपस मे साझा किए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान सहित एन एस एस कार्यक्रम अधिकारीगण मौजूद रहे है।

# छात्रों ने वृक्षों को गोद लेकर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

## श्री राम तीरथ चौधरी महाविद्यालय में तीसरे दिवस एनएसएस छात्रों ने लगाए पौधे



**बलरामपुर।** श्री राम तीर्थ चौधरी पी जी कॉलेज के एनएसएस शिविर के तीसरे दिवस पर स्वयंसेवकों ने पौधरोपण करके पेड़ों को गोद लिया व आजीवन उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न फलदार छायादार पौधारोपण भी किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर हम सभी कार्य कर रहे हैं,जिसमे एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे वृक्षों को रक्षाबंधन बाधना,वृक्षारोपण करना,औषधीय पौधों को गिफ्ट में देने का प्रचलन चलाना, वृक्षों की अवैध कटाई की सूचना सक्षम अधिकारियों को पहुंचाना आदि प्रशिक्षण शामिल हैं। महाविद्यालय के प्रशासक डॉक्टर एच डी वर्मा ने विश्व पृथ्वी दिवस व विश्व पर्यावरण दिवस आदि के द्वारा होने वाले पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताते हुए कहा कि सरकार ने इनके लिए पर्यावरण संरक्षण अधिनियम बनाए है जिन्हें प्रत्येक नागरिक को जानना चाहिए।कार्यक्रम अधिकारी रामसरन सिंह , एवं संजय यादव, आदि ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित विभिन्न क्रियाकलापों को करने व उसे प्रचारित करने को कहा।कार्यक्रम में बच्छराज वर्मा,मंशाराम ,मोहम्मद सैफ , मानबहादुर वर्मा, माधवी सिंह बीपी श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, दुर्गेश त्रिपाठी, राधे कृष्ण श्रीवास्तव, संदीप यादव आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक डॉक्टर रमाकांत वर्मा ने एनएसएस के बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सदैव पर्यावरण हितैषी बने रहने का संकल्प लिया है।

# नाबालिक बच्चों के हांथों ई-रिक्शा के जरिये दौड़ रही है जिंदगियां

## शहर में कम उम्र के बच्चें दौड़ा रहे है




**सुल्तानपुर।** आखिर प्रशासन किस हादसे का इंतजार कर रहा है, जिम्मेदारों के सामने से ही नाबालिक बच्चें ई-रिक्शे पर सवारियां बैठाकर फर्राटे भरते नज़र आते है। कभी-कभार जिम्मेदार ऐसे अनियंत्रित ई-रिक्शे की धर-पकड़ करते जरुर है, पर औपचारिकता से अधिक कुछ और नही रहता। पूर्व में भी बहुत सी घटनाएं ऐसे ही नाबालिक ई-रिक्शा चालकों के द्वारा हुई है, लेकिन गंभीरता से नही लिया। जिसके चलते 18 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या सड़क पर ई-रिक्शा दौडाने की बढ़ती जा रही है।

खासकर नगर क्षेत्र में ऐसा प्रायः देखने को मिल रहा है, नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा और नाबालिक चालक कुछ इस तरह बढ़ रहे है, जिसे नियंत्रित करने में जिम्मेदार भी दिलचस्पी नही ले रहे है। जिसके कारण बगैर लाइसेंस और बगैर जरूरी अभिलेख के कम दूरी का सफ़र करने वाले यात्रियों के सिर पर खतरा मंडराता रहता है। ऐसे अनियंत्रित ई-रिक्शा और कम उम्र के बच्चों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाकर आम लोगों की जिंदगी के जोखिम को कम करने की जरूरत है। सूत्र बताते है कि यदि इसपर प्रभावी कदम नही उठाए जाते तो आने वाले वख्त में ऐसे बच्चों की संख्या बेशुमार दिखाई देगी। बुधवार को ऐसे ही एक किशोर को यातायात पुलिस के उप निरीक्षक ने पकड़ा और उसका ई-रिक्शा खड़ा करवा लिया। घंटो बाद उसे नसीहत देते हुए छोड़ भी दिया,परंतु एक बात तय है की हालात बदले नही तो अंजाम भी परेशान करने वाले आ सकते है। इस संबंध में यातायात निरीक्षक चंद्रभान वर्मा से बात करने पर उन्होंन बताया कि इसके विरूद्ध अभियान चलाकर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# कौशाम्बी थाना क्षेत्र के इटैला में फिर हुई चोरी की घटना



**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के इटैला में सोमवार की रात फ़िर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया आप को बतादें की कौशाम्बी थाना क्षेत्र के कौशाम्बी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया की सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ कर चोरी की घटना का आजम दिया उसके बाद उसी रात को कन्हई पुत्र अमरनाथ के घर पर ताला तोड़ कर नगदी समेत बर्तन अनाज उठा ले गए जिसको कौशाम्बी से थाना कौशाम्बी पुलिस ने शिकायती पत्र लेकर जांच में जुटी।

# नियमों को दरकिनार कर पार्किंग के नाम पर हो रही लाखों की वसूली

## नगर पालिका और जीएसटी विभाग को भी लगा रहा चपत

**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र में पार्किंग के नाम पर लाखों की अवैध वसूली हो रही है। शॉपिंग मॉल के नीचे मनमाफ़िक नियम बनाकर दोपहिया वाहन से 20₹ और चार पाहिया से 50₹ रुपये पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है। उपभोक्तओं को जबरन रसीद दी जा रही। उस रसीद पर संबंधित फ़र्म का भी नाम नही है। भेद न खुले इसके लिए वाहन लेकर लौटने वाले ग्राहकों से उसके हिस्से की स्लिप ले ली जाती है।

यहां बेसमेंट में काउंटर लगाकर ठेकेदार कर रहे मनमानी वसूली। प्रतिदिन हजारों लोग बस स्टेशन (एसबीआई बैंक के नीचे), गंदानाला, दरियापुर तिराहा समेत विभिन्न पार्किंग स्थलों पर गाड़ी पार्क करते है। शहर में प्राइवेट और सरकारी मिलाकर डेढ़ दर्जन पार्किंग स्थल हैं। यह वसूली करोड़ो के करीब पहुंचती है। शहर में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली से जीएसटी विभाग को लाखों का चूना लग रहा है। तकरीबन प्रतिदिन गाड़ियां बेसमेंट में खड़ी करके काउंटर पर बैठे ठेकेदार उनसे वसूली करते हैं। जिसके कारण जीएसटी विभाग को भी लाखों का चूना लग रहा है।यहां कौन सी फ़ॉर्म वसूली कर रही है, स्लिप और पोस्टर पर उसका कहीं कोई जिक्र नहीं है। शहर में जितने भी अवैध पार्किंग बेसमेंट में चल रहे हैं उन पर लगे लाल नीली पट्टिका लगे बैनर से शुल्क का विवरण लिखा गया है। मानो उसे वसूली पर पुलिस विभाग की मुहर यानी सहमति मिली हो। सीओ सिटी शिवम मिश्रा कहते हैं यदि कोई एप्लीकेशन उन्हें दी जाए तो वह जांच कर अग्रिम कार्रवाई करेंगे। वहीं नगर पालिका ईओ लाल चन्द्र ने प्रकरण को न तो वैध बताया और न ही अवैध। अंत में उन्होंने कहा मालूम करके बाद में बताते हैं।जमीनी विवाद में दंबगो ने महिला समेत परिजनो की की पिटाई

# पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी से जरिए प्रार्थना पत्र लगाई न्याय की गुहार

**सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत दबंगो ने महिला समेत उसके पुत्र पुत्री की पिटाई कर दी। मामला स्थानीय थाने पहुंचा तो पुलिस एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिला का चालान कर दिया पीडित महिला अब न्याय पाने के लिए जिलाधिकारी दरवाजा खटखटाया है।

मामला थाना बल्दीराय के ग्राम वन झोलिय मजरे बहुरांवा का है पीडित महिला केशपती ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उच्च न्याय के आदेश पर उसके आवासीय पट्टे की जमीन की पैमाईश हुई थी जिससे गांव के विपक्षी लहुरी दिलीप आदि लोग अपने परिवार के साथ पीडित महिला समेत उसके पुत्र पुत्री के साथ मारपीट की दबगो ने पीडित महिला के पुत्र को मारा पीटा जिससे उसे चोटे आई है। पीडित महिला स्थानीय थाने में जाकर न्याय की गुहार की, महिला ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कार्यवाही नही की बल्कि एक पक्षीय मेरा ही चालान कर दिया। थाने से न्याय न मिलने पर पीडित महिला जिलाधिकारी को जरिए प्रार्थना पत्र न्याय की गुहार की है।

# सड़कों के सम्बंध में मीटिंग हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मांदड़ ने शहर की सड़कों के सम्बंध में मीटिंग हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि जोगियापुर तक डिवाइडर को पेंट कराया जाये। अम्बेडकर तिराहे से कलेक्ट्रट तिराहा, एक्सिस बैंक तक तिराहे तक के समस्त कार्य 21 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश एक्सईएन जल निगम सचिन सिंह को दिया। जोगियापुर पुल से सद्भावना तिराहे तक सड़क मरम्मत का कार्य 27 मार्च तक करने के निर्देश दिए गए। सद्भावना तिराहे से चांद मेडिकल होते हुए कुत्तूपुर चौराहे तक सीवर के कनेक्शन का कार्य 01 महीने के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। मछलीशहर पड़ाव से नईगंज तिराहे तक की सड़क के संदर्भ में एक्सइएन जल निगम के द्वारा बताया गया कि 05 दिन के भीतर सीवर के कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे और उसके उपरांत एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को सड़क मरम्मत का कार्य करेंगे।

# डीएम आवास चौराहे का नाम अब भगवान परशुराम चौराहा

## पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संगठन को सौपा प्रमाण पत्र



**सुल्तानपुर।** नगर के डीएम आवास के सामने चौराहे का भगवान परशुराम चौक के नाम से जाना जाएगा। नगर पालिका की बोर्ड बैठक में दिए गए प्रस्ताव पर प्रशासन की मुहर लगने के बाद संगठन के पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। संगठन के संरक्षक विपिन मिश्रा एडवोकेट व देवेंद्र पाठक के संयोजन में संगठन के दर्जनों पदाधिकारियो ने नामकरण पर मुहर लगने की खुशी में विप्र समाज के दर्जनों महानुभावों को जहां माला पहनकर सम्मानित किया वहीं मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई।

परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित तिवारी के संयोजन में संगठन से जुड़े सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने बीते 5 वर्षो से डीएम आवास चौराहे को भगवान परशुराम चौक के नाम से घोषित करने की मांग कर रखी थी। उनकी इस मांग में ब्राह्मण समाज संगठन के जिलाध्यक्ष पंडित सुभाष तिवारी, राष्ट्रीय युवजन ब्राह्मण सभा ने भी आवाज मिलाई थी। नगर पालिका के बजट बोर्ड की बैठक में बढैयावीर से सभासद प्रवीण मिश्रा ने प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मत से पारित कर दिया गया था। बुधवार को पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने बोर्ड की कार्यवाही जारी कर संस्था के संरक्षक विपिन मिश्रा को प्रमाण पत्र सौपा। यहां विपिन मिश्रा ने कहा बीते पांच वर्षो से संगठन से जुड़े प्रदेश भर के कार्यकर्ता और लाखों की संख्या में मौजूद ब्राह्मण समाज की आस्था और भावना को सम्मान मिला है। आराध्य देव भगवान परशुराम के नाम पर शहर में एक चौराहे व मूर्ति स्थापना का उनका लक्ष्य है। पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, सांसद मेंनका गांधी ने भी संगठन के पत्र पर सहमति देते हुए शासन को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा हम नगर पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड के सभी सभासदों के आभारी हैं। परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं। यहां देवेंद्र पाठक ने कहा विप्र समाज की भावनाओं को पालिका के अध्यक्ष व बोर्ड ने समझा चौराहे का नामकरण किया हम संगठन के सभी साथियों को उनके संघर्ष की सफ्लता पर बधाई देते हैं। हम मांग करते हैं आगामी अक्षयतृतीया के दिन भगवान परशुराम की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए सब लोग संकल्प लेकर आगे बढ़े। उक्त कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना के लिए विचार किया जाएगा। संगठन के संरक्षक रामशंकर पांडेय ने संगठन से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सफ्लता पर बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरुण कुमार उपाध्याय, बार उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, विजय कुमार उपाध्याय, व्यापारी नेता हिमांशू मालवीय, मनीष मिश्र, रमाशंकर पांडेय, विपिन मिश्रा, देवेंद्र पाठक, सूर्य प्रकाश पांडेय, पीयूष तिवारी, जयशंकर, विनय कुमार मिश्रा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# साथी अध्यापक की हत्या पर शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि



**बलरामपुर।** बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्या रेखा देवी के निर्देशन में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। वाराणसी के चंदौलीके सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की परिषदीय कार्य में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केंद्र पहुचाने के समय सुरक्षाकर्मी द्वारा गोलियों से भून कर नृशंस हत्या पर शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। स्कूल के शिक्षकों में हत्या को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रधानाचार्या ने कहा कि शिक्षक की हत्या बहुत ही घृणित कार्य है। सभी शिक्षक घटना से बहुत आहत एवं अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शिक्षक नेता अविनाश मिश्रा एवं मधुकर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएगा तो आम आदमी की सुरक्षा व्यवस्था कैसे हो सकेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि शीघ्रातिशीघ्र दोषी पुलिसकर्मी को कठोरतम दंड दिया जाए एवं मृतक परिवार को कम से कम दो करोड रुपए नगद व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। शोकसभा में विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्रा, डॉक्टर मधुकर सिंह, सुमन यादव, अर्चना श्रीवास्तव, सबीहा सुल्ताना, बबिता तिवारी, जीनत आलम, बबीता श्रीवास्तव, मीनाक्षी , आस्था आनंद, अमिता कश्यप आदि शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

# साथी शिक्षक की हत्या पर वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक संघ में आक्रोश

## विरोध प्रदर्शन कर साथी शिक्षक को दी श्रद्धांजलि



**बलरामपुर।** मुजफ्फरनगर में यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के दौरान शिक्षक हत्या प्रकरण को लेकर उत्तर प्रदेश वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक संघ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है मूल्यांकन केंद्र पर वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षक एकत्रित होकर 2 मिनट का मौन रखकर साथी शिक्षक के हत्या पर गहरा शोक प्रकट करते हुए आशिकों को नौकरी के साथ उचित मुआवजा देने की मांग की है।

संघ की प्रदेश सचिव रीता चौधरी ने कहा कि साथी शिक्षक के साथ हुई घटना निंदनीय है शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की मूल्यांकन ड्यूटी के दौरान हुई हत्या परिवार सहित शिक्षक साथियों के लिए अपूरणीय छतिहै मूल्यांकन केंद्र पर वित्तविहीन माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व शिक्षकों ने एकत्रित होकर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है

संघ के चंद्रपाल वर्मा एवं उमेश चौधरी ने कहा कि ऐसी घटना को अंजाम देने वाले पुलिस आरक्षी को आजीवन कारावास की सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके मृतक साथी के हत्या पर आदर्श सिंह आलोक गिरी सुमन यादव उषा यादव आलोक मिश्रा हेमंत तिवारी अशोक पांडे सहित संघ पदाधिकारी व शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी ह

साथ ही साथ माध्यमिक शिक्षा सचिव से मांग किया है कि मृतक आश्रित को नौकरी के साथ उचित मुआवजा मिले ताकि परिवार की जीविका प्रभावित न हो सके।

# जनजागरूकता रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झन्डी दिखाकर रवाना किया

**जौनपुर ।** 20 मार्च 20024 को ''वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे'' के अवसर पर एक जनजागरूकता रैली डा0 लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झन्डी दिखाकर रवाना किया गया।उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत एक गोष्ठी का आयोजन का भी आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें नोडल अधिकारी ओरल हेल्थ कार्यक्रम डा0 राजीव यादव, डा0 बी0सी0 पन्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन0एच0एम0 श्री सत्यव्रत त्रिपाठी द्वारा प्रतिभाग किया गया। नोडल अधिकारी ओरल हेल्थ कार्यक्रम डा0 राजीव यादव द्वारा बताया गया कि लोगां को मुंह की सफाई के प्रति जागरूक करने के लिये वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे को मनाने की शुरूआत की गई। 20 मार्च साल 2013 को पहली बार वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे मनाया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के पीछे का महत्व बच्चों और वयस्कों के बीच मुंह की स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बता दें, कि मौखिक रोगों का एक मुख्य कारण खराब, लाइफस्टाइल, खान-पान और धू्रमपान है। इस बार की थीम "A HAPPY MOUTH IS......A HAPPY BODY " है इससे सभी लोगो को



संदेश दिया जा रहा है कि एक खुश मुंह एक खुश शरीर है अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बी0सी0 पन्त द्वारा बताया गया कि ओरल हेल्थ की वजह से भी लोगों को मुंह का कैन्सर भी हो सकता है, जबकि अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नही होती है मैं यह सलाह आप सभी को देता हूॅ कि हमें अन्य अंगों की तरह ही दांतों, मसूड़ों की सेहत का ध्यान रखना जरूरी है, इस मामले लापरवाही सेहत के लिये नुकसानदायक हो सकती है। अधिकांश लोगों में यह मानते है कि माउथ कैंसर केवल गुटखा या पान तंबाकू खाने से होता है, लेकिन ऐसा नहीं है वैसे लोग जो अपनी ओरल हेल्थ यानी की दांतों की साफ-सफाई या मसूड़ों की सेहत का ध्यान नहीं रखते, उन्हें भी माउथ कैंसर होने का रिस्क रहता है। अन्त में डा0 लक्ष्मी सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि ओरल हेल्थ के ध्यान रखने हेतु दिन मे दो बार ब्रश करने की आदत डालें, ब्रश करते समय जीभ को भी साफ करें, हर 6 महीने में एक बार दांतों की जांच जरूर करायें, हर दिन कम से कम 02 मिनट ब्रश जरूर करें, यदि आपकी दांतों में दर्द या मसूड़ों में कोई इंफेक्शन हो रहा है तो इसको नजरअंदाज न करें, हर तीन महीनें में अपना ब्रश बदलें, अधिक मीठे पकवान का सेवन न करें एवं तंबाकू का सेवन और अत्याधिक शराब न पीयें।उक्त प्रशिक्षण में एन0सी0डी0 सेल से श्री जयप्रकाश गुप्ता, श्री विवके एवं कुलदीप श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में कुॅवर हरिवंश पैरामेडिकल कालेज के छात्र/छात्रओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रन फॉर वोट ''मिनी मैराथन'' के जरिये लोगों से वोट करने की अपील

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में चल रहे स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में मतदाता जागरूकता के लिए बुधवार को कुत्तूपुर तिराहा से सिद्दीकपुर खेल स्टेडियम तक रन फार वोट ''मिनी मैराथन'' का आयोजन किया गया। जिसमे महिला, पुरुष युवाओं ने दौड़ लगाकर मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया तथा लोगों को वोट के अधिकार के बारे में जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने दौड़ने वाले धावकों व उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई उसके बाद हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन के दौरान दौड़ने वाले धावकों की टी शर्ट पर ''25 मई को अपना वोट जरुर करें'' जागरुकता स्टीकर लगा रहा जो कि लोगों को मतदान हेतु प्रेरित कर रहा था। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि इस रन फॉर वोट मिनी मैराथन का मुख्य उद्देश्य लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरुक व प्रेरित करना है, साथ ही लोगों को फिट रहने का संदेश भी इस मिनी मैराथन के द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया कि मतदान जरुर करें, विशेषकर जो मतदाता रोजगार के सिलसिले से या शिक्षा व अन्य कारणों से बाहर दूसरे शहरों में रह रहे हैं वे अपने घर आकर परिवार के साथ लोकतंत्र का महापर्व मनाते हुए 25 मई को अपना वोट कर लोकतंत्र को मजबूत बनाये।उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह ने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में हमें बढ़ चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए सभी लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग स्वेच्छा से निर्भीक होकर करना होगा। हमें सारे काम से पहले वोट देना होगा। उन्होंने जनपद के सभी खिलाड़ियों से अपील किया कि मतदान अवश्य करें और समाज के अन्य सभी लोगों को भी मतदान करने के लिए निरन्तर जागरुक व प्रोत्साहित करते रहे। संचालन सुजीत विश्वकर्मा ने किया।

# गर्मी से पूर्व ही दूर करें पेयजल आपूर्ति की बाधाएं- जिलाधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा है कि गर्मी आने से पहले ही पेयजल आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिचाई विभाग, जल निगम, राजकीय नलकूप, नमामि गंगे परियोजना, बाणसागर परियोजना के अधिकारियों सहित किसानों एवम अन्य सम्बन्धित विभागो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आगामी माह में गर्मी के दृष्टिगत पेयजल के साथ ही पशुओं व जीव जन्तुओं के पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु पूर्व से ही कार्य योजना बनाकर कार्य करने पर बिन्दुवार चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे गांव का सर्वे कराकर जहां पेयजल की कमी है वहां टैंकर से पानी आपूर्ति कराने हेतु सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने बाण सागर परियोजना के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि 23 मार्च से अनवरत 20 अप्रैल तक बाणसागर से पानी भेजते हुये जरगो डैम में पानी भेजा जाए। जरगो डैम में पानी की व्यवस्था होने से लोवर खजुरी, अपर खजुरी, महुवारी तथा भरपुरा जलाशयों में पानी छोड़ने से अन्य स्थलो पर पानी मिल सकेगा। उन्होने कहा कि इस दौरान यह भी सुनिश्चित करें कि यदि किसी के द्वारा कहीं भी बीच में किसी के द्वारा नहरों का कटान किया जाता है अथवा पम्प द्वारा पानी का अनावश्यक रूप से निकाला जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाय। 20 अप्रैल 2024 के बाद बाण सागर के द्वारा रास्ते में पड़ने वाले जरगो डैम तक पानी जाने वाले नहरो से ही अन्य तालाबो व छोटे जलाशयो को भी भरा जाय ताकि पशुओं के लिये भी किसी प्रकार की पानी की दिक्कत न हो। नमामि गंगे परियोजना के द्वारा जनपद के जिन गांवों में कनेक्शन आदि देकर आपूर्ति की जा रही है ऐसे गांव में भी अनवरत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सोन लिफ्ट कैनाल के अधीक्षण अभियन्ता से भी मोबाइल से वार्ता कर नहरों के चलाने हेतु ढेकवा, अहरौरा, डोंगिया आदि बंधो से भी पानी छोड़ने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता लघु डाल को भी निर्देशित किया गया कि जनपद में कुल 117 चेक डैमो का सर्वे कराते हुये क्षतिग्रस्त व मरम्मत योग्य बंधों को तत्काल मरम्मत कराना सुनिश्चित कराएं। इस दौरान देवरी, खजुरी, चट्टर तथा पहती नदी में भी पानी उपलब्ध कराने पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने राजकीय नलकूप विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी नलकूपों का एक सप्ताह के अन्दर सर्वे कराकर तकनीकी दोष व विद्युत दोष जैसी किसी तरह गड़बड़ी हो तो उसे भी मरम्मत कराते हुये संचालित रखा जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि नहरों का सर्वे कराते हुये लीकेज को रोका जाए। उन्होने कहा कि आगामी अप्रैल मई तथा 15 जून तक जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में पानी की दिक्कत होने लगती है वहां पर भी पानी मुहैया कराने के लिये सभी व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों के द्वारा अपने सुझाव व पेयजल की मांग पर चर्चा की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने हर सम्भव पानी की उपलब्धता बनाये रखने हेतु आश्वस्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया।



इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे उप निदेशक कृषि विकेश पटेल सहित सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सम्बन्धी मामलों पर कराएं त्वरित कार्यवाही - डीएम

**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में अभियोजन, कानून व्यवस्था एवं होली के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में एससी एसटी एक्ट, गैंगस्टर, महिलाओं व बच्चों के प्रति अपराध, दहेज उत्पीड़न, पास्को, अधीनस्थ न्यायालय, अन्य न्यायालय, तामिला, गवाहों की स्थिति, जमानत, एनबीब्ल्यू आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि न्यायालय में प्रभावी पैरवी करते हुए आरोपियों के विरुद्ध तत्काल वारंट निर्गत कराया जाए ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में अराजक तत्वों द्वारा दखलंअदाजी न हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच अधिकारी और सम्बन्धितों की गवाही कराई जाए। गवाही न होने पर इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी गवाही कराकर आरोपियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है कि जितने भी पेडेनेंसी है न्यायालय के निर्गत सम्मन थानों के माध्यम से तामिला कराया जाए। साथ ही महिला सम्बन्धी मामलों पर त्वरित कार्यवाही कराई जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सम्मन, वारंट चुनाव आयोग द्वारा मांगा गया है, इस पर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि चुनाव हनक से होता है। उन्होंने कहा कि जो असलहा जमा नहीं हुए हैं, उन्हें होली से पहले लगभग 80 प्रतिशत जमा कराएं।

जिलाधिकारी ने होली की तैयारी के सम्बन्ध में तहसील वार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन स्थलों पर अगर तार लटक रहे हैं, उसे अधिशासी अभियंता विद्युत से समन्वय बनाकर सही कराएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि लेखपालों से सर्वे करा कर अभियान चलाकर स्थलों का निरीक्षण करें। साथ ही आयोजकों के नाम भी सूचीबद्ध करें।

उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी से तैयारीयों के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि दबिश देकर शराब बनाने वाले को पकड़े किसी भी प्रकार की अवैध शराब नहीं बनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव व होली को दृष्टिगत देखते हुए अधिक से अधिक छापामारी करें। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकार से समन्वय बनाकर फील्ड में भ्रमण करें। जिलाधिकारी ने चुनाव व होली के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए हर थाने पर शान्ति समिति की बैठक करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब से कोई घटना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय से असलहों को भी जमा कराए। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जो 12 चौकिया बनानी है, वहां पर सीसीटीवी कैमरा भी लगवाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जो स्कूल फोर्स के लिए अधिकृत किए गए हैं, वहां पर शौचालय, पानी व अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक एस के मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# 2 आरोपियों के विरुद्ध की मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल द्वारा जनता में आतंक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले उमाशंकर निवासी कौडर पुरवा मजरा बक्टा बुजुर्ग व रामबाबू निवासी भरकुर्रा के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया गया ईवीएम व वीवी पैट मशीनों का प्रशिक्षण



**चित्रकूट:** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को कलेक्टरेट सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 का जनपद में पांचवें चरण में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 237-मानिकपुर विधानसभा के जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ईवीएम व वीवी पैट मशीनों के जागरूकता एवं प्रशिक्षण के बारे में चरणबद्ध तरीके से सामान्य प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में मतदेय स्थल पर पहुंचने के बाद की जाने वाली व्यवस्था, चेक लिस्ट, मतदान के पूर्व तैयारी, मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति एवं उनके प्रति संहरण (रद्द करना) मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति, मतदान प्रक्रिया, पीठासीन की डायरी, 17 सी आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कोई समस्या होती है तो पहले सेक्टर मजिस्ट्रेट ही पहुंचेगे। इस लिए कोई भी सामान्य बातें बताई जा रही हैं, उसे ध्यान से देखें व सुनें। उन्होंने कहा कि जो चुनाव आयोग का दिशा निर्देश है, उसी गाइड लाइन से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी बूथों को निरीक्षण कर उपस्थिति दर्ज करे। साथ ही कहा कि मतदान शुरू होने पर दो-दो घंटे पर रिपोर्ट जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बूथों पर जाए तो पीठासीन रजिस्टर को भी देखें। जिलाधिकारी ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट को पीठासीन द्वारा कोई समस्या की सूचना मिले तो वह तत्काल पहुंचे। उन्होंने कहा कि मत पत्र लेखा 17 सी को सही से भरें। यदि मशीन खराब हो गई हो तो प्रोटोकॉल के अनुसार व चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, वहीं पर मशीन जमा होगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि जब तक मशीन जमा नहीं होती तब तक कोई भी व्यक्ति मशीनों को छोड़कर नहीं जा सकता। इसे चुनाव आयोग गंभीरता पूर्वक लेता है। उन्होंने कहा कि आप लोगों की गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम लगे होंगे, जिससे कि तुरंत इंडिकेट करेगा। इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जब तक मशीन न जमा हो जाए उसे छोड़कर कहीं ना जाए।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक राजकुमार एवं प्रशिक्षण कर्ता साकेत बिहारी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने सर्कल नगर के थानों के विवेचकों का किया अर्दली रुम

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने थाना कोतवाली कर्वी में थाना कोतवाली कर्वी, बहिलपुरवा, भरतकूप व महिला थाना के विवेचकों का अर्दली रुम किया। पुलिस अधीक्षक ने अर्दली रुम के दौरान विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह, अपराध राकेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 रोल नम्बर 1591421 का प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है।

साहिल सरोज
पुत्र पप्पू सरोज
पता-सूर्यगढ़ प्रतापगढ़
7348605527

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाईस्कूल वर्ष 2015 रोल नम्बर 3128156 का प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

मंजी कुमार
सुत राजबिन्दु राम
पता-बौखा राजमलपुर गाजीपुर
233304
मो0 7348605527

**उत्तर मध्य रेलवे**

**''नोटिस''**

श्री नृगराज सिंह पुत्र श्री प्रभाकर सिंह, पदनाम-ट्रैकमेन्टेनर-IV, गैंग नं. 61/इकदिल, अधीन-सी0सै0इंजी0/पी0वे0/इटावा, जो कि दिनाँक **06.08.2023** से लगातार अपनी ड्यूटी से अनाधिकृत अनुपस्थित चल रहा है, जिसके सापेक्ष में कर्मचारी को मानक फार्म संख्या 5, दिनाँक **07.11.2023** को जारी किया गया एवम जाँच हेतु श्री पी0के0 मण्डल-सी0सै0इंजी0/पी0वे0/स्पेशल/ फफूँद को जाँच अधिकारी नामित किया गया था, जाँच रिपोर्ट में यह दर्शाया गया है कि उक्त कर्मचारी जाँच कार्यवाही की किसी भी तिथि में उपस्थित नहीं हुए ना ही किसी प्रकार की सूचना से इस कार्यालय को अवगत कराया है।

अतः आपको एक सप्ताह का अवसर प्रदान किया जा रहा है कि आप इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें एवं स्पष्टीकरण दें अन्यथा रेल प्रशासन द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति/बरखास्तगी की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**कर्मचारी का स्थाई पता :-**
**ग्राम + पोस्ट-अलवारा, थाना-महवा घाट तहसील-मनझनपुर, जिला-कौशाम्बी, (उत्तर प्रदेश) पिन-212214**

**सहायक मण्डल अभियन्ता**
**उत्तर मध्य रेलवे,**
**इटावा**
**506/24 (ADM)**

@CPRONCR North central railways @ cproncrly @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंक पत्र सह प्रमाण पत्र रोल नंबर 1221424730 वास्तव में कहीं खो गया है।

हर्षिता उपाध्याय
पुत्र प्रेम कुमार उपाध्याय
ग्राम सोनपुरा प्रतापगढ़

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक 1781464 सन 2018, इंटर मीडियट अंक पत्र प्रमाण पत्र अनुक्रमांक1302632 सन 2020 वास्तव में कहीं खो गया है।

मो, जियाउल हक
माता सादिया बानो
पिता का नाम तजम्मुल हुसैन
निवासी बालीपुर पोस्ट पूरे गोसाई
जिला प्रतापगढ़

## जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




**चित्रकूट:** जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जिला जज, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरा के संचालन, हाई सिक्योरिटी बैरक, पृथकवास में कैदियों की सघन तलाशी कराई गई। साथ ही पाकशाला को देखा एवं भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने कैदियों से खानपान व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कैदियों को खाना व नाश्ता दिया जाए। उन्होंने अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों का संचालन निरन्तर रहे, इसका विशेष ध्यान दें। साफ-सफाई निरन्तर बनीं रहे, कैदियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि दीवारों पर पौराणिक वॉल पेंटिंग कराएं। इस मौके पर सीजेएम सूर्यकांत धर दुबे, अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उप कारापाल रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ 9 आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा 2 आरोपियों को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ व अन्य 7 आरोपियों को 49 लीटर कच्ची व 82 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

राजापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैयालाल बख्श, कृष्णदेव मिश्र, अनिल कुमार, आरक्षी उज्जवल पाण्डेय, बुद्धसेन विक्रम, मनीष यादव एवं आबकारी निरीक्षक नीरज वर्मा की संयुक्त टीम द्वारा मुसम्मी केशव उर्फ कल्लू निषाद निवासी रेवाड़ी को 10 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने बताया कि उप निरीक्षक रामाधार सिंह, आरक्षी रोहित यादव एवं आबकारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्र व आरक्षी दीपक मिश्रा, महिला आरक्षी सुमित्रा देवी की संयुक्त टीम द्वारा तिलकधारी निवासी कुरिया डीह मजरा तुरगवाँ को 2 प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।



इसके अलावा शिवरामपुर चौकी प्रभारी सत्यमपति त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा बैदू सिंह निवासी गोबरिया को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। भरतकूप थाना के उप निरीक्षक बालकिशुन व उनकी टीम द्वारा सैना देवी निवासी डडिया मजरा पहरा को 19 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर थाना के उप निरीक्षक कन्हैयालाल बक्श व उनकी टीम द्वारा मनीष कुमार निवासी हुनवा सरैया को 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक मातादीन व उनकी टीम द्वारा राजेश निवासी नौनार को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। रैपुरा थाना के उप निरीक्षक दिनेश कुमार व उनकी टीम द्वारा रमेश निवासी दरिया का पुरवा मजरा बसिला को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सरधुवा थाना के उप निरीक्षक मुन्नीलाल व उनकी टीम द्वारा देवनाथ निवासी अमवां को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मारकुण्डी थाना के उप निरीक्षक इन्दल कुमार व उनकी टीम द्वारा सोनू कोल निवासी करौहा को 16 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**कार्यालय जनपद न्यायाधीश प्रतापगढ़ (उ0प्र0)**

**क्रमांक : निविदा/लेखा/2023–2024** **दिनांक 18.03.2024**

दीवानी न्यायालय प्रतापगढ़ (उ0प्र0) में वाहन चालक, चतुर्थ श्रेणी के कुल 65 कर्मचारीयों (महिला+पुरुष) को शासनादेश संख्या 1651/18.02.2012, 47 (एस0पी0)/10 दिनांकित 24.12.2012 के अनुसार ग्रीष्मकालीन व शीतकालीन वर्दी दिया जाना है जिनका विस्तृत विवरण निम्नवत है–

**ग्रीष्मकालीन+शीतकालीन वर्दी के लिए**

| क्र0 सं0 | कर्मचारी | लिंग | वर्दी जो दिया जाना है | कर्मचारी की संख्या | वर्दी की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतुर्थ श्रेणी | पुरूष | शर्ट (टेरीकॉट) | 58 | 4 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट (टेरीकॉट) | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| 2 | चतुर्थ श्रेणी | महिला | साडी नेवी ब्लू टेरीकॉट | 4 | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ब्लाउज ब्लू टेरीकॉट | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पेटीकोट सूती नेवी ब्लू | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | लांग कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| 3 | वाहन चालक | पुरूष | शर्ट (टेरीकॉट) | 03 | 4 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्ट (टेरीकॉट) | | 2 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | कोट ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | पैन्टी ऊनी नेवी ब्लू | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | ऊनी कम्बल | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |
| | | | जूता मय मोजा | | 1 जोडी प्रति कर्मचारी |
| | | | छाता | | 1 अदद प्रति कर्मचारी |

उक्त सारणी में अंकित वर्दियों के आपूर्ति हेतु शासनादेश सं0 1651/18–02–12–47 (एस0पी0)/10 लघु उद्योग अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 24.12.2012 के प्रकाश में आपूर्ति हेतु मोहरबन्द निविदायें मय मनुना आमन्त्रित की जाती है।

इच्छुक फर्म/विक्रेता द्वारा निविदा की शर्ते व नियम किसी भी कार्यदिवस में पुर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे के मध्य नजारत अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें दिनांक 21.03.2024 तक समय 4 बजे तक मोहरबन्द निविदायें मय नमुना प्राप्त की जायेगी तथा 22.03.2024 को क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी जिसमे निविदार्थी उपस्थिति हो सकते है।

जनपद न्यायाधीश को किसी भी निविदा को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

**(हरविन्दर सिंह)**
**विशेष न्यायाधीश (एस0सी0एस0टी0ऐक्ट)/**
**अध्यक्ष क्रय समिति**
**जनपद न्यायालय प्रतापगढ़**

# शिक्षा से ही मिलती है जीवन में सफलता - प्रो शिशिर कुमार पांडेय




**चित्रकूट:** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग व मनोविज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन को महान बनाती है। हमारे कुलगुरु विश्वविद्यालय के जीवन पर्यन्त कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य आपके सामने उदाहरण है। उनका विराट व्यक्तितव हम सभी को ज्ञान, धर्म, संस्कृति के लिए प्रेरणा देता है। छात्रों को बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए अपने जीवन में सुख सुविधाओं का त्याग करना होगा। शिक्षा घर, परिवार, समाज में जीवन जीने की कला सिखाती है। शिक्षित होंगे तभी जीवन में सफलता मिलेगी। असिस्टेंट प्रोफेसर भारतीय सांकेतिक भाषा रिसर्च ट्रेंनिग सेंटर नई दिल्ली डॉ हरीष सोनी ने बधिर छात्रों के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा का महत्व बताया। उन्होंने सांकेतिक भाषा पर बल दिया कि वह रिसर्च सेंटर द्वारा संचालित सांकेतिक भाषा का पाठ्यक्रम गतिविधियों को सीख कर आप सब साईन सीख सकते हैं, लेकिन इसके लिए रोज एक घंटे अभ्यास करना चाहिए। रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ शिक्षकों ने देशभर के बधिरो, परिवारिक जनों, समाज के लोगों के लिए सांकेतिक भाषा डिक्शनरी तैयार किया है। जिसमें रोज के लगभग 100 संकेत आप सीख कर उपयोग कर सकते हैं। बधिर छात्रों को शैक्षणिक तकनीक सहयोगी बना सकते हैं। साथ ही इंटरनेट की दुनिया में एक और अच्छा प्रयास किया गया है कि यूट्यूब लगभग 10 हजार की संख्या में छोटे-छोटे वीडियो के माध्यम से सांकेतिक भाषा सिखाया गया है, जो आप सीख कर बधिरो से संप्रेषण कर सकते हैं। जल्द ही प्रयास करना चाहिए कि जल्द ही विशेषज्ञ, शिक्षकों को रखकर बधिरों को अपनी बात कहने, सुनने का हक मिलें। वर्तमान में कानून भी यही कहता है कि सभी कार्यक्रमों में बधिरो के लिए विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित होकर समझाए। इस अवसर पर आलोक उपाध्याय दिल्ली, दीपक कुमार ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन नीतू तिवारी ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रजनीश सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ निहार मिश्र, डॉ रीना पांडेय, डॉ विशेष दुबे, दुर्गेश मिश्रा, योगेन्द्र तिवारी, मुकुंद पांडेय, डॉ संजय नायक, ओमप्रकाश, एसपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर तीन आरोपियों को सजा

**चित्रकूट:** विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने तीन सगे भाईयों को सात-सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को पांच हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा पाने वाले तीनों आरोपी रिश्ते में मृतका के जेठ हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 29 मई 2022 को बांदा जिले के कमासिन थाने के अन्दौरा निवासी रोहित कुमार यादव ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में रोहित ने बताया था कि उसने अपनी बहन केता देवी की शादी पहाड़ी थाना क्षेत्र के भम्भौर गांव के महुटा रूपौली लोखरिहापुरवा निवासी रविकरण के साथ वर्ष 2014 में की थी। बीती 27 मई 2022 की शाम 4 बजे उसकी बहन केता का सास के साथ कुछ विवाद हो गया। जिसमें बहन के जेठ शिवमोहन यादव ने उसे लाठी से मारा। घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए ससुरालीजनों ने आग लगा दिया। इस मामले में उसने मृतका केता के जेठ गोरेलाल व राजा यादव आदि के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस मामले में मृतका के पति और आरोपियों के सबसे छोटे भाई रविकरण ने भी गवाही दी थी। इसके चलते हत्यारोपी दो भाईयों की जमानत अब तक नहीं हो सकी और दोनों भाई अभी तक जेल में बंद हैं। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बुधवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# एन.एस.पी.एस त्रिपुला में घोषित हुआ सत्र 2023-24 जूनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में सत्र 2023-24 जूनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने उप-प्रधानचार्य मो. फैज़ान खान व गेस्ट ऑफ ऑनर की भूमिका में उपस्थित अभिभावकों के साथ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में रैंकर्स छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए अन्य छात्र- छात्राओं को भी उतसाहित करते हुए कहा कि वे अपनी कमियों को पहचान कर अच्छे परीक्षा परिणाम प्राप्त करें साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, इसके साथ ही उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं व बधाई दी। कार्यक्रम में घोषित परीक्षा परिणामों के क्रम मे कक्षा 6 से माही, अहमद हबीब खान एवं वैष्णवी सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 7 से वैभव यादव, असफिया बानो व सानिध्या शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 8 से प्राची त्रिपाठी,प्रिया पाण्डेय व गौरव यादव ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।साथ ही उन बच्चों को भी अवार्ड दिए गए जिन्होंने शिक्षा के प्रति अपनी लगन को कायम रखते हुए विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराई इन बच्चों में कक्षा 6 की संस्कृति जायसवाल,सभ्यता , कक्षा 7 के हर्ष मोहन यादव,निखिल यादव,प्रखर श्रीवास्तव,मो. शाहवेज़ खान,जान्हवी यादव, कक्षा 8 के आदित्य कुमार यादव,प्रसून अग्रहरि,श्लोक श्रीवास्तव,देवांश प्रजापति, दिव्यांश सिंह,गौरव राज रहे।इतना ही नही विद्यालय ने उन बच्चों को भी सम्मानित किया जिन्होंने विद्यालयी शिक्षा से इतर प्रतियोगिताओं में मुकाम हाशिल किया ऐसे बच्चों में इंटरनेशनल जरनल नॉलेज ओलंपियाड विजेता अध्या सिंह को मैडल ऑफ़ डिसि्ंटक्शन, इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड विजेता आराध्या पाण्डेय, वेदिता श्रीवास्तव,शौर्य प्रताप सिंह(1),अस्फिया बानो,कौस्तुभ, समर्थ त्रिवेदी, अभिवंश श्रीवास्तव,श्लोक श्रीवास्तव,गौरव यादव,कुशाग्र त्रिवेदी और इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड विजेता शिखर वर्मा, गौरव गुप्ता,माही,प्रियांशु प्रकास सिंह, समर्थ त्रिवेदी,उत्कर्ष सही,आयुषी मौर्या, विधि सोनी,अलंकृता शर्मा को गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस एवार्ड से नवाजा गया। साथ ही जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप (2023-24) में क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अर्पित सिंह, विशेष यादव, मो.अलतमस को भी मेडल दिए गए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका संचिता त्रिवेदी एवं आरजू यादव ने किया।इस अवसर पर विद्यालय की शाहीन खान, राकेश अवस्थी, शिवकरन पाल, रामदेव, अभिषेक भारद्धाज, पिंकी जायसवाल, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिवावक उपस्थित रहे।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली ।** विकास क्षेत्र जगतपुर में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह के कार्यभार संभालने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जगतपुर ने अध्यक्ष संजय सिंह व मंत्री आशुतोष पांडे के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय जगतपुर में उनका स्वागत किया । अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी के विकास क्षेत्र में आने से शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सदैव शिक्षक व शिक्षाहित में कार्य करेंगे । वहीं महामंत्री आशुतोष पांडे ने कहा कि नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में विकास क्षेत्र जगतपुर की आभा पूरे जनपद में बढ़ाने का कार्य करेंगे ।नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी जगतपुर अरविन्द सिंह ने संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए आश्वस्त किया कि सभी के सहयोग से शासन की नीतियों के अनुसार कार्य करके विभाग को नई ऊंचाई तक ले जाने का प्रयास करेंगे । इस अवसर पर अध्यक्ष , जूनियर शिक्षक संघ दीपक कुमार सिंह , राजकुमार सिंह , पूनम सिंह , अरुण सिंह , छाया पांडे , प्रमोद शुक्ला समेत बड़ी संख्या में शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

# रमेश को अध्यक्ष और सोनू को बनाया गया मोदनवाल समाज का महामंत्री



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश श्री कांयकुंज वैश्य मोदनवाल समाज समाज ने अपने जिले की कमेटी की घोषणा की है जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर रमेश मोदनवाल को और महामंत्री के पद पर सोनू मोदनवाल को मनोनीत किया गया है।मोदनवाल समाज की एक बैठक महाराजगंज में आयोजित की गई जिसमें समाज ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है संरक्षक के पद पर डॉ जय कृष्णा मोदनवाल और महादेव गुप्ता को मनोनीत किया गया है वहीं उपाध्यक्ष के पद पर दीपू मोदनवाल और महिला कमेटी की जिला अध्यक्ष सरोज मोदनवाल को बनाया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रमेश मोदनवाल ने कहा कि वह समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करेंगे और समाज के होनहार छात्र और छात्राओं को आगे की शिक्षा दीक्षा के लिए सहयोग करेंगे।बैठक में डॉ घनश्याम लाल राष्ट्रीय अध्यक्ष ,राष्ट्रिय महामंत्री चिरौंजी लाल मोदनवाल, प्रांतीय अध्यक्ष आलोक आर्या और प्रांतीय महामंत्री विंध्यवासिनी मोदनवाल सहित प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद रहे सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी।

# उमंग में दिखा बच्चों का जोश, प्रस्तुति देख सभी हुए मंत्रमुग्ध

## वार्षिकोत्सव के साथ ही प्रधानाध्यापक शफीर्कुरहमान का हुआ स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** इंजीनियरिंग व प्रबंधक कॉलेजों की तरह ही परिषदीय विद्यालयों में भी उमंग उत्सव (वार्षिकोत्सव) का आयोजन हो रहा है। अमावां ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय हिलगी में मंगलवार को उमंग-2 का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुती देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। उमंग उत्सव के साथ ही 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे प्रधानाध्यापक शफीर्कुरहमान उर्फ गुड्डू मास्टर का सम्मान विद्यालय परिवार और बच्चों की तरफ से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फरजाना और विशिष्ट अतिथि आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह और एआरपी रितेश सिंह रहे।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों की तरफ से सांस्कृतिक



कार्यक्रम में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर करने वाला कई गीतों पर एक डांस प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्रों की तरफ से श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र और उत्सर्जन तंत्र के बारे में चार्ट के माध्यम से विस्तार से बताया गया।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सहित सभी अध्यापकों से 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रहे इंचार्ज प्रधानाध्यापक शफीर्कुरहमान उर्फ गुड्डू मास्टर के दीर्घायु की कामना के साथ ही साथ हमेशा स्वस्थ रहने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मीना मंच की सुगमकर्ताओं को प्रमाणपत्र एआरपी रितेश कुमार की तरफ से दिया गया। वहीं, संकुल बल्ला में निपुण घोषित होने वाले एकमात्र कम्पोजिट विद्यालय गोहन्ना के स्टॉफ का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संकुल बल्ला नोडल नीरज कुमार ने किया।
इस मौके पर राम प्रकाश अवस्थी, राजेंद्र सिंह, सुधीर, हेमलता त्रिवेदी, मनोज, रामभरत राजभर, कृष्णाशंकर यादव, अनीता, गरिमा सिंह, करुणा यादव, ऊषा देवी, प्रभा गुप्ता, प्रेरणा अहिरवार, राखी वर्मा, विनीता देवी, हनी गुलाटी, आएशा, सत्यभामा, विश्रामा, प्रतिमा सिंह, मनीषा, श्रीकांत दिवाकर, कमल अहिरवार, वरुणेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक से की शिष्टाचार भेंट



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल डीह के अध्यक्ष पवन अग्रहरि के नेतृत्व में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रभारी निरीक्षक थाना डीह अरविन्द सिंह को पुष्प गुच्छ भेंटकर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान व्यापारियों ने प्रभारी निरीक्षक को व्यापारिक समस्याओं से भी अवगत कराया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने विश्वास दिलाया कि व्यापारियों को व्यापार करने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने पायेगी और किसी भी कीमत में व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से शिव प्यारे अग्रहरि, नन्द कुमार पाल, मो0 चाँद, हरिओम अग्रहरि, चन्दन, दिनेश पाल, अजय रावत आदि तमाम पदाधिकारी रहे।

# सपा को धोखा देने वाले विधायक को आइना दिखायेगी ऊँचाहार की जनता-इं0 वीरेन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी विधान सभा क्षेत्र ऊँचाहार के विकास खण्ड ऊँचाहार एवं रोहनिया के बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन पार्टी कार्यालय ऊँचाहार में आयोजित की गयी। बैठक में बूथ एवं सेक्टर स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं नें बड़ी संख्या में सहभागिता निभायी बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ है ऊँचाहार विधान सभा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से समाजवादी पार्टी नें लगातार बेहतर परिणाम दिये है आने वाले लोक सभा चुनाव में इन्हीं संघर्षशील एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत समाजवादी पार्टी गठबंधन के प्रत्याशी को रिकार्ड वोटों से इस विधान सभा से जितवाने का काम करेंगे समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति निष्ठा एवं समाजवादी पार्टी की विचाराधारा पर कार्य करते रहे है अवसरवादी लोगों के पार्टी से धोखा देने का उचित जवाब आगामी लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में इस विधान सभा क्षेत्र में मिलेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सदैव अन्याय के खिलाफ पीड़ित शोषित लोगों की मदद करनें का काम किया है परन्तु इस क्षेत्र के विधायक पार्टी को धोखा देने का काम किये है जिसे समाजवादी नीतियों को मानने वाले इस क्षेत्र के किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, छात्र, बेरोजगार अपने समर्थन एवं वोट की ताकत से जवाब देने का काम करेंगे। नेता आते जाते रहे हैं परन्तु जनता ऐसे आयाराम गयाराम को आइना दिखाने का काम करेगी।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष जगदेव नें कहा समाजवादी पार्टी ने जिन्हें पहचान दी नगर पालिका एवं विधान सभा का चुनाव लड़ाया सरकार में मंत्री बनाया विपक्ष में रह कर भी दल का मुख्य सचेतक बनाया परन्तु लोभ एवं लालच में क्षेत्र की जनता के समर्थन को ठुकरा कर पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। बैठक को ऊँचाहार विधान सभा के वरिष्ठ नेता विन्देश्वरी पासी, देवनाथ पाल, नरेन्द्र गुरूजी, युसुफ मंसूरी, मो0 अरशद, हसनैन खां, मदन यादव, महेश पूर्व प्रधान, अमर बहादुर प्रधान, नरेन्द्र यादव प्रधान, धर्मेन्द्र यादव आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव इस क्षेत्र में मजबूत रही है आने वाले समय में भी और अधिक मजबूत होगी धोखा देकर जाने वालो के प्रति क्षेत्र में आक्रोश है इस अवसर पर बैठक को समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल, समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शुभम लोहिया, समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, महासचिव मो0 अरशद खान, शिव मूर्ति सिंह राणा, जिला सचिव राजेन्द्र यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद आदि नें सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता छविनाथ यादव नें एवं अध्यक्षता शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष जे0पी0 यादव द्वारा की गयी। संगठन बैठक के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं सक्रिय कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित होकर समाजवादी पार्टी की मजबूती हेतु संकल्प लिया।

# प्राथमिक विद्यालय डिडौली की प्रधानाध्यापक सम्मानित



**रायबरेली।** जिले के आदर्श विद्यालयों में से एक प्राथमिक विद्यालय डिडौली की प्रधानाध्यापक नरजिस फात्मा बेग का सम्मान किया गया। 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने जा रही प्रधानाध्यापक का सम्मान विद्यालय परिसर में संकुल हरदासपुर के सभी शिक्षकों द्वारा किया गया। बच्चों की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर आरएसएम के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शशि प्रकाश श्रीवास्तव, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, एआरपी अब्दुल मन्नान, जेपी रावत, अध्यापक जयकरन वर्मा, पंकज कुमार, श्यामलली, शशि देवी, शालिनी सिंह, दिपाली रावत, मीनू सिंह, अंजलि अवस्थी, रेखा, अनीता सिंह, सौम्या खान, अमित मिश्रा, खैरुन्ननिशां नकवी, बबीता सिंह, नीतू सिंह, नीता, प्रदीप मौर्य, श्वेता, पायल, नीतू सिंह, शोभना अनमोल, रेनू सिंह, अर्चना सिंह, शिखा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**सलोन,रायबरेली।** शराब पीने के बाद युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया।गम्भीर अवस्था युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया।जिसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।कोतवाली अंतर्गत मखदूमपुर निवासी राम बहादुर पुत्र राम नेवज को मंगलवार देर रात परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया।परिजनों ने डॉक्टर को बताया कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है।इस सम्बंध डॉक्टर आशीष नायक ने बताया कि युवक ने सुबह शराब पी थी।इसके बाद उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया था।परिजन सीएचसी लेकर युवक को आये थे।हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल रिफर किया गया है।युवक बेहोसी के हालत में था।

# अच्छे अंक प्राप्त करने के साथ ही सामाजिक कार्यों के प्रति भी सजग रहें छात्र - सुनील सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज,रायबरेली।** नगर के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।विद्यालय की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाले प्ले ग्रुप से कक्षा 9 व कक्षा 11 के मेधावियों को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय प्रबंधन आपके पाल्यों के चतुर्मुखी विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि अपना सहयोग इसी तरह से विद्यालय के प्रति बनाए रखें। साथ ही अपने पाल्यों की दैनिक क्रियाकलापों के प्रति भी नजर बनाए रखें। छात्रों को आगाह किया कि मोबाइल का प्रयोग आवश्यक काम के लिए ही किया जाए। अनावश्यक रूप से मोबाइल का उपयोग छात्र जीवन के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। छात्र जीवन में सिर्फ अच्छे अंक प्राप्त करना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए।इस पर आप सभी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। प्रबंधक शांतनु सिंह ने इस अवसर पर अभिभावकों से कहा कि




आपने जिस उद्देश्य हेतु अपने पाल्यों का प्रवेश बीएमपीएस में कराया है, विद्यालय हमेशा ही आपकी अपेक्षाओं में खरा उतरा है और भविष्य में भी खरा उतरेगा ऐसा हम विश्वास दिलाते हैं।विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने इस अवसर पर सत्र:2023-24 की स्कूल की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में और ऊंचाइयों पर पहुंचने की शुभकामना दी।पूरे साल सर्दी गर्मी बरसात की परवाह न करते हुए स्कूल में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय प्रबंधन ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था और अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक श्रवण तिवारी ने किया ।उपस्थित अभिभावकों के प्रति धन्यवाद प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय सिंह,बीएन यादव,शैलेंद्र तिवारी,आदित्य सिंह,प्रशांत दुबे,प्रीति श्रीवास्तव, प्रियम मिश्रा,सुधीर सिंह,प्रदीप सिंह,विष्णु सिंह, शिवसागर,शिरीषतिवारी,विकास सिंह,नीरज सिंह,विनोद चैधरी, सुमित,अविनाश साहू, विभा, पलक, मनोज गुप्ता बड़े, जनसंपर्क अधिकारी यश बहादुर यादव सहित समस्त अध्यापकों व कर्मचारियों का यथोचित योगदान रहा।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से भगाया

**नसीराबाद रायबरेली।** दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालजनों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।जहां महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच ससुरालीजनों पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामले की विवेचना थाना प्रभारी को सौंपी गई है।थाना क्षेत्र के पूरे रानी मजरे डीघा निवासी महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 2020 में मुकेश पुत्र उदयराज के साथ हुई थी। मायके में पिता नही है। मेरी मां ने मुझे पाल पोस कर बड़ा किया है।शादी में घरवालों ने अपनी हैसियत के अनुसार और कर्ज लेकर काफी खर्च किया, शादी में पलसर बाइक समेत खूब सारा दहेज दिया।लेकिन ससुरालजन दिए गए दान-दहेज से खुश नहीं थे। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुरालजन कम दहेज लाने को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर ससुरालजन गाली-गलौज व मारपीट करते हैं।बीते 5 फरवरी को ससुरालवालों ने मारपीट करते हुए सारे गहने,कपड़े छीन लिया और पीड़िता को मार कर घर से भगा दिया।साथ ही विवाहिता ने बताया कि वह एक वर्ष के बच्चे आर्यन के साथ इधर उधर भटक रही है।वहीं विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति मुकेश, जेठ राकेश,दिनेश,जेठानी सोनी,सास शशिकला के खिलाफ दहेज प्रतिषेध अधिनियम समत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।मामले की विवेचना नसीराबाद थानेदार राजेश कुमार मौर्या को सौंपी गई है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए स्व0 उमाशंकर सिंह



**लालगंज उत्तरागौरी।** लालगंज के ग्राम उत्तरागौरी में स्थित नर्सरी के प्रांगण में आज पूर्व एडीओ स्व.उमाशंकर सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर शान्ति भोज, कन्या भोज व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उपचार कर दवाएं वितरित कीं।पुण्यतिथि कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों समेत अन्य तमाम सम्भ्रांत नागिरकों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला और नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी बीपीजीसी के पूर्वसी प्राचार्य अरुण कुमार सिंह मुन्ना ने अपने सम्बोधन में कहा कि लालगंज की ग्राम पंचायत उत्तरागौरी के सामान्य परिवार में जन्मे स्व0 श्री उमाशंकर सिंह ने अपनी वाणी, व्यवहार, आचरण व कर्मठता से अच्छी ऊँचाईयों को छुआ ही नही बल्कि जनपद तक अपने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया। समाजसेवी राजेश सिंह फौजी ने कहा कि उमाशंकर सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। जहां वे एक अनुशासन प्रिय कर्मयोगी अधिकारी और बेहतर मनुष्य के रूप में जाने जाते थे, वहीं समाजसेवी के रूप में भी उनकी बड़ी ख्याति थी।उनकी कमी समूचे क्षेत्र में खल रही हैं। वह गरीबों, पीड़ितों के साथ कन्धा से कंधा मिलाकर सदैव खड़े रहते थे। कन्या भोज के उपरांत उमाशंकर सिंह की पत्नी प्रेमवती सिंह ने कन्याओं और बच्चों को स्टेशनरी, पैन, पेंसिल का सेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने पिता की पुण्यतिथि पर डा वी पी सिंह ने कहा कि अपने पिता जी के पदचिन्हों पर चलकर गरीबों, पीड़ितों की सेवा ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।इस अवसर पर आदर्श कुमार भानु डा अमित सिंह, डा नितिन त्रिवेदी, आशीष सिंह सेंगर, सिद्धार्थ त्रिवेदी, अनंत विजय सिंह, अमित गुप्ता, मोहित सिंह, एडवोकेट अनुपम सिंह, अरुण गुप्ता, राहुल पांडेय, अमित सिंह चैहान, डा पाल, पिंकू गुप्ता, आशीष कुमार आदि सहित भारी संख्या में जनमानस मौजूद रहा।

# आरेडिका के मुख्य सामग्री प्रबंधक की हुई धूमधाम से विदाई

**लालगंज रायबरेली।** प्रमोशन आदेश आने के उपरांत पूर्व रेलवे मे प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक का पदभार संभालने के लिए भंडार विभाग आरेडिका में वर्ष 2017 से कार्यरत मुख्य सामग्री प्रबन्धक संदीप शुक्ला ने 20 मार्च 2024 को अपना कार्यभार छोड़ दिया। भंडार विभाग के परचेज सेक्शन के कर्मचारियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में बोलते हुए मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि संदीप शुक्ला की कुशल कार्यशैली और समग्र ज्ञान की रेल कोच के भंडार विभाग को विकास के पथ पर लगातार बनाए रखा और सदैव रेल कोच के हित के साथ-साथ



कर्मचारी से भी उनका मेलजोल सराहनी रहा।सीडीएमएस प्रतीक गुप्ता ने संदीप शुक्ला के कर्मचारियों के प्रति उदार स्वभाव तथा एक मैनेजर के रूप में कुशल नेतृत्व का उल्लेख किया ।वही अरशद अली ने संदीप शुक्ला के कोच उत्पादन से संबन्धित उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकामनाए दी। वैसे वास्तव में मुख्य सामग्री प्रबंधक के पद पर जब संदीप शुक्ला ने मॉडर्न कोच फैक्ट्री में कार्यभार संभाला वैसे ही इस कोच फैक्ट्री का कोच उत्पादन का लक्ष्य दुगना हो गया जो 700 कोचो से 1400 कोच हो गया था। अपने कुशल नेतृत्व के द्वारा ही उस समय संदीप शुक्ला ने कोचो के उत्पादन के लिए सामग्री उपलब्ध कराई थी। विदाई समारोह में उप मुख्य सामग्री प्रबंधक मुख्यालय दीपक कुमार, वरिष्ठ सामग्री प्रबंधन अशोक कुमार, सहायक सामग्री प्रबंधन गणेश दत्त, सीडीएमएस अरशद अली, भूपेंद्र पाल सिंह,रोहित कुमार, कपिल कुमार, जमील अख्तर, चेतन श्रीवास्तव सोनू सिंह में वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक विकास चैधरी, पूनम यादव,डीएमएस संजय कुमार अनिमेष त्रिपाठी आदि भंडार विभाग के सभी कर्मचारियों ने संदीप शुक्ला को शुभकामनाएं दी।

# मैं खिल की हुई कचनार हाय रे रंगीले हो गई

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय हास्य कवि संगम निराला चौराहे के समीप दारागंज,प्रयागराज में एक से बढ़कर एक रचनाओं के साथ संपन्न हुआ। कवि सम्मेलन महाकवि निराला एवं आधुनिक कविता के जनक डॉ जगदीश गुप्त को समर्पित रहा। कार्यक्रम के आयोजक संयोजक राजेश निषाद पार्षद ने कहा की रंगों के पर्व को रचनाकारों के माध्यम से व्यक्त करना और करवाना अखिल भारतीय हास्य कवि संगम का प्रमुख उद्देश्य है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद श्रीमती केसरी देवी पटेल का स्वागत पार्षद सुप्रिया राजेश निषाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, करछना के विधायक पीयूष पटेल, जिला अध्यक्ष भाजपा राजेंद्र मिश्रा, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, रईस चंद शुक्ला, विक्रम सिंह पटेल की उपस्थिति रही।

कवि सम्मेलन का प्रारंभ महाकवि निराला एवं डॉ जगदीश गुप्ता की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

तत्पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारंभ लखनऊ से पधारी कवियत्री शशि श्रेया की वाणी वंदना के साथ आरंभ हुआ। उन्होंने अपनी रचना पढ़ी।

अनुभवों की धुन बनाना गीत गाना आ गया। आँसुओं को नयन के भीतर छिपाना आ गया।। जीत लेगा जिंदगी की जंग वो हर हाल में, जिसको सारे दर्द सहकर मुस्कुराना आ गया।।

दिल्ली से पधारे सुनहरी लाल तुरंत,वरिष्ठ हास्य कवि ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को भरपूर हंसाया। उन्होंने पढ़ा नेताजी पाँच साल बाद गाँव में दिखे, पब्लिक ने दिया कूट, फिर चुनाव आ गये द्य

बाराबंकी से पधारे चर्चित हास्य कवि विकास बौखल ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भरपूर गुदगुदाया। उन्होंने पढ़ा किसी खंजर से ना तलवार से जोड़ा जाए। सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए।। ये किसी सख्स को दोबारा ना मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए।।

वाराणसी से पधारे हास्य के धुरंधर कविडंडा बनारसी ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को भरपूर हंसाया। उन्होंने पढ़ा,

मेरे मामा गवईये हैं वो दीपक राज गाते हैं, जिसको सुनके गदही और गदहे भाग जाते हैं।

कवि सम्मेलन का संचालन प्रख्यात उद्घोषिका कवित्री डॉक्टर आभा श्रीवास्तव मधुर ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर डाला। उन्होंने पढ़ा

तन में उमंग भरे नैनों में रंग भरे हाथों में गुलाल लाल लिए मोरे सजना, मैं खिल की हुई कचनार हाय रे रंगीले हो गई।

कार्यक्रम में रायबरेली से पधारे हास्य कवि नर कंकाल, उन्नाव की युवा कवित्री प्रियंका शुक्ला, कार्यक्रम के सहयोगी प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर, हास्य कवि अमित जौनपुरी, हास्य कवि योगेश झमाझम ने अपनी कविताओं से भरपूर गुदगुदाया।

कवि सम्मेलन में विष्णु दयाल श्रीवास्तव ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित किया।

कवि सम्मेलन के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजन आयोजन राजेश निषाद पार्षद ने किया।

कवि सम्मेलन में महामंत्री नीरज द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत निषाद, सुभाष चंद्र वैद्य, शिव मनोरथ शुक्ला, उपाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, बच्चा पाठक, गोल्डी दुबे, सोनू निषाद, जयवर्धन त्रिपाठी मंत्री संतोष चौधरी, सुनील महरा, दिगंबर चकहा ,घनश्याम केसरवानी, पिंटू शास्त्री, सनी निषाद , श्वेताभ निषाद, कोषाध्यक्ष, संतोष मिश्रा, भयनशास्त्री, यश विक्रम त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नौटंकी के पुनरुत्थान का योद्धा नही रहा



**प्रयागराज।** नौटंकी विधा को रंगकर्म के राष्ट्रीय मानचित्र पर पुनः स्थापित करने वाले कलमकार राजकुमार श्रीवास्तव आज शाम भदोही जनपद में हृदय गति के रुकने से दुनिया से कूच कर गए।राजकुमार श्रीवास्तव हमारे समय के महत्वपूर्ण नौटंकीकार रहे। पिछले ढाई दशकों से उनके द्वारा लिखित और महत्वपूर्ण लेखकों की रचनाओं पर आधारित रूपांतरित नौटंकियों ने देश भर में बहुत ख्याति अर्जित की है। उनकी राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त नौटंकियों में बूढ़ी काकी, बहुरूपिया, कफन, दास्तान-ए-लैला मजनू, पंच परमेश्वर, अंधेर नगरी, मालविकाग्निमित्रं, दीपदान आदि नौटंकियां रहीं हैं। स्वर्ग रंगमण्डल वर्तमान में उनकी द्वारा नौटंकी में रूपांतरित %अभिज्ञान शाकुंतलम% को प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है।

# पंखे के चुल्हे से लटक विवाहिता ने मौत को लगाया गले, मचा कोहराम

## पड़रिया के पंकज यादव के साथ 2021 में हुई थी विनीता की शादी



लोकमित्र ब्यूरो

**कोरांव (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना कोरांव से सटे गांव पड़रिया में बुधवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता पंखे के चुल्हे से लटक मौत को गले लगा लेने का मामला प्रकाश में आया। घर में मौजूद महिलाओं को जानकारी होने पर ग्राम प्रधान को अवगत कराया जिन्होंने कोरांव पुलिस को मामले की जानकारी दी। जानकारी के अनुसार पुरनाह मेजा निवासी धर्मेन्द्र यादव ने अपनी पुत्री विनीता (25 वर्ष) की शादी वर्ष 2021 में कोरांव के पड़रिया गांव निवासी पंकज यादव पुत्र स्वर्गीय तीरथ लाल यादव के साथ धूमधाम से दान दहेज देकर किया था। शादी के बाद विनीता को एक पुत्री पैदा हुई जो पैदा होने के बाद मृत हो गई। अब तक दूसरी कोई औलाद नहीं हुई। मृतका का पति व अपने पिता का इकलौता बेटा पंकज यादव मुम्बई में रहकर आटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घर में महज सास रत्नो देवी , ननद प्रियांशी के अलावा एक बूढ़ी दादी महराजी देवी रहा करती हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार को दोपहर में विनीता फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया। कोरांव पुलिस सहित मृतका के पिता को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर एडीसीपी के साथ एसीपी मेजा व इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण कर दोनों पक्षों की मौजूदगी में अंदर से बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। फिलहाल घटना को लेकर एक ओर जहां परिजनों में कोहराम मचा रहा वहीं दूसरी ओर गांव में तरह तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही थी।

# रूक्मणी भगवान कृष्ण विवाह कथा श्रवण कर भाव विभोर हुए श्रोता, पांडाल में रही भक्तो की भारी भीड़



लोकमित्र ब्यूरो

**खीरी (प्रयागराज)।** श्री मदभागवत कथा के छठवें दिन सुप्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता राजन जी महाराज द्वारा पांडाल में उपस्थित परीक्षित स्वरूप मिश्रीलाल एवम् उपस्थित भक्तो को बतलाया की कंश का वध करके भगवान श्रीकृष्ण जी ने पाप का अंत किया और धर्म ध्वजा पताखा को एक बार से लहराया। आगे गोपी ,यशोदा मैया और महाज्ञानी उद्धव जी के संवाद को बहुत ही मार्मिक ढंग सुनाया जिसे श्रवण कर उपस्थित सभी श्रोता भावविभोर हो गए और अश्रुधारा चल पड़ी। आगे की कथा में महाराश,द्वारिकापुरी स्थापना,रुक्मणि भगवान कृष्ण विवाह की कथा सुनाई। कथा आयोजक मंडल प्रमुख दशरथ केसरी और सहयोगियों द्वारा भगवान विवाह कथा के दौरान बारात आगमन के समय डीजे, बैंड की व्यवस्था की गई थी जहा पर सभी उपस्थित भक्तो द्वारा नृत्य कर विवाह प्रसंग का आनंद उठाया । कथा समाप्ति के उपरांत विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम में सभी लोगो ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कथावाचक राजन जी महाराज ने उपस्थित सभी भक्तो से अनुरोध किया कि कल कथा का सातवां दिन है और कल फूलों की होली खेली जाएगी। अतः सभी लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपष्ठित रहे। कथा पंडाल में मुख्य रूप से द्वारिका प्रसाद, श्री भगवान, शारदा प्रसाद,संतोष कुमार,पिंटू मोदनवाल, बबलू गुप्ता,चौधरी गुप्ता,संदीप चौरसिया, ओ.पी. पांडे, मिथिलेश शुक्ला,गुलाब केसरी, पिंटू केसरी,बृजेश शुक्ला,विजय केसरी, अनिल, सुनील, राकेश,जनक,गोपाल,लवकुश,राजू जायसवाल, आकाश,निखिल,संजीव,अमन,सोनू,मोनू,रामधनी,अनीश मोदनवाल,लाल जी केसरी, शिवांस, सत्यम, सुमित,शानू पांडे सहित हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित रही।

# होली में अब नहीं सुनायी पड़ती फगुआ गीतों की आवाज

## त्यौहार आते ही बुजुर्ग ताजा करने लगते है पुरानी यादें,फाल्गुन मास लगते ही सुनाई पड़ने लगते थे होली गीत

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** हिंदू धर्म में होली पर्व का बहुत ही महत्व है । लोग गांव - गांव एकत्रित होकर फगुनी गीत का आनंद लेते थे । लेकिन अब तो ढोल मजीरा फगुआ गीत बहुत ही कम सुनने को मिलता है । और गाने वाले भी बहुत कम हो गए हैं । जैसे होली का पर्व नजदीक आने पर बुजुर्ग अपनी पुरानी यादों को ताजा करने लगते थे । लेकिन अब पहले जैसी होली का त्यौहार धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है । फाल्गुन मास लगते ही होली का रंग चढ़ जाता था ।

गांव के लोग एक जुट होकर देर रात तक फागुनी गीत गाते थे । जिसमें उत्साह और उमंग रहता था । फाग गाने के लिए आसपास के लोगों को बुलाया जाता था । लेकिन अब बात नहीं है । फाल्गुन का महिना प्रेम मिलन एवं उत्साह का महिना माना जाता है । समाज में एक दूसरों अबीर-गुलाल लगाकर समाज के रंग को लोकगीतों के माध्यम से गीत सामाजिकता एवं भाई - चारे को जिंदा रखना है । बसंत ऋतु के फाल्गुन मास में जब मौसम ने अंगड़ाई ली तो लोगों के अंदर उमड़ती

**☞ढोल, मजीरा के साथ गांव - गांव देर रात तक चलती रहती थी होली बहार**

भावनाओं से ओत-प्रोत होकर बाजार से लेकर गांवों तक होली की खुमारी चढ़ने लगती थी । हर जगह होली की चर्चाएं होनी लगती रही ।

होली का त्यौहार प्रेम हंसी ठिठोली एवं रंगों का त्यौहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन तक हर्षोल्लास के साथ मनाएं जाने वाला प्राचीन त्यौहार कहा जाता है ।

इस पर्व के उत्साह में फगुआ लोकगीत के माध्यम से संस्कृति से सभ्यताओं को भी जोड़ते का महत्वपूर्ण योगदान करता है । फगुआ गीत हमारी सभ्यता एवं संस्कृति की एक ऐसी धरोहर मानी जाती है । जिससे हंसी ठिठोली के साथ पूरा गांव एक जगह एकत्रित होकर होली के रंग में जुड़कर होली खेला करते हैं ।

होली के गीतों होली खेलन रघुबीरा अवध में , होली के दिन - दिल खिल जाते है । रंगों में रंग खिल जाते हैं ।

पारंपरिक फगुआ लोकगीत कलाकारों एवं पूरा गांव एक जुट होकर दर्शन के रूप में संस्कृति विरासत को विकसित करता एवं सद्भावना तथा शौहार्द के बंधन को मजबूत कराता था । आधुनिक के दौर में डीजे और अन्य संगीत के साधन होने के कारण फागुन के गीतों को कलाकार एवं दर्शक एकत्रित होकर गीतों का आनंद लेने वाला दौर फागुआ गीत गाने वाले कलाकार संस्कृति परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है । समाज के रंग को गाकर सामाजिकता को जिंदा रखना हमारी परम कर्तव्य है ।

रवनियां मझिगवां गाव के बलराम यादव , किहुंनी खुर्द राधेश्याम, ने बताया कि फगुआ गीत केवल मनोरंजन का एक साधन नहीं अपितु सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है । समुदाय के लोग इस कार्यक्रम के माध्यम से एकत्रित होकर आपस मे भाई - चारे को एकजुटता व्यक्त करने का पारम्परिक मिलन होता है । लोक गायिका सुधा त्रिपाठी का मानना है कि फगुआ गीत होली का त्यौहार को आनंदमय बना देता है । होली में श्रीकृष्ण एवं प्रभु राम के लीलाओं का लोकजीवन की झांकी मन मोह लेती है ।

गांव में जगह-जगह होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के उत्सव मनाएं जाने लगे हैं । एक दौर ऐसा भी था कि ग्रामीण परंपरा में होली के माह भर पहले ही गांवों में होली गीतों के लिए जो साज सज्जा का इंतज़ाम हो जाता था । उसमें ढ़ोलक, मंजीरे, हार्मोनियम के साथ चौपाल से लेकर खेत खलिहान तक फाल्गुन के गीतों के साथ यह परंपरा आधुनिकता के दिनों में धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है ।

## श्री बड़े हनुमान जी मंदिर कोरिडोर के लिए होगा पांच दिवसीय अनुष्ठान



**प्रयागराज।** संगम स्थित श्री बड़े हनुमान जी मंदिर कोरिडोर के सफल निर्माण के लिए भव्य पूजन-हवन होने जा रहा है। उत्तर दक्षिण के ब्राह्मणों के द्वारा वैदिक अनुष्ठान पांच दिन तक चलेगा। अनुष्ठान का उद्देश्य इस कोरिडोर की परियोजना में किसी भी तरह से कोई विघ्न न आए और इससे सभी का कल्याण हो है। श्रीमठ बाघंबरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में पूजन की शुरुआत 22 मार्च दिन शुक्रवार को अष्टद्रव्य गणपति हवन से होगा। वहीं 26 मार्च दिन मंगलवार को सुबह अधिवास हवन महापूजन से संपन्न होगा।

## कोराव में छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**कोरांव (प्रयागराज)।** गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोराव प्रयागराज में प्रधानाचार्य की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता की रैली निकाली गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अपने कीमती मत का सही उपयोग करने, खुद मतदान करें व दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें, के उद्देश्य से यह रैली निकाली गई थी। जिसमें पहले मतदान करें फिर जलपान करें। उम्र 18 पूरी है तो मतदान जरूरी है। जो जागरूक मतदाता है वह भारत भाग्य विधाता है। आदि नारे लगाए गए तथा भय, जाति, धर्म या प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मोहम्मद साबिर अली, प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह, कमलेश कुमार मीणा, अजय श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, विपिन उपाध्याय, रोहित तिवारी, आशुतोष सिंह, सुरेंद्र तिवारी, अखिलेश पांडेय, रामबाबू और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति अजीत प्रताप सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाये त्यौहार- रणविजय सिंह



लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया ,प्रयागराज ।** आने वाले त्योहार को सौहार्दपूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाये, किसी भी तरीके से क्षेत्र में अशांति पैदा करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा। उक्त बातें बहरिया थाना के अंतर्गत सिकंदरा चौकी में आगामी त्यौहारों होली, ईदुलफितर एवं लोस चुनाव को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि मार्च महीने में ईदुलफितर एवं होली का त्यौहार नजदीक आ रहा है। इसमें दोनों धर्म के लोगों को चाहिए कि दोनों धर्मो के लोग त्योहारों को एक दूसरे के साथ मिलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये, किसी नई परंपरा का शुरुआत ना करें । रमजान में मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमित रखें। जिससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस बैठक में चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कुमार कटियार, मैनेजर यादव, रितेश दुबे, ड्राइवर रमेश मिश्र, प्रधान चंद्रशेखर मौर्य, सुरेश कुमार सरोज, भोला साहू, अवनीश द्विवेदी, संजय सिंह, अविनाश पटेल, लाल चन्द केशरवानी,प्रमोद मौर्या,सरफराज हुसैन, राम कैलाश पटेल,शंकर लाल साहू, लक्ष्मीकांत पटेल, शुभम मिश्रा, संजय कुमार, प्रत्यक्ष द्विवेदी के साथ थाने के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू बुधवार से प्रारंभ हो गई है । विद्यालयों में समय सारिणी के अनुसार दो पालियों में आयोजित परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति नब्बे से 98 प्रतिशित तक रही ।

सभी अध्यापक द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा आयोजित की गई । परीक्षा से पहले दिन बुधवार को प्रथम पाली 9 बजकर 15 मिनट से कक्षा एक की मौखिक कक्षा दो हिंदी, कक्षा तीन सामाजिक विषय कक्षा चार व पांच की गणित विद्यार्थियों की परीक्षा ली गई । और कक्षा छह , सात व आठ तक के विद्यार्थियों की प्रथम पाली में गणित एवं द्वितीय पाली कलां , संगीत की लिखित परीक्षा ली गई । उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष कुमार पाल ने बताया कि समय सारिणी के अनुसार सभी विद्यार्थियों की परीक्षा समय से तथा शासन के गाइडलाइन के अनुसार कराया जा रहे हैं । जिसमें बच्चों की उपस्थिति काफी है । इसी तरह संविलियन विद्यालय किहुंनी खुर्द, गड़री, पथरपुर, कोलसरा, नीबी, मरहला, उसरी, कैथवल, बहरैचा, बैजला, अरूआरी, खोचा, चैलारी, डील, सेमरी जिरौहा, रवनियां मझिगवां, देवरी, बरहा, देईबांध, राधिका का पूरा, डीही खुर्द सहित क्षेत्र के सभी नोडल अधिकारी लालमनि गुप्ता ने बताया कि विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा समय सारिणी के अनुसार कराया जा रहा है।

# सराय ममरेज पुलिस की उदासीनता के चलते लूट, छिनैती और जेबकतरों का गैंग सक्रिय

## मंगलवार की रात गैंग ने लोगों ने आकाशवाणी कलाकार के साथ घटना को दिया अंजाम

**हंडिया।** हंडिया सर्किल के सराय ममरेज थाना क्षेत्र के आस पास के गाँवो में एक आपराधिक किस्म का गैंग फल फूल रहा है। लेकिन स्थानीय पुलिस उस गैंग पर अंकुश लगाने में असफल साबित हो रही है। जिससे वह गैंग आये दिन अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहा है। वही गैंग के लोग मंगलवार को आकाशवाणी कलाकार के साथ घटना को अंजाम दिया। इस गैंग में क्षेत्र के कई दर्जन नवयुवक जुड़े हुए है। जो भदोही, जौनपुर,प्रतापगढ़ और प्रयागराज में अपना कार्यस्थली बना चुके हैं।जिसमें अधिकांश युवक नशेड़ी एवं आपराधिक किस्म के हैं जो आये दिन ग्रामीणों एवं राहगीरों के साथ छिनैती एवं मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। पीड़ित लोगों के मुताबिक जब लोग विरोध करते हैं तो पच्चीस से पचास की संख्या में नशे में धुत गैंग के लोग पहुँच कर उल्टा पीड़ित को ही पीट देते हैं। यह गैंग सोमवार और गुरु वार को एतिहासिक कुंदौरा महादेव की मंदिर पर अपना ठौर बनाते हैं। इसीलिए दर्शनार्थियों के साथ आये दिन पाकेट मारी, चैन स्नेचिंग,लूट, मारपीट घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है।अपराधिक वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल व्याप्त रहता है। अभी बीस दिन पहले यही गैग एक बाईस वर्षीय लड़के को घर से बोलेरो में उठाकर ले गए मारपीट करने के बाद सोशल मीडिया पर राका गैंग के सरगने से गलती मानने का वीडिओ पोस्ट कर के आम जनमानस को भी धमकी दिया गया कि ÷राका गैंग से टकराने का यही नतीजा होगा÷ लोग गैंग के डर से प्रशासन से शिकायत करने से डरने लगे हैं। मंगलवार को रात्रि साढ़े आठ बजे मर्रो चौराहे से सौ मीटर दूरी पर आकाशवाणी के गायक एवं भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विकास पाण्डेय इलाहाबादी पर भी तीन रेसर बाइक पर सवार होकर नीरज गुप्ता उर्फ राका पुत्र रमेश गुप्ता निवासी मर्रो एवं तीन अज्ञात लोग मारपीट करते हुए तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दिया। गनीमत रहा कि सड़क पर अंय लोगों के आ जाने से गुंडे तमंचा लहराते गाली और जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। हांलाकि भाजपा के होने के नाते सराय ममरेज पुलिस ने घटना को टरका नहीं पाई। पुलिस को मुकदमा लिखना पड़ा।लेकिन आरोपी पकड़ से दूर है।

# रंजीत के शव का छतनाग घाट पर किया गया अंतिम संस्कार,नहीं थम रहे हैं परिजनों के आंसू



लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव के मोतिहां गाँव के रंजीत कुशवाहा का मंगलवार की देर रात छतनाग घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन परिजनों के आंसू थम नहीं रहे हैं। वहीं घटना के दूसरे दिन भी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा नहीं कर सकी। पकड़े गए लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। बताते चलें कि मोतिहां गांव निवासी रंजीत कुशवाहा को सोमवार की रात घर से थोड़ी दूर अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी।

शव के पास तमंचा और शराब की खाली बोतल पाई गई। परिजनों के द्वारा झूंसी क्षेत्र के एक गांव के एक युवक पर शक जताया है। आरोप है कि टेंडर की वजह से कथित युवक द्वारा हत्या करने की धमकी दी गई थी। हत्या का मुकदमा भी कथित अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस केस दर्ज करने के बाद हत्याकांड का खुलासा के लिए दिन-रात एक कर दिया है। लेकिन दूसरे दिन भी हत्याकांड का खुलासा नहीं हो सका है। मंगलवार को डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती भी काफी देर तक थाने पर बैठकर हत्या कांड का खुलासा के लिए मानिटरिंग करते रहे । वही मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद रंजीत का शव रात को घर पहुंचा तो कोहराम मच गया।शव को घर से ले जाकर छतनाग घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। पत्नी राधिका और बुढ़ी मां, मासूम बच्चों समेत भाई भाभी सभी के आंसू थम नहीं रहे हैं। सभी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। घर के एक जिम्मेदार व्यक्ति की मौत हो जाने से पूरा परिवार सदमे में है। वही निर्मम हत्या से परिवार डरा और सहमा है।

# बढ़े दाम ने बिगड़ा स्वाद, थाली से सब्जी नदारद

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** इन दिनों सब्जी के दामों सातवें आसमान पर पहुंच चुकी है । महंगे दामों से लोगों के जेब ढीली हो गई । बढ़ते दाम से सब्जी खरीद करने वाले लोगों की संख्या कम दिख रहे है ।लेड़ियारी बाजार रविवार व बुधवार को मंडी लगती है ।जबकि प्रति दिन सुबह से शाम दुकाने लगी रहती है । बढ़े दाम ने बिगड़ा स्वाद, थाली से सब्जी नदारद होती जा रही है ।



बता दे कि लेड़ियारी बाजार मे दर्जनों गांव के लोगों का आवागमन इस तिराहे पर होता है । घर जाने पर सब्जी की खरीदारी करते है, क्षेत्र के नीबी, पथरपुर, देवरी, बरहा, खोचा, बरापोखरी, पवाँरी, जानकीतारा, किहुनी कला, गडरी, बहरैचा, कैथवल, पूरादत्तु, गोबरा, बघोल, हरिहर पुर, इटवा, सिरहिर, लालतारा, चांद, मोजरा, बैजला, महुली, डीही खुर्द आदि दर्जनों गांव के लोग मुख्य बाजार होने के कारण यहां सब्जी की खरीद करते है ।सब्जी विक्रेता सुरेश कुमार केशरवानी, चन्दन कुशवाहा, उपेन्द्र कुशवाहा, सुधीर कुमार कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद केशरी आदि लोग बताते है कि इन दिनों सब्जियों का दाम दोगुना हो गया है । जिससे खरीदने वाले की संख्या कम हो गई है । इन लोगों ने बताया कि विगत माह बरसात के कारण बोई गयी सब्जी नुकसान हो गया है । जिससे काफी उछाल आया है । वहीं आलू की कम पैदावार होने के कारण दामों में काफी बृद्धि हो गई है । बढ़े दाम के वजह से कुछ ही लोग सब्जी की खरीद करते है । अधिकांश लोग थाली से सब्जी गायब हो गई है ।

# आई जी आर ए एफ ने आरएएफ का द्विवार्षिक कार्यक्रम का निरीक्षण किया



**फाफामऊ।** श्री सुनील जून, पुलिस महानिरीक्षक आर.ए.एफ सेक्टर ने 101 आर.ए.एफ का द्विवार्षिक निरीक्षण कार्यकम हेतु दौरा किया।101 वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौत्तम व सभी रैंक द्वारा आई जी आर ए एफ सेक्टर का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। उक्त द्विवार्षिक निरक्षण के दौरान आई जी महोदय द्वारा क्वार्टर गार्ड जवानों का आवास, मेस की व्यवस्था, दंगा निरोधक उपकरणों की उपलब्धता, जवानों के प्रशिक्षण, कम्पनियों की कानून एवं व्यवस्था ड्यूटी हेतु तैयारी इत्यादि का व्यापक निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर महोदय ने जवानो के साथ सैनिक सम्मेलन, खेलकूद, बड़ा खाना एवं उनके परिजनों के साथ संवाद भी किया।अन्त में आई जी महोदय ने कमाण्डेंट-101 एवं समस्त 101 आरएएफ परिवार का आभार प्रकट किया।

# अर्ध सैनिक बल के साथ पुलिस ने किया मार्च पास्ट



**फाफामऊ।** आगामी त्योहारों और चुनाव को सकुशल संपन्न कराने हेतु बुधवार को फाफामऊ क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में एसीपी थरवई चंद्रपाल सिंह के साथ अर्ध सैनिक बल के साथ कई दर्जन पुलिस कर्मियों ने पैदल मार्च पास्ट कर क्षेत्र के लोगों को यह संदेश दिया की त्योहार और चुनाव में कोई भी व्यक्ति अगर आराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसे बक्सा नही जायेगा। फाफामऊ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि फाफामऊ थाना अंतर्गत गद्दोपुर, रूदापुर, चंदापुर, शांतिपुरम जैसे संवेदनशील इलाकों में मार्च पास्ट करके लोगों से अपील किया कि सभी लोग शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए अगर कोई समस्या हो तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करे।

# देशी शराब सहित एक युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौंधियारा (प्रयागराज )।** मंगलवार की रात भिस्कुरी से एक युवक को कच्ची देशी शराब के साथ पुलिस ने पकड़ लिया,इसके बाद पुलिस ने युवक को निजी मुचलके के साथ छोड़ दिया।मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रैपुरा गाँव निवासी सुग्रीव कुमार भारतीया पुत्र भुवर भारतीय रात में छिपकर शराब बेच रहा था।मुखबिर सूचना पर रैपुरा नहर पुलिया के पास से 20 लीटर कच्ची देशी शराब सहित युवक को दबोच लिया गया।परिजनों के इकट्ठा होने के बाद युवक को देर रात निजी मुचालके पर छोड़ दिया गया।

# 'राज्य सरकार से चर्चा के बाद हो राज्यपाल की नियुक्ति', घोषणा पत्र में सीएए वापस लेने का वादा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। पार्टी ने साथ ही बुधवार को अपना घोषणा पत्र भी जारी कर दिया। चेन्नई में पार्टी का घोषणा पत्र जारी करने के समय पार्टी के नेता सीएम स्टालिन, सांसद कनिमोझी, ए राजा आदि नेता मौजूद रहे। घोषणा पत्र में डीएमके ने कई योजनाओं का एलान किया है। साथ ही पार्टी के घोषणा पत्र में राज्यपाल पर भी निशाना साधा गया है और कहा है कि राज्यपाल की नियुक्ति, राज्य सरकार से चर्चा के बाद ही होनी चाहिए।

डीएमके ने अपने घोषणा पत्र में एलान किया है कि अगर उनका विपक्षी गठबंधन सत्ता में आता है तो



वे हाल ही में लागू हुए नागरिकता संशोधन कानून को वापस लेंगे। साथ ही नीति आयोग को भंग करने, योजना आयोग का गठन करने का एलान किया है। किसानों का कर्ज माफ करने, छात्रों के शिक्षा ऋण में छूट देने, देश की सभी महिलाओं को हर माह 1000 रुपये देने और राज्य विकास परिषद के गठन का भी वादा किया गया है। तमिलनाडु को नीट परीक्षा से छूट देने और सभी राष्ट्रीय राजमार्गों से टोल बूथ हटाने का भी वादा किया गया है।

### राज्य सरकार से चर्चा के बाद ही हो राज्यपाल की नियुक्ति

डीएमके का घोषणा पत्र जारी करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि 'यह डीएमके का ही नहीं बल्कि लोगों का घोषणा पत्र है। जब से 2014 से भाजपा सत्ता में आई है, देश बर्बाद हो गया है। चुनाव में किया गया कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ है। हमने विपक्षी गठबंधन बनाया और हम 2024 में सरकार भी बनाएंगे। हमारे घोषणा पत्र में हमने तमिलनाडु के लिए विशेष योजनाओं का एलान किया है। राज्य के हर जिले के विशेष योजनाएं बनाई गई हैं।' डीएमके ने घोषणा पत्र में राज्यपाल कार्यालय पर भी निशाना साधा और कहा कि राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति, राज्य सरकार से चर्चा के बाद ही होनी चाहिए। साथ ही ये भी कहा गया है कि 'राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत जो आपराधिक कार्यवाही से छूट मिली हुई है, उसमें भी संशोधन किया जाना चाहिए।' स्टालिन ने कहा कि 'डीएमके चुनाव से पहले घोषणा पत्र तैयार करती है और हम जो कहते हैं, उसे करते हैं। हमारे नेता ने हमें ये सिखाया।'

### डीएमके ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

डीएमके ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है, उसमें उत्तर चेन्नई से कलानिधि वीरास्वामी, दक्षिण चेन्नई से थंगापंडियन, मध्य चेन्नई से दयानिधि मारन, श्रीपेरंबदूर से टीआर बालू, थिरुवनामलाई से अन्नादुरई, नीलगिरी से ए राजा और थुथुकुडी से कनिमोझी को टिकट दिया गया है। साथ ही वेल्लोर से कंधीर, इरोड से प्रकाश, कोवई सीट से गणपति राजकुमार, तंजौर से मुरासोली को टिकट दिया गया है।

### डीएमके को भरोसा- तमिलनाडु के बाहर भी सीटें जीतेंगे

पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुए डीएमके की सांसद कनिमोझी ने कहा कि 'डीएमके का घोषणा पत्र हमेशा से हमारे लिए अहम रहा है। मैं हमारे नेता एमके स्टालिन को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने मुझे घोषणा पत्र तैयार करने वाली समिति का प्रमुख बनाया। हमने देखा है कि द्रविड़ मॉडल वाली सरकार ने राज्य के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है। यह चुनाव घोषणा पत्र हमारे द्रविड़ मॉडल को पूरे देश में ले जाने में मदद करेगा। मुझे उम्मीद है कि हम न सिर्फ तमिलनाडु की 40 बल्कि देश में भी अच्छी संख्या में सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।'

### राज्य की 21 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी डीएमके

तमिलनाडु में डीएमके, कांग्रेस और अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। बीते दिनों ही डीएमके ने कांग्रेस और अन्य सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता किया है। इस समझौते के तहत नौ सीटें कांग्रेस को तमिलनाडु और एक पुडुचेरी यानी कि कुल 10 सीटें दी गई हैं। वहीं डीएमके राज्य की 21 लोकसभा सीटों पर चुनाव लडे़गी। जिनमें उत्तर चेन्नई, दक्षिण चेन्नई, मध्य चेन्नई, श्रीपेरंबदूर, अरक्कोनम, कांचीपुरम, तिरुवन्नामलाई, वेल्लोर, धर्मापुरी, कल्लाकुरुचि, सालेम, पोल्लाची, नीलगिरी, कोयंबटूर, थेनी, अरानी, पेरंबलूर, इरोड, तंजावुर, तेनकासी, थुथुकुडी लोकसभा सीट शामिल हैं।

## ईडी की पूरक आरोप-पत्र पर अदालत ने जताई आपत्ति, मनी लॉन्ड्रिंग मामले पर कही यह बात

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित सहयोगी प्रेम प्रकाश की डिफॉल्ट जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में आरोपियों को बिना सुनवाई के हिरासत में रखने पर ईडी को सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी को बिना मुकदमे के हिरासत में रखना स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न करने जैसा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने झारखंड में कथित अवैध खनन से उत्पन्न धन शोधन मामले में ईडी द्वारा 1 मार्च, 2024 को नवीनतम चार पूरक आरोप-पत्र (सप्लीमेंट्री चार्जशीट) दाखिल करने पर आपत्ति जताई। बता दें आरोपी प्रेम प्रकाश को अगस्त, 2022 में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसके दौरान दावा किया गया था।

# ईवीएम की शुरुआत पारदर्शिता, दक्षता और ...', तीसरे लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में बोले जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को तीसरे लोकतंत्र शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की शुरुआत पारदर्शिता, दक्षता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पवित्रता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह बदलाव न केवल आधुनिक लोकतंत्र के सिद्धांतों के साथ संरेखित होता है, बल्कि अधिक नागरिक जुड़ाव का मार्ग प्रशस्त करता है, खासकर युवाओं के बीच जो हमारी लोकतांत्रिक विरासत की जिम्मेदारियों को प्राप्त करेंगे।

### हर नागरिक की आवाज मायने रखती

उन्होंने कहा, 'स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव कराने की भारत की प्रतिबद्धता इसकी लोकतांत्रिक मशीनरी के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को दर्शाती है। साथ ही यह दिखाती है कि कठिनाइयों के बीच भी हर नागरिक की आवाज मायने रखती है।'

### लोकसभा चुनावों का बिगुल बजा

उन्होंने आगे कहा कि देश में लोकसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। 19 अप्रैल से सात चरणों में मतदान होगा। नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। 96.8 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं, 1.5 करोड़ चुनाव अधिकारियों और 12 लाख मतदान केंद्रों के साथ भारत का आगामी लोकसभा चुनाव आवाजाही के लिहाज से इस ग्रह का सबसे बड़ा निर्वाचन अभियान होगा।

## राजनीतिक दलों के मुफ्त 'उपहार' देने के वादे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, जनहित याचिका पर सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के लिए एक जनहित याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की है। दरअसल, राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के दौरान मुफ्त उपहार का वादा करने की प्रथा के खिलाफ एक जनहित याचिका दी गई है। बता दें, 19 अप्रैल से लोकसभा चुनाव शुरू होने वाले हैं। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को कहा कि यह जरूरी है और हम इस मामले पर कल सुनवाई जारी रखेंगे। जनहित याचिका दायर करने वाले अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने दलील दी कि याचिका पर लोकसभा चुनाव से पहले सुनवाई की आवश्यकता है। इस पर शीर्ष अदालत ने संज्ञान लिया। याचिका में राजनीतिक दलों के ऐसे फैसलों को संविधान के अनुच्छेद-14, 162, 266 (3) और 282 का उल्लंघन बताया गया है।

# बदायूं में मोहल्ले के नाई ने उस्तरे से दो मासूस बच्चों का गला काटा

## दोनों भाइयों की मौत, एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूँ में एक स्थानीय नाई द्वारा दो नाबालिग लड़कों की हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार को बाबा कॉलोनी में हुई, जब आरोपी, जिसकी पहचान 22 वर्षीय साजिद के रूप में हुई, एक घर में घुस गया और 12, 8 और 10 साल की उम्र के तीन भाइयों पर हमला कर दिया। हमले में 12 और 8 साल के भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरे को गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाया गया। कुछ ही घंटों बाद मुठभेड़ में नाई को मार गिराया गया। बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद बच्चों के शव परिवार को सौंप दिए गए। घटना के बाद किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए इलाके में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है।उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला मुख्यालय के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के बाबा कॉलोनी में मंगलवार देर शाम मामूली विवाद में दो सगे भाइयों की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई जबकि हमले में तीसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।इस बीच पुलिस ने घटना के आरोपी को एक मुठभेड़ में मार गिराया है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की बाबा कॉलोनी में आज देर शाम नाई की दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति ने घर में घुसकर तीन सगे भाइयों आयुष, युवराज और आहान उर्फ हनी पर कुल्हाड़ी से हमला किया जिसमें आयुष (12) और आहान उर्फ हनी (आठ) की मौत हो गयी जबकि गंभीर रूप से घायल अवस्था में युवराज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बरेली परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉक्टर राकेश सिंह ने बताया कि घटना के कुछ घंटों बाद साजिद (22) नाम के एक आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने कहा, घटना के बाद दो बच्चों की नृशंस हत्या का अभियुक्त खून से लथपथ साजिद ऊर्फ जावेद मौके से भाग गया। हमारी टीम को जब पता चला और उसका पीछा किया तो वह शेखूपुर के जंगल में दिखाई दिया। वहां हमारी एसओजी और थाना पुलिस पीछा करती हुई पहुंची तो अभियुक्त ने पुलिस पर फायर किया और फिर पुलिस की जवाबी गोलीबारी में वह घायल हो गया और उसकी मृत्यु हो गयी। आईजी ने बताया कि साजिद उर्फ जावेद पुत्र बाबू घटना का आरोपी था। खून से लथपथ भाग रहा था तो लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति खून से लथपथ भाग रहा है तो उसका पीछा किया गया। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों का पता किया जा रहा है।इस बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने बताया कि घटना रात क़रीब आठ बजे के आसपास हुई, जिसमें साजिद ऊर्फ जावेद नाम के व्यक्ति ने अपनी दुकान के सामने रहने वाले व्यक्ति के घर में जाकर उसके बच्चों पर हमला किया, जिसमें दो बच्चों के मृत्यु हो गई और एक घायल है। कुमार ने बताया कि घटना के बाद साजिद भागा और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, उसकी घेराबंदी की। उसने पुलिस पर भी फायरिंग की और जवाबी फायरिंग में घायल हुआ, बाद में उसकी मृत्यु हो गई।

# तेलंगाना की राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा में हुईं शामिल



**चेन्नई।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने बुधवार को एक बार फिर भाजपा का हाथ थाम लिया है। उन्होंने दो दिन पहले ही राज्यपाल पद से इस्तीफा दिया था। सुंदरराजन ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, 'मैं चुनाव लड़ना चाहती हूं और मैंने यह इच्छा अपनी पार्टी को भी बताई है।

मैं खुश हूं कि मुझे एक बार फिर से सदस्यता कार्ड मिल गया है, जो मेरे पास है। यह सबसे खुशी का दिन है। यह एक कठिन फैसला है और एक अच्छा निर्णय भी। राज्यपाल के रूप में मेरे पास कई सुविधाएं थीं, लेकिन मैंने इसे छोड़ दिया। मुझे इसका एक प्रतिशत भी दुख नहीं है। तमिलनाडु में निश्चित तौर पर कमल खिलेगा।'

पुडुचेरी के राजभवन की तरफ से जारी बयान में उन्होंने इस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल पद छोड़ने की भी जानकारी दी थी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया था, 'तेलंगाना की माननीय राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा भारत की माननीय राष्ट्रपति को भेज दिया गया है।'

अपने इस्तीफे के एलान के कुछ देर बाद उन्होंने कहा था कि उनके ऊपर ऐसा करने का कोई दबाव नहीं था। अब वह जनसेवा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा था कि राज्यपाल के रूप में उन्होंने अपने कार्यकाल का आनंद लिया है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया था कि उनका अगला कदम क्या होगा और क्या वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? इस पर उन्होंने कहा था कि वह अपनी योजनाओं के बारे में बाद में बताएंगी। गौरतलब है तमिलिसाई सुंदरराजन को नवंबर 2019 में तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें फरवरी 2021 में पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

### चुनाव लड़ने की अटकलें

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसाई सुंदरराजन इस बार भाजपा के टिक्ट पर तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा उन्हें डीएमके नेता कनिमोझी के खिलाफ भी उतार सकती है। 2019 के चुनाव में सुंदरराजन ने चुनाव लड़ा था। हालांकि, उन्हें कनिमोझी के खिलाफ ही हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 2009 में वे चेन्नई (उत्तर) सीट से प्रत्याशी रही थीं। हालांकि, यहां उन्हें डीएमके के टीकेएस एलंगोवन से हार का सामना करना पड़ा था।

### कौन हैं टी सुंदरराजन?

63 साल की सुंदरराजन पेशे से डॉक्टर हैं। उनके पति, सुंदरराजन भी डॉक्टर हैं। उनका जन्म दो जून 1961 में तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले में हुआ था। तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत मद्रास मेडिकल कॉलेज में बतौर छात्र नेता के रूप में की थी। उन्होंने एथिराज कॉलेज ऑफ वूमन से भी पढ़ाई की। उन्होंने चेन्नई के रामचंद्र मेडिकल कॉलेज में बतौर सहायक प्रोफेसर काम किया है। उनके दो बच्चे हैं, जो पेशे से डॉक्टर हैं।

### सियासी परिवार से आती हैं सुंदरराजन

उनके पिता के अनंतन पूर्व सांसद और तमिलनाडु में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वहीं उनके चचेरे भाई अभिनेता और व्यवसायी से राजनेता बने विजय वसंत हैं। टी सुंदरराजन तमिलनाडु के नडार समुदाय से आती हैं। नडार समुदाय कन्याकुमारी, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और विरुधुनगर जिलों में प्रभावी स्थिति में है।

# पहले बैडमिंटन खेल अब लोकल ट्रेन, चुनाव से पहले मतदाताओं को नए तरीकों से लुभा रहीं सुप्रिया सुले

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने मंगलवार को लोकल ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत भी की। बारामती लोकसभा सांसद ने यावत और दौंड तालुका के बीच पुणे दौंड लोकल ट्रेन में सफर किया। ट्रेन में उन्होंने यात्रियों की परेशानियों पर बात की और उनसे इसपर चर्चा भी की।



सुप्रिया सुले हमेशा एक नए तरीके से मतदाताओं के साथ मतदाताओं से मिल रहीं है। इससे पहले उन्होंने बारामती में युवाओं के साथ एक बैडमिंटन खेल में हिस्सा लिया। बारामती से तीन बार की सांसद सुप्रीया सुले इस बार अपनी भाभी और अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के खिलाफ चुनाव लड़ सकती है। बता दें कि राकांपा में विभाजन के बाद ही अजित पवार के गुट ने सुनेत्रा पवार को बारामती से अपना उम्मीदवार घोषित किया था।

सुनेत्रा पवार ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'अगर आप हमारा समर्थन करते हैं तो हम आपकी समस्याओं को हल करने के लिए काम करेंगे।' उन्होंने अपने पति अजित पवार द्वारा किए गए कार्यों पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें अपने पति पर गर्व है। सुनेत्रा ने आगे कहा, ₹जब मैं अजित द्वारा किए गए कामों को देखती हूं तो मुझे उनपर गर्व होता है। मुझे ऐसा लगता है कि उन्होंने हमेशा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर समस्याओं को हल किया है।'

### सुप्रिया सुले के लिए शरद पवार ने की जनता से वोट की अपील

राकांपा-शरदचंद्र पवार की तरफ से सुप्रीया सुले को बारामती का उम्मीदवार घोषित किया गया है। अपनी बेटी के लिए वोट मांगते हुए शरद पवार ने जनता से उनके नए पार्टी चिंह पर वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा, अगर आपको लगता है कि सब कुछ नियंत्रण में होना चाहिए, तो अब समय आ गया है कि जब आप मतदान के लिए जाएंगे और तुतारी का बटन दबाएं। सुप्रीया सुले को बारामती लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित करते हुए शरद पवार ने बताया कि सुप्रीया उन दो-तीन सांसदों में से एक है, जो अपने कार्यों के लिए जानी जाती है।'

# पूर्व बीएसपी नेता और सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल, अमरोहा से लड़ सकते हैं चुनाव

**लखनऊ,एजेंसियॉ।** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से निलंबित लोकसभा सांसद दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। यह बात अली द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में 10 जनपथ स्थित उनके आवास पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करने और उनका %आशीर्वाद% मांगने के पांच दिन बाद आई है। रिपोर्टों के मुताबिक, सबसे पुरानी पार्टी अली को उत्तर प्रदेश में अमरोहा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार सकती है, यह सीट कांग्रेस ने अपनी सीट-बंटवारे की बातचीत में समाजवादी पार्टी से हासिल की थी।

14 मार्च को सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद, अली ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस में शामिल होने के बारे में एक बड़ा संकेत दिया। इसके बाद उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि मेरे दूसरे लोकसभा चुनाव में अमरोहा से चुनाव लड़ने के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति श्रीमती सोनिया गांधी का आशीर्वाद पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका दिल भारत के गरीबों के लिए धड़कता है... यह उनकी अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद (एनएसी) थी जिसने मनरेगा, आरटीआई, शिक्षा का अधिकार, खाद्य सुरक्षा विधेयक जैसे ऐतिहासिक गरीब समर्थक और पारदर्शिता कानून बनाए।दानिश अली भी मणिपुर में राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शुरुआती बिंदु पर शामिल हुए, उन्होंने कहा कि अगर वह एकता और न्याय के लिए सबसे बड़े अभियान का हिस्सा नहीं बने तो वह एक राजनेता के रूप में अपने कर्तव्य में असफल होंगे। वह फिर से गांधी जी की यात्रा में शामिल हो गए जब यह यात्रा यूपी में उनके निर्वाचन क्षेत्र अमरोहा से होकर गुजरी। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के फैसले के विरोध में अन्य विपक्षी सदस्यों के साथ लोकसभा की कार्यवाही से बाहर निकलने के कुछ दिनों बाद बसपा ने अली को ÷पार्टी विरोधी गतिविधियों÷ में शामिल होने के लिए पिछले साल पार्टी से निलंबित कर दिया था। उस दौरान बसपा के अन्य सदस्य सदन में बैठे रहे।




## हिंसा भड़कने के बाद पहली बार बशीरघाट पहुंचे टीएमसी के बड़े नेता, भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में हिंसा भड़कने के बाद तृणमूल कांग्रेस की काफी आलोचना हो रही है। इस बीच टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि पार्टी ने गलत काम में शामिल किसी भी नेता का कभी भी समर्थन नहीं किया है। दरअसल अभिषेक बनर्जी बशीरहाट में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। पिछले महीने संदेशखाली इलाके में हिंसा भड़कने के बाद इससे सटे बशीरहाट इलाके में किसी वरिष्ठ टीएमसी नेता की यह पहली रैली थी। इस दौरान उन्होंने शाहजहां शेख और सारदा ग्रुप के अध्यक्ष सुदीप्तो सेन का उदाहरण दिया। बनर्जी ने कहा कि दोनों को राज्य पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा इन बातों से साफ है कि तृणमूल कांग्रेस गलत कामों में शामिल किसी भी नेता का समर्थन नहीं करती।

## जल बोर्ड फंड जारी करने को लेकर दिल्ली सरकार पहुंची शीर्ष अदालत

# कविता की याचिका पर 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बीआरएस नेता के. कविता की एक याचिका पर 22 मार्च को सुनवाई करेगी। जबकि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार की एक अन्य मामले में दी गई याचिका को स्वीकार कर लिया है और एक अप्रैल को इस पर सुनवाई होगी।

दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितता के मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली बीआरएस नेता के. कविता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 22 मार्च को सुनवाई करेगा।

दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के कविता ने अपनी गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। के कविता ने साथ ही रिमांड ऑर्डर के खिलाफ भी सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की है। याचिका में कविता ने कहा कि रिमांड का आदेश संविधान के अनुच्छेद 141 के अनुसार नहीं है, जिसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा घोषित कानून सभी राज्यों की अदालतों के लिए भी बाध्यकारी होगा। के कविता ने पीएलएलए कानून की धारा 19(1) को भी चुनौती दी है।

ईडी का दावा है कि के कविता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रची। जिसके तहत दिल्ली शराब नीति में फायदा पाने के लिए आप नेताओं को करीब 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। के कविता को कथित दक्षिण लॉबी का हिस्सा बताया जा रहा है। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी अब तक देशभर में 245 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है और मनीष सिसोदिया, संजय सिन्हा और विजय नायर समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया है कि दिल्ली जल बोर्ड का ठेका बढ़ी हुई दरों पर दिया गया। ताकि ठेकेदारों से रिश्वत वसूली जा सके। ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि गबन कर ली गई। इस तरह के फर्जी खर्च रिश्वत और चुनावी कोष के लिए किए गए थे। कथित तौर पर जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह ठेका इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर्स की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण के लिए दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि बोर्ड और एनबीसीसी के अधिकारियों ने रिश्वत के लिए एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर का पक्ष लिया।

ईडी ने इस मामले में गत 31 जनवरी को जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया था।

## नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत, राज्य में जारी हिंसा के बाद से राहत शिविरों में रहे थे सभी

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर में परिवार के साथ राहत शिविरों में रहने वाले चार बच्चों की नदी में डूबकर मौत हो गई। मरने वाले बच्चों में तीन लड़की और एक लड़क शामिल है। इन सभी बच्चों की उम्र चार से नौ वर्ष के बीच है। मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के कारण ये सभी तुइबुओंग में ईसीए कनान राहत शिविर में रह रहे थे। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे चारो बच्चे नदी में नहाने गए थे। जब बच्चे काफी देर तक वापस नहीं लौटे, तब उनके परिवार ने उन्हें ढूंढना शुरू किया। पुलिस को इसकी जानकार दी गई, जिसके बाद उन्होंने भी बच्चों को ढूंढना शुरू किया। पुलिस ने बताया कि बुधवार की सुबह छह बजे बच्चों का शव नदी में मिला। मणिपुर में मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' का आयोजन किया गया था।

## संक्षेप

### तहसील प्रशासन ने क्रिटिकल वल्नरेबल बूथ की जांच की

भेलसर अयोध्या। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत बुधवार को उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने क्षेत्राधिकार आशीष निगम व तहसीलदार राजेश कुमार वर्मा एवं थानाध्यक्ष मवई के साथ ग्राम नेवरा में क्रिटिकल वल्नरेबल बूथ की जांच की एवं कारक व्यक्तियों के घर जाकर निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया। वहीं नायब तहसीलदार रुदौली अनूप कुमार श्रीवास्तव ने क्रिटिकल वल्नरेबल बूथ कंपोजिट विद्यालय प्राथमिक विद्यालय भेलसर की जांच की तथा कारक व्यक्ति दिनेश पुत्र मोहन,सईद पुत्र मुकीम व हरिश्चंद्र पुत्र जितई के घर जाकर निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

### धूल भरी तेज आंधी बनी मुसीबतजन जीवन बुरी तरह से प्रभावित

अयोध्या। मौसम विभाग द्वारा दी गई पूर्व चेतावनी बुधवार को सटीक साबित हुई। दोपहर चली धूल भरी तेज आंधी मुसीबत बन गई। करीब पचास किलोमीटर की रफ्तार से चली आंधी की चपेट में आकर कई जगह पेड़ धराशायी हो गए और जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई है। तेज धूल भरी आंधी आने से पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने पेड़ गिर पड़ा। कई दो पहिया वाहन चपेट में आ गए। लोगों को जान बचाकर भागना पड़ा। सदर तहसील के निकट आवागमन बाधित हो गया। वहीं यातायात संचालन भी प्रभावित हुआ है। नगर क्षेत्र में चौक, बजाजा और अन्य मार्गों पर टीन टप्पर रखे दुकानदार भी प्रभावित हुए हैं। तेज आंधी से गेंहू दलहन और तिलहन की फसल बर्बाद होने की आशंका है। बारिश की संभावना को लेकर किसान भयभीत हैं। हालांकि अभी तक जिले से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

### एलएलबी के 24 व बीपीएड के 11 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीपीएड, एमपीएड व एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को सचलदल की सघन तलाशी में 35 नकल करते धरे गए। प्रथम पाली की परीक्षा में बीएनकेबी पीजी कालेज अम्बेडकरनगर में बीपीएड की परीक्षा में 11 परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। वहीं दूसरी ओर सचलदल ने एलएलबी की परीक्षा में अवध लॉ कालेज में 06 एवं टीआरसी लॉ कालेज में 15 व बीएनकेबी पीजी कालेज में 03 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर नकलविहीन परीक्षा के कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। सचलदल द्वारा केन्द्रों पर छापेमारी की जा रही है। जिसमें एलएलबी की परीक्षा में 24 व बीपीएड के 11 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए। दूसरी ओर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ द्वारा आवासीय परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके अलावा परीक्षा नियंत्रक द्वारा कंट्रोल रूम से केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की गई।

### अवध विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के बीच दो दिवसीय वर्कशाप का शुभारम्भ

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ के संयुक्त संयोजन में बुधवार को इम्पॉवरिंग इनोवेशन : प्रोटोटाइप/प्रोसेस डिजाईन एण्ड डेवलपमेंट वर्कशाप विथ ए फोकस ऑन एल्डरली केयर रिमांडर सिस्टम विषय दो दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अविवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि बुजुर्गों की देखभाल में प्रोटोटाइप डिजाइन मदद कर सकता है। इसमें दोनों संस्थानों को हार्डवेयर की दिशा में कार्य करना होगा। कुलपति ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। समाज को उनके अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए। उनके इस अनुभव से हम सभी लाभान्वित हो सकते है। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अनुभूति एक प्रयास के तहत बुजुर्गों की देखभाल के लिए दो वृद्धाश्रम गोद लिए हुए है। यहां के विद्यार्थियों ने उन बुजुर्गों से मिलकर अपनेपन का एहसास कराया है। इससे छात्रों में सामाजिक, नैतिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों का अहसास भी हो रहा है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय ने सामाजिक शोध एवं कोर्स के हिस्से से जोड़कर विद्यार्थियों को बुजुर्गों से रिश्ता जोड़ा है। अंत में कुलपति ने इस आयोजन के लिए दोनों संस्थानों को बधाई दी और आगे कहा कि बुजुर्गों की देखभाल के लिए प्रोटोटाइप डिजाईन दिशा में कार्य करने की जरूरत है।वर्कशाप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 सच्चिदानन्द शुक्ल ने कहा कि दो दिवसीय वर्कशाप शोधार्थियों व अन्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयलकी मौजूदगी में इससे पहले एमओयू किया गया था। दोनों संस्थानों के मध्य शोध एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि रविशंकर विवि में इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल का गठन किया गया है। इसमें विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा। बुजुर्गों की सही देखभाल हो सके इसके लिए प्रोटोटाइप हार्डवेयर पर कार्य किया जायेगा।

### स्वामी करपात्री जी महाराज ने हिन्दू महासभा राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल अध्यक्ष का दायित्व संभाला


अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने जोधपुर में संपन्न राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में विभिन्न पदों पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया । अयोध्या के धर्माचार्य जीयर स्वामी करपात्री जी महाराज को राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल अध्यक्ष का नवीन दायित्व दिया गया है ।हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में बताया कि स्वामी करपात्री जी महाराज अभी तक राष्ट्रीय प्रवक्ता का दायित्व संभाल रहे थे । नए राष्ट्रीय प्रवक्ता की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी ।बी एन तिवारी ने बताया कि आंध्र प्रदेश के बोप्पुड़ी श्रीराम चंद्र मुरथी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और दिल्ली के केशव चन्द्र को राष्ट्रीय कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है । सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से अपना अपना दायित्व संभाल लिया है। हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अयोध्या से स्वामी करपात्री महाराज को बधाई देते हुए बताया कि हिन्दू महासभा राष्ट्रीय मार्गदर्शक मंडल अध्यक्ष जियर स्वामी करपात्री जी महाराज ने अपने मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और

# सरकारी नियम-कानून को अधिकारी भी दिखा ठेंगा

## दो पहिया, चार पहिया अपने निजी वाहनो पर हूटर और सायरन की भी भरमार

**» वाहनो पर प्रेस लिखाने का चलन भी हुआ आम**

**लोकमित्र, संतोष पाण्डेय**



**धौरहरा-खीरी।** लोकसभा आम चुनाव की आचार संहिता लगने के बावजूद पुलिस व तहसील प्रशासन की नाक के तले खुलेआम मोटर अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और प्रशासन खामोश है।

प्रशासन द्वारा आम आदमी के वाहनों की चेकिंग कर खानापूर्ति कर दी जाती है, लेकिन बाइको मे सायरन और चार पहिया वाहनों पर लगे हूटर और पार्टी का झंडा हटवाने की जहमत कोई नहीं करता।और तो और क्षेत्र में कुकुरमुत्तो तरह आम लोगों द्वारा फर्जी तरीके से पुलिस प्रशासन को गुमराह करने के लिए प्रेस लिखाकर खुलेआम नियम कानूनो की धज्जियां उड़ाते देखे जा सकते हैं।चार पहिया वाहनों के शीशे पर पदनाम लिखा होने के बाद भी विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान देना भी मुनासिब नहीं समझते। कई बार तो ये साइलेंट जोन, भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, बाजार में भी हूटर बजाकर रौब गांठते हुये तेजी निकल जाते है।

वाहनों पर हूटर, राजनीतिक पार्टी के झंडे, निशान या सिंबल लगाना प्रतिबंधित है। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य है। लेकिन, हालत यह है कि एक ही वाहन पर हूटर,पदनाम पट्टिका, राजनीतिक पार्टी का झंडा रिश्ते नातेदार भी लगाये रहते है। क्षेत्र में कई वाहनों की नंबर प्लेट पर आज भी डिजाइनों में नंबर अंकित हैं। इन नंबरों को कई बार देखने के बाद भी स्पष्ट नहीं हो पाता कि वाहन का नंबर क्या है। कोई घटना होने पर वाहन स्वामी व चालक सत्ता की हनक दिखाकर रौब गांठते हैं।कई लोग इनके दबाव में भी आ जाते हैं। जिम्मेदार भी इन पर कार्रवाई करने से बचते हैं।यही कारण है कि ऐसे वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### अधिकांश वाहनों पर हैं ये चिह्न

चिकित्सकों के वाहनो पर प्लस का निशान,अधिवक्ताओं के वाहन पर बैंड,राजनीतिक कार्यकर्ता व नेताओं के वाहन पर दल के झंडे, या उनके रंग की नंबर प्लेट, कइयों पर पदनाम भी अंकित होता है।प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वाहनों पर प्रेस, राजकीय कर्मचारियों के निजी वाहन पर (प्रशासन,पुलिस,वन, स्वास्थ्य,शिक्षा विभाग,राजस्व, आर्मी आदि) विभाग आदि का नाम लिखा होता है, जो नियमतः अपराध है।

क्षेत्र में प्रेशर हॉर्न बने समस्या वाहनों पर हूटर या पदनाम पट्टिका ही नहीं प्रेशर हॉर्न और बुलेट मोटरसाइकिल मे मोडिफाइड साइलेंसर भी समस्या बने हैं।कई चालकों ने अपने वाहनों पर दो प्रकार के हॉर्न लगवाए हैं,लेकिन अधिकांश स्थानों पर प्रेशर हॉर्न का ही प्रयोग कर रहे हैं। इससे राहगीरों को अधिक समस्या होती है।वाहन चालक साइलेंट जोन में भी प्रेशर हॉर्न बजाने से नहीं बाज आते। केवल पुलिस को देखकर सामान्य हॉर्न बजाते हैं।

इस मामले में क्षेत्राधिकारी धौरहरा प्रीतम पाल सिंह ने कहा निजी वाहनों पर लगे हूटर, पदनाम पट्टिका व काली फिल्म के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। पकड़े जाने पर चालान किया जाएगा। हूटर व काली फिल्म और झंडों को हटवाया जाएगा।

क्षेत्र में राजस्व विभाग अछूता नजर नहीं रहा नाम छापने की शर्त पर सदर लेखपाल के करीब आधा दर्जन चेलो मे से एक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि हमारे लेखपाल साहब कुछ माह पूर्व नई मारुति ब्रेजा गाडी निकलवाने के बाद उसमें हूटर भी लगवाया है और अधिकारियों के झुंड में हुटर बजाते हुए रौब से चलते हैं। कुछ एनजीओ चलाने वाले दबंग अमीरजादे अपनी अपनी गाड़ियों पर माइक हूटर और सत्ता का झंडा लगा थाने तहसील बाजार आदि क्षेत्र में रौब से गाडिया लेकर घूमते नजर आते हैं।कभी-कभी उनके हूटर और सायरन को सुनकर चौराहे और भीड़भाड़ क्षेत्र में लगे पुलिसकर्मी सलूट करने की हरकत में भी आ जाते हैं।

### होली पर किसी को जबरन न लगाएं रंग: सीओ

**अयोध्या।** प्रशासन की ओर से आयोजित गणमान्य नागरिकों की बैठक में होली का त्योहार सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने कहा कि अराजक तत्वों की हरकत को पुलिस को तत्काल सूचना दें। बुधवार को मवई थाना में आयोजित बैठक में सीओ रुदौली आशीष निगम ने कहा कि होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग न लगाएं। जबरदस्ती रंग डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होने वालों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात होगा, जो असामाजिक तत्वों पर नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की घटना होने पर कंट्रोल रूम 112 या उनके व्हाट्सएप नंबर पर सूचना दें। एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित ने कहा कि होली का त्योहार आपस में भाईचारा और गिले-शिकवे को दूर कर प्यार से रहना सिखाता है।

## दोबारा नगर अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर वासियों ने दी बधाई

**लोकमित्र संवाददाता**



**निघासन-खीरी।** काफी दिनों से मौजूदा सरकार की गलत नीतियों को लेकर नगर में हल्ला बोलने वाले समाजवादी पार्टी के युवा नेता मनोज वर्मा अपनी यूथ यूनिटी के साथ क्षेत्र में विपक्ष को बरक़रार करने में भी अहम भूमिका निभाई है।सपा के लिए इन्होंने क्षेत्र में आधिकाधिक मेहनत की इनकी मेहनत पर चार चाँद लगाने में सपा के जिलाध्यक्ष और अन्य बड़े नेता ने कोताही नही की । पार्टी के लिए समर्पित मनोज वर्मा को नगर पंचायत निघासन में दोबारा नगर अध्यक्ष के रूप में जिमेदारी सौप दी। जिसको लेकर मनोज वर्मा ने बताया की नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी को में एक सच्चे सिपाही की तरह काम करूंगा और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओ कार्यकर्तओं के आशीर्वाद से नगर में समाजवादी पार्टी को नई ऊंचाईयो तक ले जाने का प्रयत्न करूँगा। और 2024 में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करके इंडिया गठबंधन का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प को साकार करूँगा। इस अहम जिमेदारी का दायित्व देने के लिए जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं और सभी समाजवादी साथियो का आशीर्वाद और माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी का प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेश उत्तम पटेल जी का जिलाध्यक्ष श्री रामपाल सिह यादव जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान ओमकार सिंह, लल्लू चतुर्वेदी,विनीत लाला, जगदीश शर्मा, इन्देश शुक्ला, सुरजीत बारी,मुन्ना खान,अख्तर अली, प्रदीप जायसवाल सहित लोग मौजूद रहे।

### अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप ही पर्यटकों में छवि प्रस्तुत करनी होगी : प्रो. लवकुश मिश्रा

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभाग में एमबीए टूरिज्म मैनेजमेंट के छात्रों के लिये अयोध्या के सांस्कृतिक विरासत के संयोजन में पर्यटन के छात्रों की भूमिका विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्यवक्ता डॉ0 भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के टूरिज्म एवं होटल मैनेजमेंट संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो0 लवकुश मिश्रा रहे। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के घरेलू पर्यटक भारी मात्रा में अयोध्या आ रहे हैं। इसमें पर्यटन के विद्यार्थियों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पर्यटक के मन के अनुरूप ही अयोध्या की छवि प्रस्तुत करनी होगी। अयोध्या की अपनी प्रसिद्ध सांस्कृतिक विरासत रही है। इसे बनाये रखने में पर्यटन के विद्यार्थियों के साथ साथ अयोध्या के मूलनिवासी, पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों की महती भूमिका होगी।

## धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिकुनियां-खीरी।** कस्बा स्थित खाटू श्याम मंदिर से निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

फाल्गुन की एकादशी को श्याम खाटू का जन्मोत्सव को लेकर श्याम मंदिर से निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई, यात्रा में बच्चे बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा खाटू श्याम के नारों से गूंज उठा।

निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर से चलकर टायर चौराहा, बगिया मोहल्ला, स्टेशन चौराहा से होती हुई खाटू श्याम मंदिर पर पहुंची जहां पर आरती और प्रसाद वितरण के साथ यात्रा का समापन किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं में स्नेहा, कंचन, पूजा, निशा अग्रवाल, शिवांगी, उपासना, नीतू महावर, हैप्पी कुंछल, मनोज जिंदल, राजकुमार गर्ग, आनंद अग्रवाल, अजय गर्ग,वेद प्रकाश तिवारी, सौरभ वर्मा, सुरेंद्र अग्रवाल, रोहताशअग्रवाल मौजूद रहे।

## सांसद निधि से हो रहा नाली निर्माण,शिलापट पर कार्य पूर्ण होने की तिथि भी समाप्त




**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** विकास विभाग में कार्यरत ठेकेदारो द्वारा चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद सासंद निधि से ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराए जाने की शुध ली है मजे की बात यह है कि कार्य पूर्ण होने की तिथि समाप्त होने के बाद आम लोगों को प्रभावित करने का प्रयास है।

प्राप्त विवरण के अनुसार विकास खंण्ड रमियाबेहढ के ग्राम पंचायत कफारा में विकास विभाग के सचिव/ग्राम प्रधान की मूक सहमति से ठेकेदार द्वारा सांसद निधि से नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया है। ज्ञात हो सन 2023-24 में सांसद निधि द्वारा 9.6 लाख रुपए से गांव में नाली निर्माण कार्य पूर्ण होना था।मौके पर लगे बोर्ड में कार्य प्रारंभ होने की तिथि 10.1.24 से शुरू होकर 24.2.24 तक पूर्ण होने की तारीफ अंकित है।जिसका कार्य जिम्मेदारो की देखरेख में वर्तमान समय में चल रहा है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता चुनाव आयोग द्वारा लागू हो गई है लिहाजा अब ग्राम पंचायत द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

### 19 वर्ष तक न्यायालय मे चली जंग के बाद मिला अधिकारी को न्याय

**अयोध्या।** होमगार्ड मे डिवीजनल कमाण्डेंट के पद पर रहे एक अधिकारी को अपना अधिकार पाने के लिए उच्च न्यायालय मे 19 वर्ष तक एक लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी।आखिर न्यायालय ने उनको न्याय दिया।कोर्ट ने अधिकारी को उनके सेवानिवृत्त होने के बाद इमोशनल पदोन्नति प्रदान करने के साथ उनके पेंशन लाभो को फिर से तय करने का आदेश जारी किया है।

अयोध्या नगर के कौशलपुरी निवासी लाल कमलेन्द्र प्रताप सिंह जनपद मे डिवीजनल कमाण्डेन्ट के पद पर तैनात थे।उनको वर्ष 2005 में डिप्टी कमाण्डेंट जनरल के पद पर प्रोन्नति दी जानी थी।किन्तु सपा सरकार में उनके अधिकारों का हनन किया गया।उनके स्थान पर रुद्रल सिंह को पदोन्नति दे दी गई।डिवीजन कमाण्डेट लाल कमलेन्द्र प्रताप ने अपना अधिकार पाने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर , नियम विरुद्ध की गई प्रोन्नति को चुनौती दे दी।

## राजापुर मंडी पहुंचे डीएम-सीडीओ, देखे स्ट्रांग रूम एवं रवानगी स्थल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल कराने के दृष्टिगत बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर पहुंचे, जहां उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ड्यूटी कक्ष, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी व्यवस्था एवं पोलिंग पार्टियों की रवानगी स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम ने सीडीओ, एडीएम संग पूरे मंडी परिसर का पैदल भ्रमण कर चुनाव के लिए चिह्नित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का भ्रमण कर निर्वाचन तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मंडी सचिव सुधांशु को स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल की सभी मुकम्मल तैयारी रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि स्ट्रांग रूम बनाने के लिए पर्याप्त स्थान, चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप हैं। मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम और वीवीपैट ले जाने संबंधी वैरिकेटिंग व्यवस्था के लिए मार्ग निर्धारित के लिए स्ट्रांग रूम के आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने मण्डी स्थल में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को विधानसभावार देखा। स्ट्रांग रूम से वोटिंग मशीन प्राप्त करने और मतगणना स्थल तक ले जाने संबंधी वेरिकेटिंग व्यवस्था का जायजा लिया। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के लिए फोर्स के ठहरने का स्थान और प्रवेश के लिए अलग-अलग प्रवेशद्वारों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, अवर अभियंता विनियमित क्षेत्र प्रदीप त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## रंगभरी एकादशी : अयोध्या में साधु-संतों ने जमकर खेली होली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** श्रीराम की नगरी में बुधवार को संतों-महंतों के बीच रंगभरी एकादशी को लेकर उत्साह का बेमिसाल माहौल देखने को मिला। योगी सरकार के द्वारा संतो महंतों को मिलने वाली सुरक्षा से साधु संत खुलकर इस त्यौहार का आनंद लेते दिखे। अयोध्या में होली से पांच दिन पहले ही रंगोत्सव का त्यौहार रंगभरी एकादशी से शुरू हो गया। प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या की पहली रंगभरी एकादशी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रंगभरी एकादशी को हनुमानगढ़ी मंदिर में हनुमान जी को गुलाल लगाने के साथ उत्सव का आरंभ हुआ।

अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा हनुमानगढ़ी के 500 संतों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। इससे पहले संतों ने हनुमान जी के निशान की पूजा की। इभी संतों ने होली खेलते हुए अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा की। ब्रह्ममुहूर्त में ही रामनगरी के 10 हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान की राग-भोग आरती, साज-सज्जा के साथ उनके गाल पर गुलाल लगाया गया। यही नहीं अवध में होली के आगाज पर मंदिरों में आने वाले भक्तों को भी प्रसाद के रूप में गुलाल लगाया गया। अबीर से सराबोर हुई रामनगरी की संस्कृति का उल्लास और भी चटख हो चला।

फाल्गुन शुक्ल एकादशी मतलब रंगभरी एकादशी पर्व से अवध की होली का विधिवत शुभारंभ होता है। रंगभरी एकादशी के पर्व पर रामनगरी में संतों-महांतों ने अपने आराध्य के प्रति अनुराग प्रकट करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर प्रभु के साथ होली खेली। हनुमानगढ़ी परिसर में रंगभरी एकादशी पर श्रद्धा अपने चरम पर दिखी। इस मौके पर धार्मिक नगरी अयोध्या कि सड़कें अबीर और गुलाल से रंगी नजर आईं। परम्परागत रूप से कड़ी सुरक्षा में प्रमुख सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी से संतों का जुलूस अयोध्या की सड़कों पर निकला।

### वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति-राम चन्द्र यादव

**रूदौली अयोध्या।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के स्वाभिमान हेतु अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि गुलचप्पा आदर्श नगरपालिका में मनाई गई। स्वतंत्रता संग्राम की 166 वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव ने विरांगना अवंति बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला। 1857 संग्राम में महान पराक्रम का परिचय देने वाली रानी अवंतीबाई ने अपनी मातृभूमि पर ही देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है।रानी 'अवंती बाई लोधी' के बलिदान दिवस पर रूदौली विधायक रामचंद्र ने कहा की मां भारती की रक्षा के लिए स्वातंत्र्य समर में अपने प्राण न्यौछावर करने वाली रानी अवंतीबाई के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। वीरांगना अवंतीबाई के महान शौर्य, साहस और पराक्रम की गाथा देश की माटी के कण-कण में विद्यमान है।

# डीएम के अध्यक्षता में हुई गेहूँ खरीद कार्यशाला

## अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराए केंद्र प्रभारी: डीएम

**» 100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से मुक्ति**

**» बटाईदार से भी गेहूँ खरीद,जाने बताई पूरी प्रक्रिया**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूँ खरीद कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें खाद्य विभाग से जुड़े हुए समस्त अधिकारियों कर्मचारियों व केंद्र प्रभारियों ने भाग लिया।

डीएम ने गेहूं खरीद के संबंध में सभी केंद्र प्रभारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जिसमें प्रमुख रूप से बताया गया कि जनपद में गेहूं खरीद का लक्ष्य शासन से 188000 एमटी निर्धारित किया गया है। इसके अलावा गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 की दर से किसानों के खातों में भुगतान करने तथा छनाई, उतराई, सफाई और पल्लेदारी का खर्च 20 रुपया प्रति कुंतल शासन द्वारा वहन किया जाएगा।

डीएम ने क्रय एजेंसियों को निर्देश दिए कि क्रय केंद्रों पर बैनर, पेयजल, छाया, 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, डस्टर, एनालिसिस किट, ई-पॉप मशीन बोरे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। खीरी जनपद में गेहूं की खरीद के लिए 156 क्रय केंद्र खोले गए हैं, और सभी क्रय केंद्र एक मार्च से ही क्रियाशील कर दिए गए हैं। किसानों से खरीदे गए गेहूं के बदले में 48 घंटे के भीतर ही उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा 100 कुंतल तक गेहूं की बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से भी मुक्त रखा गया है और छोटे तथा मझोले किसानों को गेहूं की खरीद में वरीयता देने का भी निर्णय लिया गया है। बटाईदार किसानों से भी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जाएगी।

डीएम ने कहा कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करने के लिए लेखपाल और ग्राम सचिवों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है। वही सभी केंद्र प्रभारी ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन 20 किसान प्रति केंद्र का पंजीयन कराने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करें। एडीएम संजय कुमार सिंह ने केंद्र प्रभारियों को किसानों से संपर्क कर उनका पंजीकरण कराने और उन्हें समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित करने के लिए भी कहा।

### बटाईदार से भी गेहूँ खरीद, डिप्टी आरएमओ ने बताई पूरी प्रक्रिया

डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने बताया कि बटाईदार कृषक द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूँ विक्रय किया जा सकेगा। बटाईदार कृषक व मूल कृषक/भूस्वामी के मध्य लिखित सहमति जिसमें कितनी भूमि पर बटाईदारी है का उल्लेख हो तथा मूल कृषक के भूलेख तथा उसके आधार लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित कर पंजीकरण कराया जायेगा। मूल स्वामी के दूरभाष नम्बर पर एसएमएस के जरिए सूचित किया जायेगा कि उसकी जमीन का पंजीकरण बटाईदार श्रेणी में किया गया है और वह अपना आधार नम्बर दर्ज कर बटाईदार द्वारा कराए पंजीकरण प्रपत्र देख सकता है।

# बदायूं में दो मासूमों की हत्या पर शुरू हुई बेशर्म सियासत

**संजय सक्सेना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की बाबा कॉलोनी में गत दिवस करीब आठ बजे ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों आयुष (13) और अहान (6) की धारदार हथियार से निर्मम हत्या की वारदात जिस जगह हुई वह मंडी समिति पुलिस चौकी से सिर्फ 500 मीटर दूर है।

आरोपियों के दूसरे समुदाय के होने से गुस्सा भड़क उठा। जाम लगाकर हंगामा करते हुए दूसरे समुदाय के तीन खोखों में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी साजिद को मौके से करीब दो किमी. दूर पुरानी चांदमारी के पास घेराबंदी कर मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है।वहीं इस मसले पर बेशर्मी के साथ सियासत भी शुरू हो गई है। सपा-कांग्रेस ने भाजपा को घेरा है तो भाजपा ने भी पलटवार करते हुए हमला बोला है। कुल मिलाकर दो मासूमों की हत्या के मामले में भी समाजवादी पार्टी को अपना वोट बैंक मजबूत करने की चिंता सता रही है। इसी लिये तो समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाते हुए पोस्ट की है। इसमें लिखा है कि भाजपा यूपी में दंगा फसाद सांप्रदायिक तनाव खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती है और इसी कारण से ऐसी घटनाओं को खुद अंजाम दिलवा रही और जिलों में सांप्रदायिक तनाव पैदा करवा रही जिसका परिणाम बदायूं की घटना है।मगर सवाल यह है कि समाजवादी पार्टी के दिमाग में इतनी घटिया बात आई कैसे,कहीं उसने भी तो 2013 में मुजफ्फरनगर के दंगों के समय यही सब तो नहीं किया था,क्योंकि तब भी लोकसभा चुनाव होने वाले थे।

समाजवादी पार्टी का आरोप है कि भाजपा जब जनता के असल मुद्दों से हार चुकी है तो धार्मिक विवाद ,धार्मिक लड़ाई ही भाजपा का आखिरी हथियार बची है। भाजपा के इशारे पर ही कई गुंडे बदमाश खुले घूम रहे और भाजपा के इशारे पर ही ऐसी वारदातें कर रहे जिसके कारण समाज में लड़ाई झगड़ा बढ़ रहा है।वहीं, बदांयू डबल मर्डर केस पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी का कहना है कि मैं बेहद दुखी हूं, मेरे पास इस घटना की निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि दोषियों और समर्थन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। तिवारी आगे कहते हैं भाजपा यूपी में दंगा फसाद सांप्रदायिक तनाव खड़ा करके चुनाव जीतना चाहती है और इसी कारण से ऐसी घटनाओं को खुद अंजाम दिलवा रही और जिलों में सांप्रदायिक तनाव पैदा करवा रही जिसका परिणाम बदायूं की आज की घटना है

वहीं भाजपा ने कहा है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई हुई है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि सपा ही अपराधियों को संरक्षण देती है, भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने बदायूं की घटना पर कहा कि समाजवादी पार्टी घटिया राजनीति कर रही है, उन्होंने कहा कि अगर सपा की सरकार होती तो अपराधियों को संरक्षण होता। योगी सरकार में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। बदायूं कांड में भी अपराधी के साथ कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस हत्या की वजह पता कर रही है।

जानकारी के अनुसार, बाबा कॉलोनी में मजिया रोड के रहने वाले ठेकेदार 'हर घर जल योजना' के तहत ओवरहेड टैंक का निर्माण कराते हैं। उनके मकान के सामने ही कस्बा सखानू के रहने वाले साजिद की बाल काटने की दुकान है। विनोद की पत्नी संगीता अपने मकान के निचले हिस्से में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। इसके चलते परिवारों के काफी अच्छे संबंध थे। साजिद का उनके घर आना जाना भी था। 19 मार्च मंगलवार रात संगीता तीन बच्चों आयुष, अहान और पीयूष (8) के साथ घर पर थीं, जबकि विनोद लखीमपुर खीरी गए हुए थे।

# पेपर लीक से पीड़ित परिवारों को बड़ा वोट बैंक मान रहे हैं अखिलेश

**संजय सक्सेना**




**लखनऊ।** ।समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पेपर लीक मामले को बड़ा मुद्दा बनाकर भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। अखिलेश जो गणित लगा रहे हैं उसके आधार पर उन्हें लगता है कि यदि उनकी गणित सही बैठी तो यूपी से बीजेपी का सफाया जो गायेगा।

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार भर्तियों को निरस्त कर रही है। प्रदेश के 60 लाख नौजवानों का भविष्य अंधकार में है और अगर वे और उनके परिवार वाले बीजेपी के खिलाफ हो गए तो पार्टी का उत्तर प्रदेश से सफाया हो जाएगा। उत्तर प्रदेश से हटने का मतलब देश से हटना हुआ।सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन 60 लाख बच्चों के परिवार के अगर दो सदस्यों को भी मतदाता के रूप में शामिल कर लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं, अगर इस संख्या को 80 से भाग दे दें तो हर लोकसभा में भाजपा के दो लाख 25 हजार वोट कम हो जाएंगे। इस योजना को आगे बढ़ाने का काम समाजवादी लोग करेंगे।

बता दें कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अभ्यर्थियों ने कई दिनों तक प्रदर्शन किया था। अभ्यर्थियों के आगे सरकार को झुकना पड़ा था और भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया था। इसके अलावा आरओ और एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया था। यह परीक्षा भी रद्द कर दी गई थी। सरकार ने एसटीएफ को जांच सौंपी है और जांच चल रही है।पुनः परीक्षा भी कराई जा रही है,लेकिन अखिलेश इसके बहाने बीजेपी के सामने परेशानी खड़ी करके अपनी सीटें बढ़ाने में लगे हैं।

# अधिसूचना के प्रथम दिन 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मार्च, 2024 (बुधवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो गई। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अधिसूचना के प्रथम दिन प्रथम चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में कहीं से भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। नामांकन का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिन 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। वे इस प्रकार हैं-सहारनपुर-01, कैराना-02, मुजफ्फरनगर-03, बिजनौर-04, नगीना-05 (अनु0जाति), मुरादाबाद-06, रामपुर-07 व पीलीभीत-26 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च, 2024 (बुधवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च (बृहस्पतिवार) को की जायेगी। 30 मार्च, 2024 (शनिवार) को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। 06 जून, 2024 से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरूष, 67.14 लाख महिला तथा 824 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7693 मतदान केन्द्र तथा 14844 मतदेय स्थल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय/राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी दाखिल करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के 08 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा उक्त चरण में सम्मिलित सभी 09 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जा चुका है। नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है।

# कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे रामलला

## गुरु गोरखनाथ को अर्पित फूलों से भी बनाया हर्बल गुलाल, औषधीय गुणों से है परिपूर्ण

**» संस्थान के निदेशक ने मुख्यमंत्री योगी को भेंट किए दोनों हर्बल गुलाल, मिली सराहना**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अवधपुरी के भव्य-दिव्य-नव्य मंदिर में विराज रहे श्रीरामलला इस बार कचनार के फूलों से बने गुलाल से होली खेलेंगे। विरासत को सम्मान देने के भाव के साथ सीएसआईआर-एनबीआरआई के वैज्ञानिकों ने कचनार के फूलों से बने गुलाल को खास तौर पर तैयार किया है। यही नहीं, वैज्ञानिकों ने गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर के चढ़ाए हुए फूलों से भी एक हर्बल गुलाल तैयार किया है। बुधवार को संस्थान के निदेशक ने दोनों खास गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किए।

मुख्यमंत्री ने इस विशेष पहल के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के कई स्टार्ट-अप और उद्यमियों के लिए अधिक अवसर एवं रोजगार प्रदान करेगा। निदेशक डॉ. अजित कुमार शासनी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या में रामायणकालीन वृक्षों का संरक्षण किया जा रहा है। विरासत को सम्मान और परंपरा के संरक्षण देने के यह प्रयास हमारे वैज्ञानिकों के लिए प्रेरणास्पद है। इसी के तहत, संस्थान द्वारा श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या के लिए बौहिनिया प्रजाति जिसे आमतौर पर कचनार के नाम से जाना जाता है, के फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया है। कचनार को त्रेतायुग में अयोध्या का राज्य वृक्ष माना जाता था और यह हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की सुस्थापित औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल आदि गुण भी होते हैं। इसी तरह, गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर में चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल को तैयार किया गया है। इन हर्बल गुलाल का परीक्षण किया जा चुका है और यह मानव त्वचा के लिए पूरी तरह से सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है।

निदेशक ने बताया कि कचनार के फूलों से हर्बल गुलाल लैवेंडर फ्लेवर में बनाया गया है, जबकि गोरखनाथ मंदिर के चढ़ाए हुए फूलों से हर्बल गुलाल चंदन फ्लेवर में विकसित किया गया है। इन हर्बल गुलाल में रंग चमकीले नहीं होते क्योंकि इनमें लेड, क्रोमियम और निकल जैसे केमिकल नहीं होते हैं। फूलों से निकाले गए रंगों को प्राकृतिक घटकों के साथ मिला कर पाउडर बनाया जाता है इसे त्वचा से आसानी से पोंछ कर हटाया जा सकता है। गुलाल की बाजार में बेहतर उपलब्धता के लिए हर्बल गुलाल तकनीक को कई कंपनियों और स्टार्ट-अप्स को हस्तांतरित किया गया हैं।

वर्तमान में बाजार में उपलब्ध रासायनिक गुलाल के बारे में बात करते हुए, डॉ. शासनी ने कहा कि ये वास्तव में जहरीले होते हैं, इनमें खतरनाक रसायन होते हैं जो त्वचा और आंखों में एलर्जी, जलन और गंभीर समस्या पैदा कर सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हर्बल गुलाल की पहचान करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि यह अन्य गुलाल की तरह हाथों में जल्दी रंग नहीं छोड़ेगा। संस्थान द्वारा विकसित हर्बल गुलाल होली के अवसर पर बाजार में बिक रहे हानिकारक रासायनिक रंगों का एक सुरक्षित विकल्प है।

# सर माथे पर 'बीमारू' नहीं, अब विकसित प्रदेश का ताज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सात साल पूरे हो रहे हैं। दशकों तक 'बीमारू' राज्य की छवि रखने वाला प्रदेश आज देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाला राज्य बन चुका है। विकसित भारत के जिस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोडमैप तैयार किया है, उसे अमली जामा पहनाने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। बीते सात साल में यूपी की कार्य संस्कृति में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं, न केवल कानून-व्यवस्था में, बल्कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोड, रेल, वायु और जल परिवहन, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, व्यापक निवेश और जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर जिस गति के साथ उत्तर प्रदेश दौड़ रहा है, वह दिन दूर नहीं जब यह देश की नंबर एक की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है। यही नहीं उत्तर प्रदेश आज आत्मनिर्भर राज्य की ओर से भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### निवेश ने दुनिया को चौंकाया

बीते सात साल में यूपी की प्रभावशाली विकास यात्रा पर हाल ही में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (जीबीसी) के जरिए देशभर के उद्यमियों ने 10 लाख करोड़ से अधिक का निवेश करके अपनी मुहर लगा दी है। अगर अबतक हुए सभी चार जीबीसी की बात करें तो ये आंकड़ा तकरीबन 16 लाख करोड़ रुपए पहुंचता है। इतने भारी-भरकम निवेश से न केवल यूपी की आर्थिक समृद्धि को बल मिला है, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हुआ है। अकेले जीबीसी 4.0 से 34 लाख से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो रहा है।

### 'उद्योग प्रदेश' बना उत्तर प्रदेश

सात-आठ साल पहले कोई यकीन भी नहीं कर सकता था कि यूपी एक दिन 'बीमारू प्रदेश' की तोहमत से बाहर आकर 'उद्योग प्रदेश' बनने के करीब पहुंच जाएगा। 10 लाख से अधिक आबादी वाले सात शहर और 5 लाख से अधिक आबादी वाले पांच शहरों वाला बड़ा राज्य यूपी की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। प्रदेश न केवल 250 मिलियन की आबादी वाला राज्य है बल्कि 425 मिलियन के आस पड़ोस के राज्यों की जनसंख्या के साथ विशाल कंज्यूमर बेस भी रखता है। यही कारण है कि इतना विशाल उपभोक्त बाजार निवेशकों को हर तरह से आकर्षित कर रहा है।

### एक्सप्रेसवे प्रदेश बना यूपी

उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक्सप्रेसवे की चर्चा के बिना अधूरी है। जिस राज्य के बारे में 2017 से पहले ये कहा जाता था कि जहां से गडढों वाली सड़क शुरू हो, समझ लीजिए यूपी शुरू हो चुका है, आज ये वहीं प्रदेश है जहां देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे संचालित हैं। प्रदेश में आज 6 एक्सप्रेसवे क्रियाशील हैं, जबकि 7 निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। इनमें भी तकरीबन 600 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे इस साल के अंत तक बनकर तैयार होने जा रहा है।

### सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला प्रदेश

उत्तर प्रदेश शीघ्र ही देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां एक-दो नहीं बल्कि पांच-पांच अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित होंगे। प्रदेश में अबतक 15 एयरपोर्ट पूरी तरह से क्रियाशील हैं, इनमें आगरा, त्रिशूल (बरेली) गोरखपुर, हिंडन (गाजियाबाद), प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में डोमेस्टिक, जबकि लखनऊ, वाराणसी, कुशीनगर और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। वहीं एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बनकर तैयार हो चुका है, जिसे जल्द क्रियाशील करने की तैयारी है। इसके अलावा सहारनपुर, सोनभद्र, ललितपुर, मेरठ और पलिया में भी डोमेस्टिक एयरपोर्ट निर्माण का कार्य विभिन्न चरणों में जारी है।

### वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की ओर ऊंची छलांग

प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने का संकल्प धरातल पर तेजी से उतरता दिख रहा है। आस्था, अन्त्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित शासन की नीतियों का ही परिणाम है कि साल दर साल विकास की रफ्तार के अनुरूप ही यूपी के बजट का आकार बढ़ता ही जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो 2016-17 में प्रदेश का बजट जहां 3.46 लाख करोड़ रुपए का था वहीं 2024-25 का बजट इसके दोगुने से भी अधिक 7.36 लाख करोड़ रुपए का हो चुका है। मुख्यमंत्री के शब्दों में 2024-25 का बजट उत्तर प्रदेश को देश का ग्रोथ इंजन तथा 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की प्रधानमंत्री की संकल्पना का प्रतिनिधत्व करता है।

# सरकारी दफ्तरों से हटेंगे मोदी-योगी सहित सभी नेताओं की फोटो

**संजय सक्सेना**



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिये चुनाव आयोग आचार संहिता का कड़ाई से पालन कर रहा है,जिन अधिकारियों के खिलाफ पक्षपात की शिकायतें आ रही हैं,उन्हें पद से हटाया जा रहा है तो पैसे के लेनदेन पर भी आयोग पूरी नजर रखे है। यहां तक की सरकारी कार्यालय भी इससे नहीं बचे हैं। कुल मिलाकर राजनीतिक दलों की तैयारियों के साथ साथ चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए अपनी कमर कस ली है। चुनाव की तारीखों का एलान करते ही चुनाव आयोग एक्शन में आ गया है। जिसके रिजल्ट भी दिखने शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में सरकारी दफ्तरों से नेताओं की फ़ोटो हटाने के भी निर्देश दे दिए गए हैं।

चुनाव आयोगी ओर से सभी शासकीय कार्यालयों से सभी राजनेताओं की तस्वीर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। यह फैसला लोकसभा चुनाव को लेकर लागू हुई आदर्श आचार संहिता के चलते लिया गया है। हालांकि इस दौरान शासकीय कार्यालयों में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की तस्वीर लगी रह सकती है। इसके अलावा सभी नेताओं की तस्वीर सरकारी दफ्तर से हटने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिव को पत्र भेज दिया है। इसके साथ ही यूपी के सभी विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा गया है। इस तरह सीएम योगी आदित्यनाथ और यूपी सरकार के मंत्री समेत सभी राजनेताओं की फ़ोटो शासकीय दफ्तरों से हटाई जाएगी।

गौरतलब हो, भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का एलान कर दिया है। जिसके चलते 16 मार्च से देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। देश में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होंगे। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होंगी। जबकि 26 अप्रैल को दूसरे चरण और तीसरे चरण की वोटिंग 7 मई को होगी। वहीं चौथे चरण की 13 मई, पांचवे चरण की वोटिंग 20 मई को होनी हैं। इसके अलावा छठे चरण की 25 मई और सातवें चरण के लिए 1 जून को वोट पड़ेंगे। इसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# लखनऊ लोकसभा सीट : वोट 27 .93 प्रतिशत तक बढ़ा, फिर भी हार गई कांग्रेस, सिर्फ 2009 में मुश्किल में आई भाजपा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** भाजपा का गढ़ कही जाने वाली लखनऊ लोकसभा सीट पर 2009 के आम चुनाव में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम हो गया था। हालांकि, सीट भाजपा के पास ही रही। इस चुनाव में विपक्ष का वोट शेयर 27.93 फीसदी बढ़ा, लेकिन मत कम मिलने से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। बीते तीन दशक में पहली बार पार्टी को मिलने वाला वोट शेयर कम होने से भाजपा संगठन ने अपने कद्दावर नेता राजनाथ सिंह को 2014 में मैदान में उतारा तो पिछले सारे रिकार्ड टूट गए और वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया।

दरअसल दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सीट से 2009 के चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी टंडन को मैदान में उतारा गया। इसमें उन्हें 2,04,028 वोट मिले, जोकि वर्ष 2004 की तुलना में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम था। हालांकि, विपक्ष के प्रत्याशी से अधिक मत मिलने के चलते भाजपा को जीत मिली। इस चुनाव में भाजपा को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कमी बेहद खली। जिसका पूरा लाभ कांग्रेस को मिला। वहीं, 2004 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस का मत 27.93 प्रतिशत बढ़ गया। हालांकि, इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी 1,63,127 वोट पाने के बावजूद हार गईं। भाजपा की परंपरागत सीट पर 21.19 प्रतिशत वोट शेयर गिरने से संगठन सोचने पर मजबूर हो गया।

### राजनाथ ने तोडे.रिकॉर्ड

2014 में भाजपा ने राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा तो मतदान के सारे रिकॉर्ड टूट गए। भाजपा का वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया। राजनाथ सिंह ने इस चुनाव में 5. 61 लाख से ज्यादा वोट हासिल किए। कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2.88 लाख वोट मिले। इस चुनाव में राजनाथ सिंह ने लखनऊ से 2.77 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। इसी तरह 2019 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने 3.47 लाख से ज्यादा वोटों से भाजपा का परचम लहराया।

### इसलिए लखनऊ है महत्वपूर्ण

लखनऊ से भाजपा पिछले आठ चुनाव जीतती आ रही है। 1991 से पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। इसके बाद 2009 में लालजी टंडन और 2014 व 2019 में लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद रहे हैं। तीसरी बार फिर भाजपा ने राजनाथ सिंह पर ही भरोसा जताया है। बीते आठ चुनावों में अगर 2009 का लोकसभा चुनाव छोड़ दिया जाय तो भाजपा प्रत्याशी हर बार बड़े अंतर से जीतता रहा है। वोट शेयर भी समृद्ध बना रहा।

# चुनावी वाररूम में साथ रहेंगी कांग्रेस और सपा की टीमें, प्रदेश से लेकर जिला स्तर पर होंगी संयुक्त बैठकें

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर गठबंधन के तहत कांग्रेस और सपा के बीच रणनीति बनी है। इसके तहत दोनों पार्टियों के नेता प्रदेश मुख्यालय से लेकर जिला स्तर पर एक साथ ही बैठेंगे। चुनावी वाररूम में भी दोनों की संयुक्त टीमें होंगी। कांग्रेस और सपा के दो-दो वरिष्ठ नेता प्रदेश मुख्यालय में हर दिन वाररूम में मौजूद रहेंगे।

दोनों दलों के पांच-पांच वरिष्ठ नेताओं की एक अलग समन्वय समिति बनेगी, जो जिलों की स्थिति की निगरानी करेगी। प्रदेश स्तर पर बनने वाली यह समन्वय समिति लोकसभा चुनाव संचालन के लिए दिशा-निर्देश तय करेगी। हर लोकसभा में एक कांग्रेस और एक सपा नेता समन्वयक होगा। यह प्रदेश मुख्यालय से भेजे गए संदेश को अन्य नेताओं तक पहुंचाएगी। दोनों पार्टी के प्रवक्ता एक ही लाइन पर बयान जारी करेंगे। हर लोकसभा क्षेत्र में संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस होगी।

# राजनैतिक दल और अभ्यर्थी आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करें

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 16 मार्च 2024 से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु आदर्श आचार संहिता लागू की गयी है। जिसके अन्तर्गत राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को लागू हुयी आचार संहिता का पालन करने की अपेक्षा की गयी है।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जो भिन्न-भिन्न जातियों और समुदायों, चाहे वे धार्मिक या भाषायी हों, के बीच विद्यमान मतभेद को और अधिक बिगाड़े या परस्पर घृणा उत्पन्न करे या उनके बीच तनाव उत्पन्न करे। कोई भी प्रत्याशी दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी संबंधी आलोचना करने से बचेंगे। निर्वाचन के दौरान वोट हासिल करने के लिए किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थानों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। सभी राजनैतिक दल और अभ्यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि जो भ्रष्ट आचरण एवं अपराध की श्रेणी में आते हैं, जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण करना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्ति के पहले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना, और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए परिवहन आदि की व्यवस्था करना, जैसे कार्य नहीं करेंगे। आदर्श आचार संहिता के दौरान शांतिपूर्ण स्थित बनाये रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और अभ्यर्थी उसके विचारों या गतिविधियों से सहमत हों या न हों। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान राजनैतिक दल और अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में न तो बाधा खड़ी करें और न ही उन्हें भंग करेंगे। किसी भी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता द्वारा अन्य दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक बैठकों में मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछकर या अपनी स्वयं की पार्टी के पर्चे बांटकर अव्यवस्था उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी भी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाएगा, जहां दूसरे दल द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हो। किसी भी दल के द्वारा लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाए जाएंगे।

# टीबी मरीजों को रेड क्रॉस सोसाइटी ने लिया गोद

**लखनऊ।** राजधानी में 29 टीबी मरीजों को गोद लेने के साथ पोषण किट का वितरण किया गया है। बुधवार को इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी लखनऊ राज्य शाखा कैसरबाग में महासचिव हेमाबिन्दु नायक, उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, चेयरमैन ओपी पाठक, सचिव अमरनाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता की उपस्थिति में टीबी मरीजों को पुष्टाहार वितरित किया गया। जिसमें एक किलो भुना चना, एक किलो चने का सत्तू,एक किलो गुड़, एक किलो मूंगफली का दाना, एंव एक किलो का बार्नबिटा का डिब्बा, प्रत्येक मरीज को दिया गया।वहीं महासचिव हेमाविंदु नायक ने कहा क्षय रोग ला इलाज नहीं है सिर्फ 6 माह के इलाज से सभी मरीज ठीक हो जाते है और उन्होंने मरीजों को जागरूक करते हुए कहा कि खाँसते छींकते समय मुँह पर रूमाल या मास्क अवश्य पहने। जिससे दूसरे लोग संक्रमण के शिकार न हो। साथ ही चेयरमैन ओपी पाठक ने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## संक्षेप

### लिखिराम चौधरी ने इंडो नेपाल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 5 पदक जीते



गाजियाबाद । इंडो नेपाल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गाजियाबाद के लिखिराम चौधरी का दबदबा रहा। उन्होंने 65 व उससे अधिक आयु वर्ग में पांच इवेंटस में भाग लिया और सभी में पदक जीते। उन्होंने 2 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीतकर शहर का गौरव बढाया। काठमांडू के धर्मशाला स्पोटर्स स्टेडियम में इंडो नेपाल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 16 मार्च तक हुआ था। लिखिराम चौधरी ने हाई जम्प में 1.10 मीटर व जैवलीन थ्रो में 22.80 मीटर के रिकार्ड के साथ पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। डिस्कस थ्रो में 25.80 मीटर, लॉंग जम्प में 3.18 मीटर व शॉट पुट में 7.80 मीटर रिकार्ड के साथ वे दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक जीता। शहर के खेल प्रेमियों ने शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।

### नानक क्रिकेट अकैडमी ने बीसीए स्टार्स को 6 विकेट से हराया

गाजियाबाद। ट्राइडेंट स्पोटर्स क्लब पर चल रहे पहले आरएस मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का नवां मैच नानक क्रिकेट एकेडमी व बीसीए स्टार्स के बीच खेला गया। मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए नानक क्रिकेट अकैडमी 6 विकेट से आसान जीत दर्ज की। मैच में टॉस जीतकर बीसीए स्टार्स ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। आयोजक शुभम शर्मा ने बताया कि टीम 40 ओवर में 228 बनाकर आउट हो गई। श्रेष्ठ ने सबसे अधिक 57 रन की पारी खेली। साहिल बोहरा ने 46 रन का योगदान दिया। नानक चंद क्रिकेट एकेडमी के अल्ताफ खान ने 4 विकेट लिये। नानक क्रिकेट अकैडमी ने 229 रन का लक्ष्य 24 ओवर में ही 4 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। यश राणा ने 84 रन की शानदार पारी खेली। रोहन नागर ने 61 रन बनाये। यश राणा को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### एक शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर चढ़ा अलीगंज पुलिस के हत्थे

एटा। एक शातिर अवैध मादक पदार्थ तस्कर चढ़ा अलीगंज पुलिस के हत्थे, करीब 36 किलो गाँजा कीमत करीब 36 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद। मंगलवार को थाना अलीगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम पंचदा तिराहा के पास से एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर बबलू पुत्र हामिद हसन निवासी ग्राम गोटिया कलां थाना जैथरा जनपद एटा को करीब 36 किलोग्राम गाँजा व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल टीवीएस न0 यूपी 76 एएन 1788 सहित गिरफ्तार किया गया है। तथा एक अभियुक्त शमशाद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम गोटिया कलां थाना जैथरा जनपद एटा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

### वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का मनाया बलिदान दिवस

अलीगंज/एटा। अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जिन्होंने 1857 की क्रांति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ऐसी महान वीरांगना के 166वें बलिदान दिवस को अलीगंज के ग्राम अमरोली रतनपुर में उन्हें याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। विकासखंड अलीगंज के ग्राम अमरोली रतनपुर में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का 166वा बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के स्वाभिमान हेतु अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि हर साल 20 मार्च को बलिदान दिवस के रूप में मनाई जाती है। बता दें, रानी अवंतीबाई ने अपनी मातृभूमि पर ही देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। अवंती बाई के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है इस अवसर पर अमरोली रतनपुर में भी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दिलीप कुमार राजपूत पूर्व प्रधान, प्रदीप कुमार अध्यक्ष सहकारी समिति, संजीव कुमार राजपूत एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बलवीर सिंह, डा रामप्रकाश, नीलेश, ज्ञानसिंह, लवलेश कुमार, अंकित, मोहित , अभिषेक, अभय, अमृत सहित लोधी समाज के नागरिकगण उपस्थित रहे।

### जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमेठी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से परिवहन विभाग द्वारा निकाली गई बाइक रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से चलकर गौरीगंज कस्बे में विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। रैली में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने स्वयं बाइक चलाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त एआरटीओ प्रशासन व प्रवर्तन सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# घटना के छह दिन बाद सीओ के आदेश पर पीड़ित का अभियोग हुआ दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**



**जलेसर/एटा।** एक सप्ताह पूर्व गत 13 मार्च को दबंग माँ - बेटी द्वारा एक निर्बल व्यक्ति के साथ तहसील परिसर में की गई मारपीट और दूसरे दिन ग्राम प्रधान और उसके परिजनों द्वारा घर पर चढ़ कर पीड़ित की पत्नी व बेटियों को गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में मंगलवार की देर शाम आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज हो गया। सीओ कृष्णमुरारी दोहरे के आदेश पर कोतवाली पुलिस द्वारा यह अभियोग दबंग माँ -बेटी के अलावा ग्राम प्रधान व उसकी माँ तथा भाई के विरुद्ध दर्ज किया गया है। बता दें कि गत 13 मार्च 2024 को राकेश पुत्र गोदी सिंह तहसील परिसर स्थित सीओ चकबन्दी न्यायालय में अपनी तारीख कर अपने अधिवक्ता के विस्तर के सामने खड़ा था। सौरानी उर्फ पुष्पा पत्नी उल्फत सिंह निवासी ग्राम बाँधनू थाना सासनी जनपद हाथरस एवं अंजली पत्नी विकलेश द्वारा राकेश को पकड़ कर चप्पलों से पिटायी करना शुरू कर दिया। तहसील परिसर में मौजूद अन्य लोगो ने बड़ी मुश्किल से राकेश को दौनो महिलाओं से छुड़बाया गया। पीड़ित तहरीर लेकर थाना पहुंच गया। जहाँ पुलिस ने तहरीर ले ली गयी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। पीड़ित के अनुसार दूसरे दिन 14 मार्च 2024 को सुबह के समय वह खेत पर था तभी ग्राम प्रधान देवेन्द्र उसे प्रताड़ित करने के उद्देश्य से पिटायी वाले वीडियो को वायरल करते हुए प्रार्थी के घर के सामने खड़े होकर गांव बालों को दिखा रहा था। जब राकेश की बेटी अनीता ने इस बात का विरोध किया तो ग्राम प्रधान देवेन्द्र कुमार ने अनीता को अश्लील गाली देते हुए पैर से जूता उतार कर अनीता को मारने को दौड़ा। जिस पर अनीता ने दौड़कर घर में घुसकर दरवाजा बन्द कर लिया था। तभी ग्राम प्रधान ने अपने भाइयो और माँ आदि परिवार की महिलाओं को मौके पर बुला लिया। और घर में कैद राकेश की बेटियों और पत्नी को गन्दी गन्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकियां देते हुए दरबाजा खोलने को कहने लगा। परिजनों द्वारा घटना की जानकारी दिये जाने पर राकेश ने मोबाइल द्वारा 112 पुलिस डायल नम्बर तथा कोतवाली पुलिस को देनी चाही मगर कोई बात नहीं हो सकी। इसके बाद प्रार्थी ने एसएसपी एटा को कॉल कर घटना की जानकारी दी। एसएसपी एटा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस प्रार्थी के घर पहुंची और घर मे कैद परिजनों को घर से सुरक्षित निकाल कर जलेसर कोतवाली ले आयी। जहाँ पीड़ित द्वारा इस दूसरी घटना की तहरीर भी पुलिस को दे दी गयी। पीड़ित निरन्तर कोतवाली पुलिस के चक्कर काटता रहा। चार दिन बाद भी जब दौनो ही घटनाओं का अभियोग दर्ज नही होने पर आरोपी ग्राम प्रधान द्वारा द्वारा पीड़ित को सौरानी और उसकी पुत्री अंजली के द्वारा दुष्कर्म का झूठा मुकद्दमा दर्ज कराने की धमकियां दी जाने लगी। ग्राम प्रधान की धमकियों से आहत पीड़ित द्वारा सीओ कृष्णमुरारी दोहरे के समक्ष उपस्थित होकर दौनो तहरीरों को सौंपते हुए दौनो घटनाओं को बयां किया गया। जिस पर सीओ जलेसर द्वारा प्रभारी निरीक्षक जलेसर को तत्काल अभियोग दर्ज करने का आदेश दिया गया। सीओ का आदेश मिलने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा पीड़ित के साथ हुई घटनाओ का अभियोग दर्ज किया जा सका है।

### महिला उन्नत संस्था ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**नोएडा।** देश मे आगामी आम चुनाव मे महिलाओ की भूमिका को लेकर सामाजिक संगठन महिला उन्नति संस्था ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। नोएडा सैक्टर 44 स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे संस्थापक डा.राहुल वर्मा ने कहा कि देश मे लोकतंत्र है जिसमे जनता द्वारा सरकार चुनी जाती है अर्थात वोट करना हर व्यक्तित का अधिकार है जो हमे सरकार चुनने की ताकत देता है इसलिए हर व्यक्तित को मतदान अवश्य करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाना चाहिए । जिलाध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को शपथ दिलाते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण मे महिलाओ की अहम भूमिका सुनिश्चित करने के लिए सभी महिलाओ को लोकतंत्र के इस पर्व मे बढ चढकर भाग लेना चाहिए और अपना कीमती वोट एक सुशिक्षित समृद्ध विकसित राष्ट्र के निर्माण हेतु अवश्य करना चाहिए।

## भाजपा युवा मोर्चा का पटियाली विधान सभा में हुआ युवा सम्मेलन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का पटियाली विधानसभा में युवा सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने मंच से सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। साथ ही सरकार द्वारा अब तक किए गए जनकल्याणकारी कार्यों को बताया।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद राजवीर सिंह, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा केपी सिंह सोलंकी, विधायक सदर देवेंद्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर श्योराज सिंह, पूर्व विधायक ममतेश शाक्य ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने केंद्र सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए हैं। लोकसभा क्षेत्र एटा कासगंज के लिए रेल लाइन एक सौगात है। जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्ष भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुलदीप प्रतिहार ने अतिथियों का अभिनंदन किया। इस दौरान जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला, नीरज शर्मा, मेजर आशीष शाक्य, समर सिंह, केपी सिंह, आकाश दीप रानू, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रशांत राजपूत, राजू चौहान, मुकेश कुमार, विवेक कुशवाहा, सारांश वार्ष्णेय, विकास, प्रथम, जितेंद्र , प्रशांत, असरद, सुनील लोधी, गोलू, दुष्यंत मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा विभाग नें की छापेमारी

**अमेठी।** होली के पर्व पर लगातार छापेमारी कर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने भरे जा रहे हैं। 18 मार्च से चलाये जा रहे विशेष अभियान में अब तक खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रामगंज और जगदीशपुर से मैदा के दो नमूने लिए गए हैं। मुसाफिरखाना और अमेठी तहसील में खोया भट्ठीयों और कारोबारियों से खोये के चार नमूने लिए गए हैं। गौरीगंज और इन्हौना से बेसन के दो नमूने लिए गए हैं। इसके अलावा एक बर्फी का नमूना सेमरौता से, पनीर का नमूना अहोरवा भवानी से और रंगीन कचरी का नमूना अमेठी से लिया गया है। अमेठी बाजार में ही रंगीन कचरी का नमूना लेते वक़्त एक खाद्य कारोबारी द्वारा कचरी सड़क पर फेंक दी गई, जिसके विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संस्तुति प्राप्त होने पर FSS act की धारा-62 अंतर्गत कार्यवाही खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में आज भी खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापेमारी की गई और रामगंज से गुझिया का एक नमूना और ढेमा बाजार से मिल्क केक का एक नमूना लिया गया है।

## जिला आबकारी अधिकारी ने देशी विदेशी शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** जनपद में लोकसभा चुनाव व होली पर्व में कोई खलल न पड़े इसे लेकर आबकारी विभाग पूरी तरह से तैयार है। होली का समय नजदीक आने के मद्देनजर शराब माफिया पर नकेल कसने के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। आबकारी विभाग की टीमें मैदान में मोर्चा संभाले हुए हैं। शराब माफिया से निपटने के लिए हरसंभव तैयारी की गई है। अवैध शराब का निर्माण, परिवहन एवं बिक्री रोकने को दिन-रात चौकसी बरती जा रही है। संवदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं उप जिलाधिकारी अलीगंज प्रतीक त्रिपाठी, जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा व आबकारी निरीक्षक अनुराग सिंह मय टीम के साथ थाना अलीगंज, थाना जैथरा और थाना राजा का रामपुर में संचालित देशी विदेशी शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी के निरीक्षण से अनुज्ञापियों में अफरा-तफरी का माहौल दिखाई दिया। जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा ने बताया उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव व होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए अपनी टीम के साथ देसी विदेशी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि यदि प्रिंट रेट से ज्यादा पर शराब बेचने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही उन्होंने बारकोड के जरिए शराब की एक्सपायरी डेट की जांच की और सीसीटीवी कैमरा का निरीक्षण किया और कहा कि निर्धारित समय के बाद यदि दुकानें खुली मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दो दिन पूर्व नगर क्षेत्र के अरुणा नगर में युवक के गोली लगने की घटना का सफल अनावरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** दो दिन पूर्व नगर क्षेत्र के अरुणा नगर में युवक के गोली लगने की घटना का सफल अनावरण, घायल ने ही पूर्व की रंजिश के चलते दूसरे युवक को फंसाने के उद्देश्य से स्वयं को मारी थी गोली, प्रकरण में संलिप्त 07 आरोपी घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा सहित गिरफ्तार। 18 मार्च को वादी दिनेश यादव पुत्र मिलाप सिह निवासी खुशालगढ थाना रिजोर एटा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर इस आशय की तहरीर दी गई कि ललित पुत्र नामालूम निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली नगर एटा तथा उसके तीन अन्य साथियों ने वादी के पुत्र आर्यन के ऊपर जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली मार दी है जो उसके पेट में लगी है। इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-123/24 धारा 307 आईपीसी पंजीकृत कराया गया। 20 मार्च को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा की गई विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आए कि घायल द्वारा ही पूर्व की रंजिश के चलते दूसरे युवक को फंसाने के उद्देश्य से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर स्वयं को गोली मार ली थी। उक्त घटना में प्रकाश में आए सात अभियुक्तों को रेलवे स्टेशन एटा के पास से गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में अभिषेक पुत्र मुकेश अपने मित्र के साथ चोरी व लूट की योजना बनाते हुए पुलिस ने पकड़ा था।अभियुक्त अभिषेक ने पूछताछ के दौरान अपने साथ घटना में पहले गुट का आर्यन पुत्र दिनेश कुमार तथा विश्वराज पुत्र रविन्द्र का नाम झूठा लिखा दिया। इसी बात को लेकर प्रथम पक्ष के आर्यन यादव व उसके साथी अभिषेक से रंजिश मानने लगे।

### लोकसभा चुनावों से पूर्व एटा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**एटा।** बुधवार को थाना जैथरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांव परौली के जंगलों से एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए 08 बने तमंचे 315 बोर, 02 बने तमंचे 12 बोर, 01 बन्दूक 12 बोर, 01 पौनिया 12 बोर, 04 नाल तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित सुनील पुत्र ऋषि पाल को समय करीब 17.50 बजे गिरफ्तार किया गया तथा जुगनू उर्फ जोगिंदर पुत्र सुरेंदर सिंह अभियुक्त झाड़ियों का सहारा लेकर भाग निकला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। जो पूर्व में अन्य जनपदों में भी शस्त्र फैक्ट्री के मामलों में जेल जा चुके है।अभियुक्तगण पुराने खराब तमंचे सही करने का कार्य भी करते हैं। अभियुक्तगण तमंचे बनाकर एटा तथा आसपास के जनपदों में बेचते हैं और तमंचे बेचकर ही अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं।

## मतदाता को वोटर लिस्ट से वंचित न रखा जाए : जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को आर0आर0 पीजी कॉलेज अमेठी में विधानसभा अमेठी क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50% से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ/सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा अमेठी अंतर्गत 210 मतदान केंद्रों पर 50% से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें, नामांकन के आखिरी दिन तक मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सकता है, मतदाता सूची को पढ़ लें उसमें जो त्रुटियां हैं उसे ठीक कर ले। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि मतदाता सूची से किसी वोटर का नाम छूटने न पाए, आपके क्षेत्र में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में अभी तक जुड़ा नहीं है उनका नाम जोड़ दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में किसी भी वोटर का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान से पहले शत प्रतिशत मतदान पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि मतदान पर्ची सीधे परिवार के किसी सदस्य को दी जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान होना है उस समय भीषण गर्मी होगी सभी बूथों पर पीने का पानी, छांव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए तथा 20 मई को मतदान के दिन बुलावा टोली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का प्रयास किया जाए। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा जनपद की सभी विधानसभाओं में पत्र जारी कर लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, तहसीलदार अमेठी सहित बीएलओ व सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### सवाल बड़ा ! गौरैया दिवस पर ही इनको बचाने की लोगों में होती चर्चा

**बाराबंकी।** जिस आंगन नन्ही गौरैया की चहलकदमी होती थी वह आंगन आज सूने पड़े हैं बढ़ते प्रदूषण कटते पेड़ों की वजह से छोटी चिरैया अब लुप्त होने की कगार पर हैं यह देखते हुए गौरैया के संरक्षण को लेकर सरकार सहित समाजिक कार्यकर्ताओ ने गौरैया संरक्षण को लेकर वर्षो पहले मुहिम चलाई थी । अपवाद में जनपद बाराबंकी में गिनती के घर को छोड़कर , जो जानकारी प्राप्त शेष यह मुहिम अब ठंडी पड़ गयी । बस एक दिन गौरैया दिवस पर केवल इनके संरक्षण को लेकर दावे वादे किये जाते है उसके बाद गौरैया संरक्षण को लेकर कोई ठोस उपाय नही किये जाते जिससे वर्षो पूर्व गौरैया संरक्षण को लेकर बनाये गये घोसले अब सुने पड़े है । घर हमारे भले ही बड़े व पक्के ईटों के हो गए हैं पर दिल इतने छोटे कि उनमें नन्हीं-सी गौरैया भी नहीं आ पा रही घर-घर की चिड़यि गौरैया आज अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है।

## लोकतंत्र का सम्मान करें, सभी मतदान करें : मुख्य विकास अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के संबंध में आज 20 मार्च 2024 को शहर के धनोखर चौराहे पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अ. सुदन की उपस्थिति में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और जनपदवासियों को '20 मई को एक ही काम, सबसे पहले करे मतदान' का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस तरह के नुक्कड़ नाटक जनपद की सभी तहसीलों ब्लॉकों पर भी आयोजित करके अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा की संविधान में सभी नागरिकों को वोट देने का अधिकार प्रदान किया है। अपने वोट से मनपसंद जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। इसलिए लोकतंत्र का सम्मान करें सभी मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा इन गतिविधियों के लिए एक गूगल लिंक भी शेयर किया गया , जिससे जुड़कर जनपदवासियों ने इस प्रोग्राम को लाइव भी देखा।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरूकता विषयक नुक्कड़ नाटक समाप्त होने के पश्चात चौराहे पर उपस्थित जन समूह को मतदाता शपथ भी दिलाई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन हर तरह के प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप गतिविधि के अन्तर्गत शहर के धनोखर चौराहे पर नेहरू युवा केंद्र के वैलेंटियर्स के द्वारा एक नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक द्वारा किया गया।

### स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव हेतुसलीम सैफी में उठाई अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के निर्देश केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने दिए थे। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु जिलों में तीन वर्ष की कार्य अवधि पूरी कर चुके अधिकारियों का स्थानांतरण अन्य जिलों में किया जाना सुनिश्चित किया था। केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गाजियाबाद जिले में 7 वर्ष की कार्य अवधि पूरी कर चुके गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अपर सचिव सी पी त्रिपाठी का स्थानांतरण नहीं किया गया था।गाजियाबाद जिले में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष कराएं जाने के संबंध निर्वाचन आयोग को पत्र भेजा गया था। पत्र में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में निर्वाचन आयोग की नीति के अनुसार तीन वर्ष से अधिक की कार्य अवधि पूरी कर चुके अपर सचिव सी पी त्रिपाठी के स्थानांतरण किए जाने की मांग की थी।

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता स्वीप के संबंध में अति आवश्यक बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत बूथ स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के संचालन और मतदाताओं के मध्य जागरूकता बढ़ाए जाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य विकास अधिकारी एंव नोडल अधिकारी स्वीप डॉव अवधेश कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने स्वीप टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि नेहरू युवा केंद्र, युवा कल्याण अधिकारी द्वारा वॉलिंटियर्स को घर-घर भेज कर युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाए, युवक मंगल दल के कार्यकर्ता इस कार्य में उनका सहयोग करेंगे। सीडीओ ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री, सहायिका,आशा एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक ग्राम सभा में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें, स्कूल एवं कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता जागरूकता के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराकर उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराया जाएगा तथा समस्त विद्यालय में बुलावा टोली का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक नोडल अधिकारी स्वीप जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रकेश सिंह, जनपद स्वीप आईकॉन राजकुमारी सीमा वाष्णेय ,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण सशक्तिकरण अधिकारी अजीत कुमार, जिला युवा अधिकारी पुनीत गोयल, स्वीप सह आइकॉन अंजली गुप्ता, स्वीट कोऑर्डिनेटर स्वीप कोऑर्डिनेटर दयानन्द श्रीवास्तव, डायट प्रवक्ता सुधीर कुमार, प्रधान सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय अनूप कुमार द्विवेदी, मनीष कुमार, संजय शर्मा, विशाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### भद्रा होलिका दहन के लिए कराएगी लंबा इंतजार: आचार्य दीपक तेजस्वी

**गाजियाबाद।** आचार्य दीपक तेजस्वी ने कहा कि भद्रा काल के चलते इस बार होलिका दहन के लिए इंतजार लंबा होगा। रात्रि 11 बजे के बाद ही होलिका दहन का मुहूर्त है। आचार्य दीपक तेजस्वी ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 9.54 पर फाल्गुन पूर्णिमा तिथि शुरु हो जाएगी और यह 25 मार्च को दोपहर 12.29 पर खत्म हो जाएगी। यानि इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 25 मार्च को दोपहर तक ही है। ऐसे में होलिका दहन 24 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा तिथि में प्रदोष काल के समय होगा। होलिका दहन यानि 24 मार्च को भद्रा भी है और भद्रा के समय होलिका दहन करना शुभ नहीं होता है। इसी कारण होलिका दहन का मुहूर्त भद्रा काल खत्म होने के बाद रात्रि 11.13 बजे से रात्रि 12.27 मिनट तक है। यानि होलिका दहन के लिए 1 घंटे 14 मिनट का समय मिलेगा।

# सुखी नहरों में टेल तक जल्द पानी छोड़े जाने की सकिपा ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन से की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक जल्द ही पानी छोडे जाने की मांग की है। साथ ही जल्द पानी न छोड़े जाने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है। बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने जिले के कई क्षेत्रों की कई सुखी नहरों जैसे रामगंगा नहर, करारी माइनर, पथरावा माइनर, धमावा माइनर, गौरा माइनर, टेंवा माइनर आदि का स्थलीय जायजा लिया और किसानो से मुलाकाग की।



किसानों से वार्ता के ऋम में किसानो ने नहरों में पानी न आने से रबी की फसलों के सूखने की अजय सोनी से बात कही। किसानो का कहना था कि नहरों में पानी न आने से रबी की फसलें सूख रही है और सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन खामोश है। इस अवसर पर अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द जिले की रामगंगा नहर, करारी माइनर, पथरावा माइनर, धमावा माइनर, तुसलीपुर माइनर, टेंवा माइनर, गौरा माइनर समेत जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक जलापूर्ति करवाने की मांग की हैं। अजय सोनी के मुताबिक किसानो की रबी की फसलें सूख रहीं हैं और रामगंगा नहर, करारी माइनर नहर, टेवा माइनर समेत जिले की अधिकतर नहरो में पानी नही आ रहा है जबकि इस समय किसानो को सिंचाई के लिए पानी चाहिए। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि सिंचाई

☞रामगंगा नहर, करारी माइनर, टेवा माइनर समेत जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक पानी छोड़ा जाए- अजय सोनी

विभाग किसानो की समस्याओ की अनदेखी कर रहा है जिसके चलते किसान परेशान हैं। आगे कहा कि रामगंगा नहर, करारी माइनर नहर समेत जिले की सभी सुखी नहरों में टेल तक जल्द ही पानी नही छोड़ा गया और किसानो की समस्यायों की अनदेखी की गई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। इस अवसर पर भगवानदास वर्मा, आर डी यादव, रामहरी सिंह, राधे श्याम तिवारी, उत्तम कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## रमजान में रोजे का महत्व

**सिराथू, कौशाम्बी।** इस्लाम को मानने वालों के बीच रमजान का अत्यधिक धार्मिक महत्व है। इस पवित्र महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग 30 दिन तक रोजे रखते हैं। सुबह से लेकर शाम तक वो कुछ भी नहीं खाते-पीते हैं। इस दौरान रोजा रखने वालों को इस महीने में खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। थोड़ी सी लापरवाही उन्हें बीमार कर सकती हैं।ऐसे में अगर आपने रोजा रखे हैं तो सहरी और इफ्तार में ऐसी चीजों को शामिल करें जिससे आपको कमजोरी न आए और एनर्जी का लेवल भी हाई रहे। शरीर में विटामिन, मिनरल और दूसरे पोषक तत्वों की कमी न हो इसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डाइट में कुछ खास चीजों को शामिल करने की सलाह ही है। डब्लूएचओ के मुताबिक अगर रमजान के महीने में आप निरोग रहना चाहते हैं तो इसके लिए हेल्दी डाइट बहुत जरूरी है। हेल्दी डाइट में तरह-तरह के फल, डेयरी प्रोडक्ट, फलीदार हरी सब्जियां, बींस, दाल जैसी चीजों को शामिल करना चाहिए।

# क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी ने महेवाघाट मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी द्वारा थाना महेवाघाट के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## कोखराज पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने किया एरिया डोमिनेशन

कौशाम्बी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# दो पक्षों में हुआ जमकर बवाल, मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** थाना सिविल लाइंस इंदिरा भवन बाजार में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। सिविल इंदिरा भवन की शॉप नम्बर जी 28 ग्राउंड फ्लोर ज्ञान मोबाइल शॉप दुकानदार के दुकान मे घुसकर दर्जनों अज्ञात लड़कों ने तोड़फोड़ की।



जानकारी के अनुसार कृष्णा मिश्रा नामक युवक जो मोतिसिनगंज प्रयागराज का रहने वाला है युवक कक्षा 8 का छात्र है वह ज्वाला देवी इंटर कॉलेज में पड़ता है। ज्ञान मोबाइल शॉप में उसका परिचय था जहां वह परिचय होने के कारण आता जाता था।

बुधवार को अचानक दर्जनों लड़के आए कृष्णा मिश्रा को मारने पीटने लगे किसी तरह जान बचाकर ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर भागा। लड़के ज्ञान मोबाइल शॉप के अंदर घुसकर से मारपीट करने लगे और दुकान मे तोड़फोड़ कर दी। कृष्णा मिश्रा ने बताया कि हमारे स्कूल के लड़कों के कहने पर यह लोग मुझसे पैसे वसूलने आए थे पैसे नहीं देने पर मारपीट करने लगे मैं उनलोगो को जानता भी नहीं हूँ ये लोग जबरदस्ती मुझे गुंडा टैक्स वसूल रहे हैं। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस तीन लड़कों को हिरासत में ले लिया लड़के अशोक नगर के रहने वाले एक लड़के का नाम अमर है दो अज्ञात बाकी सब फरार हो गए पुलिस जांच कर रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया श्री खाटू श्याम प्रभु फाल्गुन महोत्सव

**प्रयागराज।** श्री राधेश्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम प्रभु फाल्गुनोत्सव में हजारों की संख्या में श्री श्याम भक्तों ने निशान नगर भ्रमण यात्रा में श्री राजर्षि मण्डपम् सम्मेलन मार्ग से यात्रा प्रारम्भ करके मानसरोवर चौराहा, अग्रसेन चौराहा, घंटाघर से हीवेट रोड साउथ मलाका होते हुये झूमते नाचते गाजे बाजे के साथ श्री खाटू श्याम मंदिर पथरचट्टी रामलीला प्रांगण में निशान अर्पित किये।



सायंकाल भजन संध्या में कानपुर के भजन गायक सुरजीत सिंह %अलबेला% के गाये भजनों ÷प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, कलियुग के राजा खाटू नरेश÷ एवम् ÷दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से÷ का भक्तों ने भरपूर लुत्फ उठाया। बरेली की विख्यात गायिका अंजली द्विवेदी द्वारा प्रस्तुत ÷आये हैं यहाँ पर जितने जीवन हार कर, जीवन सुधार दिया श्याम ने निहार कर÷ ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रयागराज की रोमा निषाद की प्रस्तुति ÷दानी हो कर क्यूं चूप बैठा है÷ तथा खाटू में होली की धमाल के मारो पिचकारी भर-भर के÷ का भक्तों ने भरपूर आनन्द लिया।

इस महोत्सव में श्री खाटू श्याम मंदिर भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों की प्रभुप्रिय माखन मिश्री एवं छप्पन भोग का वितरण किया। रंग भरी एकादशी में श्री श्याम रसोई में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी ट्रस्ट के महामंत्री मनोज गोयल ने दी।

# मटियरा के अधेड़ की खाड़ी देश में हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक अधेड़ की खाड़ी देश में छत से गिरकर इलाज के दौरान मौत हो गई ,अधेड़ की मौत की सूचना पर घर परिवार में कोहराम मच गया, स्वजन मृतक के शव अपने घर लाने के लिए प्रयासरत है।



फाइल फोटो

बताया जाता है की सैनी कोतवाली क्षेत्र के रूप नारायण पुर गोरियों का मजरा मटियरा निवासी विजय सिंह पुत्र स्व राम स्वरूप राजगीर है लगभग ढाई साल पहले विजय रोजीरोटी के सिलसिले में दुबई गया था जहां राजगीरी का काम करता था , स्वजनों की माने तो रविवार को अधेड़ विजय सिंह छत से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , जिसके बाद स्थानीय लोगो ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान अधेड़ की मौत हो गई , अधेड़ की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया , अधेड़ के दो पुत्र व एक पुत्री है बड़ा पुत्र मुंबई में है , छोटा पुत्र सऊदी अरब में है , फिलहाल स्वजन अधेड़ के शव को घर लाने के लिए प्रयासरत है।

# नए यमुना पुल से कूदे युवक की लाश बरामद

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के नए यमुना पुल से मंगलवार की शाम कूदे युवक की लाश बुधवार की सुबह गोताखोरों ने काफी मसक्कत करने के बाद पानी से ढूंढ निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार करछना थाना क्षेत्र के घटवा नवेदा सोनाई निवासी युवराज सिंह ( 45 ) वर्षीय पुत्र गुलाब सिंह मंगलवार की शाम को तकरीबन 6ः00 बजे नए यमुना पुल से पानी में छलांग लगा दी। इसके पहले वह मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। कूदने के पहले उसने मोबाइल को पुल पर छोड़ दिया था। राहगीरों की सूचना पर इलाकाई पुलिस पहुंची। जल पुलिस एवं गोताखोरों को लगाया गया। अंधेरा होने की वजह से लाश को बरामद नहीं किया जा सका। बुधवार की सुबह पुनः जल पुलिस एवं गोताखोरों को पानी में उतारा गया। काफी मशक्कत करने के बाद गोताखोरो ने लाश को पानी से ढूंढ निकाला। पुल पर मिले मोबाइल में अंतिम काल पर फोन करके घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिवारी जन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। एक बातचीत में जेल रोड चौकी प्रभारी विकास आनंद वर्मा ने बताया, कि अंतिम काल उसने अपनी पत्नी से किया था। फिलहाल घटना का कारण जांच के बाद ही पता चलेगा।

# आईएमए सदस्यों ने सीखे प्रबंधन के गुर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद प्रबंधन एसोसिएशन ने इफको (भारतीय किसान उर्वरक सहयोग लिमिटेड) फूलपुर इकाई के लिए एक औद्योगिक यात्रा का आयोजन किया। यह विश्व स्तर पर सबसे प्रमुख सहकारी बहु-राज्य समितियों में से एक है, जो पूरी तरह से भारतीय सहकारी समितियों द्वारा संचालित है।यह संयंत्र 1980 में चालू किया गया था और अब 2955 एमटीपीडी अमोनिया और 5145 एमटीपीडी यूरिया का उत्पादन करता है।प्रशिक्षण प्रबंधक आर.के. पांडेय और अनुराग तिवारी ने सदस्यों को अमोनिया और यूरिया की निर्माण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।फिर हमें अलग-अलग इकाइयों जैसे अमोनिया संयंत्र, यूरिया संयंत्र, नियंत्रण इकाई, सांद्रण इकाई, भराई और पैकिंग अनुभाग आदि में ले जाया गया।इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के 30 सदस्य बहुत उत्साहित और जिज्ञासु थे और उन्होंने बहुत कुछ सीखा। डॉ शांति चौधरी पीआरओ ने यात्रा के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और रवि प्रकाश अध्यक्ष ने सब कुछ व्यवस्थित किया और रसद का ख्याल रखा।



# राहुल की बदौलत जय सेल्स वॉरियर्स फाइनल में

**प्रयागराज।** राहुल राजपाल के आतिशी अर्धशतक ( 77 रन, 38 गेंद, छह चौके, सात छक्के ) के दम पर जय सेल्स वॉरियर्स ने जमुना क्लब को पांच विकेट से हराकर रामबाबू पाल एवं मनोज यादव स्मृति प्रयागराज कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली। पराजित टीम के निखिल शर्मा ( 85 रन, 49 गेंद, चार चौके, आठ छक्के ) का अर्धशतक अर्थहीन सिद्ध हुआ।

डीएवी कालेज मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टॉस हारकर जमुना क्लब ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 187 रन (निखिल शर्मा 85, मयंक दुबे 27, तेजस मिश्र 24, आदर्श मिश्र 3/24, प्रथम मिश्रा 2/24, शशांक मेहरोत्रा 2/33) बनाकर बनाए। जवाब में जय सेल्स वॉरियर्स ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 190 रन (राहुल राजपाल 77, शिवाकांत शुक्ला 35, रवींद्र आनंद 23 नाबाद, सिद्धार्थ मिश्र 18, मयंक दुबे 3/26) बना लिए। राहुल को रेलवे के रणजी क्रिकेटर राकेश मिश्र ने जस्टिस ग्रुप ऑफ क्रिकेट की तरफ से मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अरुण कुमार व अभिषेक मिश्र ने अंपायरिंग एवं खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को फाफामऊ क्लब और दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की बीच सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।





# युवराज,महिमा,शैली,दिव्यांशी,आयुषी,मुस्कान,अश्वनी,मंजू ने बनाई बढ़त

**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग स्पोर्टस अकादमी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय %प्रयागराज ओपन शूटिंग चैम्पियनशिप% का आगाज बुधवार को बालसन चौराहा स्थित अकादमी के हॉल में हुआ।



पहले दिन ईगल आई के सबसे छोटे निशानेबाज युवराज वर्मा के साथ-साथ अपने वर्ग में महिमा तोमर, शैली कुशवाहा, दिव्यांशी, आयुषी, मुस्कान, अश्वनी मौर्या, मंजू सिंह ने बढ़त बना रखी है।

चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता नीरज अग्रवाल ने किया। अकादे मी के राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत और पिस्टल कोच विजय चंदेल कार्यक्रम का संचालन किया। इस चैंपियनशिप में नौ जिलों के लगभग 250 निशानेबाज प्रतिभाग कर रहे है। विजेताओं को पदक, ट्रॉफी के साथ-साथ नगद धनराशि भी दी जायेगी।

# अधीक्षक ने दो पीएचसी का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**सरसवां, कौशाम्बी।** कौशाम्बी पदभार संभालते ही एक्शन में दिखे अधीक्षक प्रसून जायसवाल पीएचसी अधीक्षक डॉ प्रसून जायसवाल ने मंगलवार को पीएचसी पश्चिम शरीरा और बैरमपुर का निरीक्षण किया।पीएचसी पश्चिम शरीरा में दो दिनों से अनुपस्थित स्टाप नर्स नीलम केशरवानी का वेतन रोककर स्पष्टीकरण मांगा है और लेबर रूम में गंदगी को देखकर नर्सों को फटकार लगाते हुए तुरत सफाई कराई व गंदे बिस्तर के कपड़ो को तत्काल बदलने का निर्देश दिया और साथ ही दवाओं का रखरखाव सहित अभिलेख देखे और साथ ही अस्पताल का निरीक्षण किया।



अधीक्षक प्रसून जायसवाल ने बैरमपुर पीएचसी के निरीक्षण में परिसर में गंदगी को देखकर मौजूद कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराई गई। साथ में रहे हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर राम सिंह मौजूद रहे।

# करारी में बिना टेंडर के बेंच दिया गया लाखों का कबाड़.....!

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** स्थानीय नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। यहां ज्यादातर काम कागजो में हो रहा है। फर्जी बिल बनाकर धन निकाल लिया जा रहा है। यहां तक लाखों रुपये का कबाड़ बिना टेंडर के बिक गया। कस्बे के एक सभासद ने इस बात की शिकायत के डीएम व नगर विकास मंत्री से की गई है।

करारी नगर पंचायत गढ़ही पर के सभासद रफीक अहमद का आरोप है कि नगर पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। यहां पर सारा खेल धरातल पर न होकर सिर्फ कागजों में हो रहा। नगर पंचायत में रखा लाखों रुपए का प्लास्टिक व लोहे का कबाड़, पुरानी बैटरी हैंडपंप का समान, तीन पहिया रिक्सा आदि बिना टेंडर के बेंच दिया गया। इतना ही नहीं फर्जी बिल बनाकर धन निकाला जा रहा है। इस संबंध में जब कोई सभासद आवाज उठाता है तो उसे धमकी दे कर मुंह बंद करा दिया जाता है। वह शिकायत जिम्मेदार से करते तो कोई सुनवाई नहीं होती। सभासद रफीक अहमद ने इसकी शिकायत डीएम व नगर विकास मंत्री से की है। ईओ अजय निषाद का कहना है कि सभासद द्वारा लगाए गए आरोप की वह गंभीरता से जांच कराएंगे यदि कोई दोषी मिलेगा तो सख्त कार्रवायी कराई जाएगी।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार जख्मी हो गया, हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।पईसा थाना क्षेत्र के जवई निवासी संतोष कुमार पुत्र राधे श्याम बुधवार को जवई पडरी पुल के पास अपने साथी उमेश कुमार से नशे की हालत में विवाद कर रहा था , और भागते भागते अफजलपुरवारी की ओर से आ रहे बाइक सवार से भीड़ गया। हादसे में बाइक सवार छिटककर गिर गया वही संतोष कुमार जख्मी हो गया। हादसा देख आसपास मौजूद लोगो ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# औद्योगिक थाने की पुलिस ने लवायन के कछार में की छापेमारी 03 अभियुक्त गिरफ्तार

## काफी मात्रा में शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद

**नैनी ( प्रयागराज )।** औद्योगिक थाने की पुलिस ने बुधवार की सुबह लवायन कला गंगा के कछार में अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ जबरदस्त छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मौके से शराब के कारोबार में लिप्त तीन लोगों को पकड़ कर काफी मात्रा में शराब एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद कर शराब की कई भट्टीयों एवं लहन को नष्ट किया।



मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाने की पुलिस टीम ने बुधवार की सुबह तकरीबन 8ः00 बजे लवायन गंगा के कछार में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जबरदस्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से इस कारोबार में लिप्त तीन लोगों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 60 लीटर अवैध देशी कच्ची महुआ शराब, 200 ग्राम नौसादर, 1 किलोग्राम यूरिया, शराब बनाने के उपकरण, 05 टीना, 05 नलकी, 05 कुप्पी 05 पतीला, 05 कांच की बोतल), व 40 प्लास्टिक के डिब्बे से करीब 6 कुंतल लहन बरामद कर 05 शराब की भट्ठी को नष्ट किया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने अपना नाम

मुण्डाली निषाद पुत्र कल्लू निषाद निवासी ग्राम लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र, दिनेश निषाद पुत्र स्व0 त्रिभुवन निवासी ग्राम लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र.सिपाहीलाल पुत्र स्व0 रामदुलार निवासी ग्राम लवायन कला थाना औद्योगिक क्षेत्र बताया। पुलिस ने पकड़े गए सभी के खिलाफ धारा 60 (2)/(63) आबकारी एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

# भाजपा सरकार में व्यापारी किसान मजदूर एवं बेरोजगारों का हो रहा है शोषण:स्वामी प्रसाद मौर्या

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्रीय शोषित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा को निशाने पर लिया है उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया एलाइंस गठबंधन का समर्थन करेगी बुधवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय शोषित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारी किसान मजदूर एवं बेरोजगारों का जमकर शोषण हो रहा है





जीएसटी व ईडी के माध्यम से बीजेपी व्यापारियों का उत्पीड़न कर रही है किसानों पर रबड़ के गोले दागे जा रहे हैं एमएसपी का लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है किसान परेशान है।आज भाजपा सरकार ने करोड़ों करोड़ों युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है ईडी व सीबीआई के माध्यम से विपक्षी पार्टी के नेताओं को निशाने पर लिया जा रहा है

लोकसभा चुनाव का बिल्कुल बज चुका है ऐसे में भाजपा को हराने के लिए राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी इंडिया एलाइंस गठबंधन का समर्थन करेगी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर श्री मौर्य ने कहा कि इंडिया एलाइंस गठबंधन जिसे भी उम्मीदवार बनाएगी पार्टी उसका समर्थन करेगी कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोरी सुभाष चंद्र लहरी ने भी संबोधित किया प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जिला स्तर से विधानसभा स्तर एवं बूथ स्तर पर जल्द ही विस्तार करेगी और आगामी विधानसभा के चुनाव में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी इसके पहले कार्यक्रम के आयोजक प्रेमचंद मौर्या धुन्नी मौर्य के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का माला पहनकर स्वागत किया इस मौके पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के संरक्षक साहेब सिंह धनगर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप चैधरी षत्रोहन मौर्या पूर्व अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक, उत्कृष्ट मौर्य अशोक जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रपाल पासी पूर्व ब्लाक प्रमुख डलमऊ सियाराम पाल रामगोपाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश मौर्या राजेंद्र मौर्य भवानी भीख मुकेश कुमार शिवनारायण मौर्य संतोष मौर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खबर का असर:सीएमओ की झोलाछाप डॉक्टर पर बड़ी कार्रवाई

## कैंसर इलाज का फर्जी क्लीनिक कराया बंद, कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश



**सैयद मोहम्मद अलीम**

**लहरपुर,सीतापुर ।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर पांडे सराय में एक झोला छाप, कैंसर के इलाज के नाम पर चला रहा अस्पताल। शीर्षक से प्रकाशित खबर का सीएमओ डॉक्टर हरपाल सिंह टीम का गठन करवा कर कराई जांच टीम ने नोटिस देकर अस्पताल को कराया बंद।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पूरनपुर पांडे संराय में काफी समय से कैंसर के इलाज के नाम पर गांव का मनमोहन शुक्ला पुत्र रामू शुक्ला भोले भाले ग्रामीण मरीजों को 2000 फीस लेकर कैंसर के इलाज के नाम पर ठगने का कार्य कर रहा था जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई, विगत सोमवार को मुक्त चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से नोडल अधिकारी क्वैक्स डॉक्टर अनूप श्रीवास्तव व उनकी टीम के द्वारा कैंसर क्लीनिक की जांच की गई तो क्लीनिक जांच में बंद पाई गई,

इस संबंध में उन्होंने बताया कि क्लीनिक का संचालन अपंजीकृत चिकित्सक द्वारा किया जा रहा था, क्लीनिक जांच के दौरान बंद पाई गई, क्लीनिक में किसी भी मानक का पालन नहीं किया जा रहा था इसलिए नोटिस देकर क्लीनिक के सभी चिकित्सीय कार्य बंद करा दिए गए हैं। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर आनंद मित्रा की टीम ने उक्त क्लीनिक की जांच की उन्होंने बताया कि क्लीनिक झोलाछाप के द्वारा संचालित की जा रही थी मौके पर विसवां का एक मरीज अपने कैंसर के इलाज के लिए मिला था जिससे दो हजार रुपये फीस ली गई थी, क्लीनिक को बंद कराकर जांच रिपोर्ट अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई है।

### झोलाछाप दांत का डॉक्टर बना चर्चा का विषय

#### किसी भी समय हो सकती है स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**लहरपुर,सीतापुर ।** नगर में मकड़जाल की तरह अपना साया बनाए दांत वाले डॉक्टरों एवं बिना कागजों पर संचालित हो रही पैथोलॉजी पर आखिर क्यों खामोश है स्वास्थ्य महकमा। न डिग्री न डिप्लोमा फिर भी कब तक अपने मकड़जाल में फंसाकर झोलाछाप डॉक्टर चूसते रहेंगे गरीब जनता का खून।



आपको बताते चलें की नगर के शहर बाजार वफ्फ मार्केट हरगोविंद वर्मा गन हाउस के नीचे न कोई डिग्री न कोई डिप्लोमा बंगाली नाम से मशहूर दांत के डॉक्टर संदीप कुमार व परागशाह चौराहे पर महाराजा पैथोलॉजी का बोर्ड लगाए अंदर मां पैथोलॉजी, व शहर बाजार बड़ी मस्जिद के पास पेशेंट केयर पैथोलॉजी, व वाहिद हॉस्पिटल के बगल कोलैप पैथोलॉजी, छावनी पुलिया पर यूनिक पैथोलॉजी, काफी चर्चा में बनी हुई है । सूत्र यह भी कहते हैं कि डॉक्टर बंगाली ने अपनी फीस भी निर्धारित कर रखी है । दाढ की सफाई फीस दो सौ रुपए,दाढ उखड़वाने के तीन सौ रुपए दवाई बगल में स्थित मेडिकल स्टोर से वाकायदा शहर बाजार बस अड्डे वाली बिल्डिंग में स्थित गन हाउस के नीचे स्थित दांतों के डाक्टर संदीप कुमार के द्वारा भी भोली भाली जनता से विना कोई जांच करवाएं मशीन द्वारा दांतों की सफाई एवं उखाड़ना डाक्टर संदीप बंगाली की दिनचर्या में शुमार है। इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक आनंद मित्र से बात की तो उन्होंने बताया सूचना मिली है टीम का गठन करवा कर निश्चित ही ऐसे फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी स्वास्थ विभाग पर भारी है प्राइवेट पैथालॉजी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर ।** मामला स्वास्थ विभाग की पोल खोल देने वाला साबित हो सकता है। जरा सोंचिए कि जब सीएचसी महमूदाबाद के इमरजेंसी वार्ड में मरीज आएं और नियुक्त चिकित्सक की जगह अन्य चिकित्सक उसे देखे और पर्चे में महंगी दवा लिखने के साथ साथ प्राइवेट पैथालॉजी के लोगों को बुलवाकर सैंपल भी करवाने लगे तो नजारा क्या होगा? हम बात कर रहे हैं खुरवल में चिकित्सक के पद पर तैनात डॉक्टर एस एन गुप्ता की जो बिना नियुक्ति के ही सीएचसी महमूदाबाद में मरीजों को देखते हैं और हमेशा सीएचसी में स्थायित्व बनाए हुए हैं। ऐसे में जब भी कोई मरीज परामर्श हेतु आता है तो डॉक्टर उनके पर्चे में महंगी दवा लिख बाहर के मेडिकल से खरीदने पर जोर देते हैं। इतना ही नही डॉक्टर की कृपा मरीजों पर इस कदर है कि पास ही के साई डायग्नोस्टिक के लोग भी आस पास घूमते दिखते हैं और सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड के अंदर ही मरीजों का सैंपल ले लेते हैं। दरअसल,ऐसा हो तो क्यों ना हो क्योंकि पैथालॉजी संचालक भी तो अपने डॉक्टर साहब के लिए चाय ,पकौड़ी,समोसा लाते हुए अक्सर दिखाई देते हैं। वैसे डॉक्टर एस एन गुप्ता और पैथालॉजी संचालक अनूप अक्सर एक साथ दिखाई पड़ते हैं और दोनों की जोड़ी जय वीरू वाली देखने में भी लगती है। कई बार आए हुए मरीज भी पैथालॉजी संचालक को सरकारी कर्मचारी समझकर परामर्श भी ले लेते हैं। संचालक भी बड़े चाव से मरीजों को अपने ही डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच करवाने की सलाह देने में नही चूकता है।इससे ये मालूम पड़ता है कि मोटे कमीशन के चलते यह खेल बड़े स्तर पर चल रहा है।

### क्या बोले सीएचसी अधीक्षक

मामले को लेकर सीएचसी अधीक्षक आशीष कुमार सिंह ने बताया की यह बात उनके संज्ञान में आई है। डॉक्टर एस एन गुप्ता इस सीएचसी में नियुक्त नही हैं उनकी नियुक्ति पीएचसी खुरवल में है। परिसर में उच्च अधिकारियों द्वारा सभी जरूरी दवाएं पहले से सीएचसी को मिली हुई हैं। किसी भी प्राइवेट पैथालॉजी द्वारा सीएचसी के भीतर जांच हेतु सैंपल लेना गैर कानूनी है।मामले की जांच कर विधिवत कार्यवाही की जाएगी।

### पट्टे की जमीन पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा पट्टा धारक को जान से मारने की दे रहे धमकी

**सीतापुर ।** तहसील लहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पट्टी दहेली निवासी मालती देबी पत्नी स्वर्गीय रामनरेश की जमीन पर दबंगई से अबैध कब्जा करने वाले ग्राम पंचायत रतौली के निवासी, मुन्ना लाल पुत्र रामेश्वर,बीरेन्द्र उर्फ झाबुल,रामू पुत्र मोतीलाल,कन्हैयालाल आदि पुत्र माधौराम,रामलखन पुत्र बहादुर,आदि सभी लोग दबंग,झगड़ेलू प्रकति के हैं आपको बता दें इस जमीन पर अवैध कब्जेदारों के पास किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं हैं फिर भी दबंगई से कब्जा किये हैं उपरोक्त जमीन पट्टा धारक ने जिलाधिकारी महोदय सीतापुर को प्रार्थनापत्र दिनांक 19 फरवरी को दिया गया जिसकी जांच में क्षेत्रीय कानूनगो व लेखपाल महोदय आज दिनांक 20 मार्च को गांव आए बिवादित जमीन स्थित मौका देखकर अबैध कब्जेदारों से कहा कि जब तक इस जमीन की पैमाइश नहीं हो जाती तब तक किसी प्रकार का कब्जा व निर्माण कोई नहीं करेगा

# दस दिन से लापता पांच वर्षीय बच्चे का कुएं में मिला शव, हत्या करने का लगा आरोप

## गांव के ही युवक पर हत्या की आशंका, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**महमूदाबाद,सीतापुर ।** रामपुर मथुरा थाना इलाके में दस दिन से लापता पांच वर्षीय बच्चे का शव कुएं में उतराते हुये मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या की आशंका जताया।परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने कुएं में ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। 5 वर्षीय बच्चे की मौत से परिवार व गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर जाँच शुरू कर दी है ग्रामीणों की जानकारी के अनुसार थाना रामपुर मथुरा इलाके के ग्राम लोधनपुरवा निवासी आदित्य 5 वर्ष पुत्र रामचन्द्र बीती 11 मार्च की शाम को अचानक लापता हो गया। आपको बताते चले कि बुधवार की दोपहर ग्रामीणों ने कुएं में शव उतराता देखकर

की सूचना स्थानीय पुलिस स्टेशन को दी। बच्चे की तलाश में जुटे परिजन और सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सीढ़ी डालकर मासूम बच्चे के शव को बाहर निकलवाया। बच्चे के शव की हालत देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक श्रीराम पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि 11मार्च को ही श्रीराम के घर शादी समारोह का आयोजन था जहां पर मृतक मासूम आखिरी बार खेलते हुए ग्रामीणों ने देखा था जिसके बाद वहा से लापता हो गया।पुलिस ने आशंका के आधार पर युवक श्रीराम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा महेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाहिसक की जाएगी।

### थाना इमलिया सुल्तानपुर में अपराधियो के हौसले बुलंद

**इमलिया सुल्तानपुर,सीतापुर ।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर के द्वारा जहाँ एक तरफ चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था को लेकर सम्बंधित अधीनस्थ को समय समय पर दिशा निर्देश दिए जाते है , जिससे जनपद में शान्ति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत भी महिला पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को सुरक्षा की दृष्टि की ध्यान में रखकर आवश्यक नम्बर देकर जागरूक किया जाता है । ताकि वक्त जरूरत वह अपनी सुरक्षा में पुलिस सहायता ले सके । पुलिस अधीक्षक के जारी हर आदेश के बाद भी जनपद के थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र अंतर्गत जारी आदेश फीके नजर आ रहे है । और अपराधियों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे, अपराधी अपराध करने के बाद पीड़ित को खुले आम घर में घुसकर छेड़छाड़ किया । इमलिया पुलिस आए दिन अपने नए-नए कारनामों की वजह से सुर्खियों में बनी रहती है चाहे वह मामला मैनेज का खेल हो या फिर तहरीर बदलवाने का ।

# चौरासी कोसीय होली परिक्रमा मेले का हुआ आगाज

## लाखों परिक्रमार्थी करेंगे मिश्रित तीर्थ की पंचकोसीय परिक्रमा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिश्रित,सीतापुर ।** महर्षि दधीचि की पावन तपोभूमि का विश्वविख्यात चौरासी कोसीय धार्मिक होली परिक्रमा मेला चल रहा है।जिसका कल दसवां पड़ाव कोल्हुवा बरेठी चित्रकूट पहुंचा यहां सभी परिक्रमार्थी बैद्यनाथ धाम सहित अन्य दार्शनिक स्थलों के पूजन दर्शन कर चित्रकूट नामक स्थान पर रात्रि बिश्राम करने के पश्चात भोर होते ही आज ग्यारहवें पड़ाव कस्बा मिश्रित पहुंचा यहां परिक्रमार्थी पांच दिनों तक रैन बसेरा करते हुए पंचकोसी परिक्रमा करेगें।पूर्णिमा तिथि को पवित्र दधीचि कुंड तीर्थ में बुड़की स्नान करके और आतिशबाजी देखकर अपने अपने ग्रह जनपदों को प्रस्थान करेगे।

### एक दिन पहले हो गई संत महंतो की शाही स्नान

विश्वविख्यात मिश्रिख. नैमिषारण्य आदि काल से एकादशी तिथि को संत,महंतो, मठाधीशों व्दारा दधीचि कुंड तीर्थ में शाही स्नान की जाती थी ।परन्तु इस बार संत महंतो ने एक दिन पहले दशमी तिथि को ही दधीचि कुंड तीर्थ में हाथी, घोड़ा,पालकी सजाकर शाही स्नान कर ली है।

इस सम्बंध में चौरासी कोसी होली परिक्रमा मेला के अध्यक्ष पहला आश्रम के महंत नारायणदास व हरैंइया आश्रम के महंत ने जानकारी देते हुए बताया है।कि हमारे आश्रम के सभी संत हमारे याथ दसवें पड़ाव चित्रकूट आश्रम पर ही रात्रि विश्राम करेगें।नियमानुसार कल सुबह मिश्रित आएगे।ये स्नान लोगे के समझ मे नही आया।कि एक दिन पहले क्यो शाही स्नान हो गया।

### विधायक और नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह ने मेला द्वार का फीता काटकर किया उद्घाटन

विश्वविख्यात होली परिक्रमा मेला आदि काल से इस धार्मिक मेले का उद्घाटन मेला अध्यक्ष जिलाधिकारी द्वारा मेला द्वार का फीता काटकर शुभारंभ किया जाता था।

परन्तु इस बार भारत निर्वाचन आयोग व्दारा आचार्य संहिता प्रभावी होने के कारण जिलाधिकारी नें मेला द्वार का उद्घाटन नही किया।जबकि जिलाधिकारी ने सीताकुंड तीर्थ व तहसील का भम्रण किया।पर मेले का शुभारंभ नहीं किया।इसकी चर्चाएं होती रही।जिससे क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव व बबलू सिंह ने मेला द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया।

और ढोल नंगाडा बजाएते हुऐ।नगरपालिका तक सभी लोग पहुंचे।जिसमे सासंद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी,तीर्थ पुजारी राहुल शर्मा,प्रदीप सिंह,सभासद गण,समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेण्डी में डीपीएमआर कैंप का किया गया आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लहरपुर सीतापुर ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में जीएलआरए इंडिया के तत्वाधान में डीपीएमआर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में पीएमडब्ल्यू संजय वर्मा द्वारा सेल्फ केयर किट, एमसीआर फुटवियर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर सुनील वर्मा ने कुछ रोगियों को साफ सफाई के बारे में जागरुक किया तथा कुष्ठ रोग ग्रसित 15 रोगियों को जी एल आर ए इंडिया द्वारा सेल्फ केयर किट व एमसीआर फुटवियर प्रदान की गई। इस मौके पर उन्होंने कुष्ठ के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कुष्ठ रोग के नए मामलों का पता लगाने और पूर्ण उपचार करने के लिए जागरूक किया। पीएमडब्ल्यू संजय वर्मा ने घरेलू संपर्क करने, कुष्ठ रोग का पता लगाने और समय पर उपचार पूरा करने के लिए सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा की भागीदारी को सुनिश्चित करने पर जोर दिया, उन्होंने विकलांगता निवारण और चिकित्सा पुनर्वास सेवाओं को मजबूत करने व समुदाय में सूचना शिक्षा और संचार को बढ़ावा देने के लिए उपस्थित लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर जी एल आर ए इंडिया के आदित्य दीक्षित तथा प्रतिभा मिश्रा सहित लाभार्थी उपस्थिति थे।

# ओम शांति स्पेशल रीडिंग एकेडमी में मनाया गया वार्षिकोत्सव

## वार्षिकोत्सव में नौनिहालों ने दिखाई अपनी अपनी कलाकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** मधुवन विहार कालोनी सीतापुर स्थित ओ.एस एस आर एकेडमी में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया, इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसके जरिए सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया गया मधुवन विहार कालोनी हबीबपुर सीतापुर स्थित स्कूल में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना से हुआ। इसके पश्चात छात्रों के कार्यक्रम में रोबोटिक डांस, लाइफ एक्ट, आत्म विश्वास की कहानी,कामेडी शो समेत कई शानदार प्रस्तुती पेश की गई । स्वच्छ पर्यावरण एक्ट के जरिए पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक किया,साथ ही छोटे- छोटे बच्चों के द्वारा पेश किया गया सीता स्वयंवर का दृश्य देख कर लोग चकित रह गए,मंच का संचालन सुरेन्द्र कांत मौर्य के द्वारा किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षाविद अजय वर्मा ने कहा कि बच्चों ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को भारतीय इतिहास एवं महापुरुषों के बारे में विस्तार से बताया जाए, ताकि वे उन महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें,विशिष्ट अतिथि रामऔतार मौर्य ने बच्चों को बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की अपील की,कार्यक्रम समापन के समय कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर प्रधानाचार्य रजनीश मौर्य,उप प्रधानाचार्य सोनी सिंह,सहायक अध्यापक योगिता अग्निहोत्री, प्रिंसी गुप्ता, उपासना श्रीवास्तव,रीना पाल,नैंसी चौरसिया,दुर्गा राठौर गुड़िया,माही तिवारी,सहित सैकड़ों अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।

# पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार सोनू मिश्रा सहित कई लोगो पर लगे गंभीर आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महमूदाबाद,सीतापुर ।** तहसील महमूदाबाद के विकासखंड व थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत अटौरा गांव तिवारी पुर जाने वाला मार्ग रामपुर मथुरा से टिकटा होकर गोंदहा तिवारी पुर के पास स्थित उत्तर दिशा में गाटा संख्या 935 गणेश पुत्र राम किशोर तिवारी मृतक मिथलेश कुमारी पत्नी रामकिशोर तिवारी ने बताया की हम चार लोगो का हिस्सा था जिसमे हम दो हिस्सा बेच दिए है सुमन पत्नी सुंदर प्रदीप पुत्र सुरजलाल लिलई पुर के नाम है पीड़ित ने यह भी बताया है कि मेरे एक भाई ने पहले ही बेंच दिया था गांव के रहने वाले सोनू मिश्रा पुत्र राजितराम, मंदीप मिश्रा, कुलदीप मिश्रा तिवारीपुर को अब दबंगई दिखा रहे है इधर नही उधर जमीन लेंगे सुमन ने बताया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रहते थे समस्या होती थी आने जाने तो किसी तरह मजदूरी करके पैसे इक्कठा किया तब गणेश और उनकी मां की जमीन रोड से थी घर बनाने को लेकर लिया है कब्जा भी था पर विपक्षी आदि ने हमको परेशान कर रखा है जबकि



बैनामा में फोटो भी लगा है जब खरीदा था तब खेत में सरसों और जानवरों का चारा बोया था उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है बार बार पैमाइस करने के लिए आदेश होते है जबकि एक बार आदेश हो गया था और लेखपाल पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में लेखपाल जानबूझकर हमारे खेत तरफ नाप जोख करते है पीड़ित ने बताया है कि हम गरीब है इसलिए मेरी कही सुनवाई नहीं होती है जबकि भाजपा सरकार का दावा है कि गुंडई दबंगई करने वालो पर सख्त कार्यवाही हो किसी गरीब के साथ अन्याय न हो वही अधिकारी कर्मचारी सरकार को झूठा साबित करने में लगे हैं पीड़ित यह भी बताया कई बार अधिकारियों को लिखित शिकायत कर चुके है जबकि बैनामा है मेरे पास फिर भी हम गरीब को ही प्रताड़ित किया जा रहा है इस प्रकरण को लेकर जब क्षेत्रीय लेखपाल नरेंद्र कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की वही कार्यवाही किए है जो राजस्व विभाग से सम्बन्धित है जो आदेश उच्च अधिकारियों द्वारा मिलेगा वैसे ही कार्य करेंगे अब देखना यह है की पीड़ित को न्याय मिलता है या फिर सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाता रहेगा। या पीड़ित व्यक्ति न्याय पाने के लिए भाजपा सरकार में दर-दर की ठोकरे खाता रहेगा या उसको न्याय भी मिलेगा।

# इफको कंपनी द्वारा किसान सभा का किया गया आयोजन




**बिसवां ,सीतापुर ।** इलाके के ग्राम मूरतपुर में इफको द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री शिव चंद्र शुक्ला द्वारा मिट्टी परीक्षण के आधार पर संतुलित प्रयोग हेतु जैव उर्वरक एवं जल विलय उर्वरक ,रासायनिक उर्वरक एवं नैनो उर्वरक के संतुलित अनुपात में उपयोग के बारे में बताया गया। इफको नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी की प्रयोग विधि इससे होने वाले लाभ तथा प्रयोग करते समय क्या सावधानी रखनी है के बारे में विस्तार से बताया। तथा गन्ने की खड़ी फसल में नैनो यूरिया का प्रयोग 45 से 50 दिन पर 4 मिली लीटर प्रति लीटर पानी यानी पंद्रह लीटर की एक टंकी में नैनों यूरिया की बोटल की ढाई ढक्कन की दर से प्रयोग करने के बारे में किसानो को जागरूक किया। उन्होंने कहा नैनो यूरिया के प्रयोग से फसल में रोग, कीट, कम लगते हैं तथा नैनो डीएपी की 5द्वद्य प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज शोधन किया जाता है तथा खड़ी फसल में 35 से 40 दिन पर 4द्वद्य प्रति लीटर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने पर फसल में होने वाली अधिक लागतों को कम किया जा सकता हैं। कार्यक्रम में केन्द्र प्रभारी पवन श्रीवास्तव एवं प्रतिनिधि इफको एम सी मृत्युंजय वर्मा गन्ने व मेंथा में कीट व्याधि नियंत्रण हेतु इफको एमसी के उत्पाद , सिंजेंन, सिरासागी आदि के उपयोग के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम में एफ.डी. विमल कुमार वर्मा व लगभग 70 किसान ने प्रतिभाग किया।

# स्वच्छ भारत अभियान को धरातल पर लागू करते बीडीओ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिसवां ,सीतापुर ।** सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को खण्ड विकास अधिकारी सुमित सिंह ने धरातल पर उतारने के लिए कमर कस ली है।उन्होंने जुम्मेदारों से दो टूक कहा ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गांव तक नालिया साफ सुथरी हो और कूड़ा कचरा न जमा होने पाये। इसकी शुरुआत उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय से शुरु की।बताते चले खण्ड विकास अधिकारी सुमित सिंह बलरामपुर जनपद से स्थान्तरित् होकर आये है।उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय के अंदर बनी नालियां जो मिट्टी और कूड़ा करकट से पटी थी। मुख्यालय के अंदर के कूड़ा करकट की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर सफाई के लिए जुम्मेदारों को आड़े हाथो लिया था ।जिसके चलते आज सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश श्रीवास्तव के परिवेक्षण मे लगभग एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों की टीम को ब्लाक के अंदर युद्ध स्तर पर सफाई के लिए लगाया गया । तत्पश्चात सफाई कार्य मे लगे कर्मचारियों द्वारा की जा रही सफाई का खण्ड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी द्वारा निरीक्षण भी किया गया। पूरे परिसर को स्वच्छ व साफ रखने के लिए नियमित सफाई के लिए निर्देशित किया गया है।अब सवाल यह उठता है कि जब ब्लाक मुख्यालय की नालियों का यह हाल है तो गावों की नालियों और सफाई का क्या हाल होगा यह सहज हि अनुमान लगाया जा सकता है।फिलहाल गावों मे बज बजाती नालियों और गंदगी पर उनकी नजर कब पड़ेगी यह भविष्य मे देखने को मिलेगा।

# वार्षिक क्रीड़ा समारोह कार्यक्रम हुआ संपन्न



**महमूदाबाद, सीतापुर।** नगर स्थित जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉश्र अम्मार रिज़वी शामिल हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। 200 मी0 दौड़ में छात्रा नैन्शी वर्मा ने प्रथम, कल्पना वर्मा ने द्वितीय और शिवानी वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तो वहीं गोला फेंक में प्रथम स्थान छात्रा शिखा देवी ने प्राप्त किया वहीं दूसरा स्थान शिवांशी गौतम व तृतीय स्थान मान्सी राज ने प्राप्त किया। वहीं छात्राओं की 800 मी0 दौड़ में नैंसी वर्मा ने प्रथम,अंकिता वर्मा ने द्वितीय और गरिमा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्र वर्ग की 800 मीटर दौड़ में नीरज वर्मा प्रथम आए तो वहीं विवेक सिंह द्वितीय स्थान पर आए और दिवाकर पाल ने तृतीय स्थान अपने नाम किया।गोला फेंक छात्र वर्ग में अमित सिंह प्रथम ,शिवम द्वितीय और आदित्य कुमार चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी,चंद्र भूषण शुक्ला,मोहन बारी व संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। संचालन शरद मिश्रा ने किया।